दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित




बारूद के ढेर पर अगरबत्ती सुलगाती राजनीति

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार

धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।



वर्ष: 02 | अंक: 260 | गाजियाबाद, 06 जुलाई, बुधवार 2022 | गाजियाबाद से प्रकाशित | मूल्य 1 रूपए | पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

**राजनीति** लोकल से ग्लोबल बन रहा यूपी, अपने अतिथियों को भेंट में ओडीओपी उत्पाद ही देते हैं सीएम योगी

## काशी पहुंचे योगी आदित्यनाथ, पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

पहल टुडे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज काशी पहुंचे हैं। आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ का दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब गुरुवार को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और इससे जुड़े अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए हैं। काशी पहुंचने के बाद योगी आदित्यनाथ सबसे पहले बाबा विश्वनाथ धाम पहुंचे और वहां विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम स्थलों का भी दौरा किया जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाना है। योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का भी निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी की यह पहली वाराणसी की यात्रा होगी। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी से ही सांसद हैं।

### 1800 करोड़ रुपए से अधिक का तोहफा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और इस दौरान वह 1800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचों को दुरुस्त करने और जीवन को सुगम बनाने से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री अपराह्न दो बजे एलटी कॉलेज, वाराणसी में अक्षय-पात्र मध्याह्न भोजन रसोईघर का उद्घाटन करेंगे। इसकी क्षमता एक लाख विद्यार्थियों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मोदी दो बजकर 45 मिनट पर इंटरनेशनल कोऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर- रुद्राक्ष- का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन करेंगे।



### योगी आदित्यनाथ पार्ट 2 के 100 दिन

आपको बता दें कि सोमवार को योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। खुद योगी आदित्यनाथ ने अपने 100 दिन को लेकर एक संवाददाता सम्मेलन किया और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। अपनी इस शुरूआती कार्य अवधि का ब्योरा पेश करते हुए कहा कि ये शुरूआती 100 दिन सेवा, सुरक्षा और सुशासन के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो कहा सो किया के इस परंपरागत अभियान को आगे बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा काम किया है। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने हमें जो दूसरा कार्यकाल दिया है उसमें हम एक नई उड़ान के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे मंत्रिमंडल ने सबसे पहला कार्य ऐसे 10 सेक्टर चुनने का किया, जिन पर हम व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने की कार्य योजना को आगे बढ़ा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने भारत की पाक नीति को आकार दिया : जयशंकर

पहल टुडे

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि सीमापार आतंकवाद को सामान्य स्थिति के रूप में स्वीकार नहीं करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता ने वर्ष 2014 के बाद से भारत की पाकिस्तान नीति को आकार देने में मदद पहुंचायी। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक समारोह को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि विदेश में प्रधानमंत्री मोदी सर्वोत्कृष्ट भारतीय माने जाते हैं और उनकी कूटनीति को लेकर उनकी सहजता ने उन्हें दुनिया के देशों एवं उनके नेताओं के साथ सम्पर्क बनाने में मदद की।

जयशंकर ने पुस्तक मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलिवरी में अपने लिखे एक अध्याय को पढ़ा और कहा, जब मैं उनसे (प्रधानमंत्री मोदी) वर्ष 2011 में चीन में मिला था, तब मैं राजदूत था। दूसरे मुख्यमंत्रियों के विपरीत उन्होंने खास तौर पर राजनीतिक ब्रीफिंग देने को कहा। उन्होंने कहा, मुझे उनका (मोदी) इस बात के महत्व को रेखांकित करना याद आता है कि आतंकवाद और संप्रभुत्ता के मुद्दे पर, हमें विदेश में, खासतौर से चीन में, एक स्वर में बोलने की जरूरत है।




## राष्ट्रपति कोविंद ने हिमंत बिस्व सरमा को फोन कर बाढ़ के मौजूदा हालात की जानकारी ली

पहल टुडे

गुवाहाटी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को फोन कर राज्य असम में बाढ़ के मौजूदा हालात की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्रपति का फोन आने से सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने असम में बाढ़ की स्थिति और बचाव व राहत कार्य की जानकारी ली। सरमा ने ट्वीट किया, उनके द्वारा व्यक्त की गई चिंता के लिए बहुत आभारी हूं। यह बाढ़ से निपटने में हमारे मनोबल को बढ़ाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भी सरमा को फोन पर असम में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। गौरलतब है कि असम भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। बाढ़ के कारण अबतक करीब 180 लोगों की जान जा चुकी है जबकि 90 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।




## योगी सरकार को कुछ ताकतें पीछे से चला रही हैं : अखिलेश यादव

पहल टुडे

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को कुछ ताकतें पर्दे के पीछे से चला रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के मौजूदा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा स्वास्थ्य विभाग में किए गए तबादलों पर सवाल उठाए जाने का जिक्र करते हुए कहा, उप मुख्यमंत्री लखनऊ छोड़कर गए और वापस आए तो उन्हें पता लगा कि उनसे पूछे बगैर स्वास्थ्य विभाग में तबादले कर दिए गए। यह वही उपमुख्यमंत्री हैं जिन्होंने सरकारी अस्पताल में सबसे ज्यादा छापेमारी की लेकिन तमाम कमियां मिलने के बावजूद अगर उन्होंने किसी पर भी कार्यवाही की हो, तो बता दीजिए।



इसका मतलब यह है कि सरकार को कोई पीछे से चला रहा है। इस सवाल पर कि आखिर पीछे से कौन सरकार चला रहा है, यादव ने कहा, उपमुख्यमंत्री का जो पत्र आया है कि किसके कहने से तबादले हुए हैं, लगता है सरकार में कुछ ऐसी ताकतें हैं जो पीछे से ऑपरेट कर रही हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में हाल में हुए तबादलों पर आपत्ति दर्ज करते हुए इस सिलसिले में सोमवार को विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखते हुए नाराजगी जताई थी और कहा था कि तबादलों में नियमों का पालन नहीं किया गया।

आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के हाल में हुए उपचुनाव में सपा की पराजय के बारे में पूछे जाने पर अखिलेश ने आरोप लगाया, हमें पार्टी संगठन पर पूरा भरोसा है लेकिन यह नहीं मालूम था कि अधिकारी मतदाताओं को वोट नहीं डालने देंगे, पैसे बंटवाएंगे, पार्टी के मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से जानबूझकर काट देंगे। उपचुनाव में प्रचार के लिए खुद के नहीं जाने का कारण स्पष्ट करते हुए यादव ने कहा कि दोनों क्षेत्रों के सपा पदाधिकारियों ने भरोसा जताया था कि उन्हें जीत हासिल हो जाएगी। उन्हें प्रचार के लिये आने की जरूरत नहीं है।

यादव ने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए बताया कि सपा का सदस्यता अभियान लगातार चलता रहेगा। कोशिश होगी कि सपा गांवों में ज्यादा से ज्यादा पहुंचे, हर घर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता पार्टी की बात, पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी लेकर जनता के बीच रहेंगे। यादव ने कहा कि इस बात को लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है कि लोकतंत्र बचाने के लिए समाजवादी पार्टी के लोग आगे आ रहे हैं, इसलिए इसमें सहयोग करें और इसके साथ जुड़ें। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि पार्टी ने अभी यह तय नहीं किया है कि कितने सदस्य बनाए जाएंगे।

सपा शहर, गांव और घर तक पहुंचने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान खत्म होने के बाद संगठन का पुनर्गठन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिनों की उपलब्धियों के सवाल पर आरोप लगाया, सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यूपी दरोगा भर्ती में बहुत बड़े पैमाने पर धांधली हुई।

## एकनाथ शिंदे ने वीर सावरकर को किया नमन, बोले- हम सभी का सम्मान कर हिंदुत्व को बढ़ाएंगे आगे

**महाराष्ट्र** में राजनीतिक उठापटक के बाद एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के 40 विधायकों ने बगावत किया था जिसके बाद महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन हुआ। मुख्यमंत्री बनने के बाद सोमवार को एकनाथ शिंदे ने दादर इलाके के शिवाजी पार्क में शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी और कहा था कि उनकी सरकार आम आदमी की सरकार है। इसके बाद आज एकनाथ शिंदे ने वीर सावरकर को नमन किया। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां स्वतंत्र वीर सावरकर जी को नमन करने आया हूं, हम लोग बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व को आगे लेकर जा रहे हैं और हमारी सरकार आम लोगों की सरकार है, हम सभी का सम्मान कर हिंदुत्व को आगे बढ़ाएंगे

## योगी सरकार का 100 दिन का कार्यकाल निराशाजनक : मायावती

पहल टुडे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती ने मंगलवार को निशाना साधा हैं। बसपा नेता ने ट्वीट कर कहा, यूपी भाजपा सरकार ने 100 दिन के कार्यकाल का काफी जश्न मना लिया किन्तु गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई आदि की ज्वलन्त समस्याओं को दूर करने, कानून-व्यवस्था बेहतर बनाने, सभी जाति व धर्मों में आपसी भाईचारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द पैदा करने के मामले में इनका कार्यकाल उदासीन व अति-निराशाजनक है।



गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सोमवार को अपने दूसरे कार्यकाल के शुरूआती 100 दिनों में किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया था। मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर यहां संवाददाता सम्मेलन में अपनी इस शुरूआती कार्य अवधि का ब्यौरा पेश करते हुए कहा था कि यह शुरूआती 100 दिन सेवा, सुरक्षा और सुशासन के प्रति समर्पित रहे। सरकार ने जो कहा सो किया के इस परंपरागत अभियान को आगे बढ़ाते हुए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा काम किया है।

## नुपुर शर्मा विवाद भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को बढ़ाने की साजिश: ममता

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नुपुर शर्मा विवाद भाजपा की समाज को बांटने की नीति को बढ़ावा देने की साजिश है। उन्होंने कहा कि भाजपा की निलंबित प्रवक्ता को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और किसी को आग से नहीं खेलने देना चाहिए। एक टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट के माध्यम से फर्जी खबरें और वीडियो प्रसारित करवा रही है। उन्होंने कहा, नुपुर शर्मा विवाद पूरी तरह साजिश है। यह भाजपा की नफरत वाली और बांटने वाली नीति को बढ़ाने की साजिश है।

## अखिलेश का साथ नहीं छोड़ेंगे राजभर

### बोले- 2024 के चुनावों में रहूंगा साथ, योगी सरकार ने नफरत फैलाने का किया काम

पहल टुडे

बलिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सोमवार को कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में वह समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ ही रहेंगे। उन्होंने राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए कहा कि योगी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में भाजपा ने सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है। राजभर ने सोमवार को जारी एक बयान में स्पष्ट किया कि वह 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सपा अध्यक्ष के साथ ही रहेंगे।



उन्होंने इसके साथ ही कहा कि यादव ही आम चुनाव में प्रदेश में विपक्ष का इंजन होंगे। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश की जनता आम चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने सुझाव दिया है कि अखिलेश यादव के साथ ही उनकी पार्टी के सभी नेताओं को क्षेत्र में निकलना होगा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सपा का सहयोगी दल है। राजभर ने रविवार को कहा था, आखिर सपा और बसपा गरीबों और वंचितों का शुभचिंतक बनने की बात कहकर उनके साथ छल क्यों कर रही हैं। मेरा मानना है कि अगर वे दोनों गरीबों की ही लड़ाई लड़ रही हैं तो फिर वे अलग अलग रहकर चुनाव क्यों लड़ रही हैं?

राजभर ने रविवार को पीटीआई- से कहा था, सपा और बसपा की आपसी लड़ाई की वजह से गरीबों और वंचित वर्ग के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें साथ मिलकर अगला लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। यह मेरी उन्हें सलाह है। राजभर की पार्टी सुभासपा ने हाल के विधानसभा चुनाव में सपा से गठबंधन कर लड़ा और छह सीटों पर जीत हासिल की। राजभर ने योगी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि योगी सरकार के 100 दिन के कार्यकाल में भाजपा ने सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है।

## राहुल गांधी का बयान गलत संदर्भ में दिखाने का मामला, टीवी एंकर को गिरफ्तार करने पहुंची छत्तीसगढ़ पुलिस

गाजियाबाद (उप्र)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाते हुए एक समाचार प्रसारित करने के मामले में टेलीविजन समाचार प्रस्तोता रोहित रंजन को उनके घर से गिरफ्तार करने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस का एक दल मंगलवार सुबह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद पहुंचा। इस बीच, रंजन ने दावा कि उन्हें गिरफ्तार करने आई कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ की पुलिस ने पहले स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना देने के कानून का पालन नहीं किया। एक निजी समाचार चैनल के प्रस्तोता रंजन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य की पुलिस को टैग करते हुए ट्वीट किया, छत्तीसगढ़ पुलिस स्थानीय पुलिस को जानकारी दिए बिना मुझे गिरफ्तार करने के लिए मेरे घर के बाहर खड़ी है, क्या यह कानूनन सही है? राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाने के मामले में रंजन के खिलाफ रायपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हुआ यूपी

### मेडिकल कॉलेजों में 30 करोड़ और खर्च कर इंस्टाल कराए जा रहे प्लांट

पहल टुडे

लखनऊ। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुहिम का असर दिखने लगा है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर सेवाओं में भी वृद्धि हो रही है। प्रदेश अब ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो चुका है। इतना ही नहीं, जनवरी तक मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता तिगुनी हो जाएगी। सरकार की ओर से मेडिकल कॉलेजों में 30 करोड़ रुपए और खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट इंस्टाल कराए जा रहे हैं।

सीएम योगी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पिछले पांच सालों में युद्ध स्तर पर कार्य किए हैं। सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के क्षेत्र में दुगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। इसी के मद्देनजर एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की नीति पर कार्य किया जा रहा है। योगी 2.0 के सौ दिनों में संभल और महराजगंज जिले में दो मेडिकल कॉलेजों से एमओयू भी किया जा चुका है और जल्द ही दो अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेजों का एमओयू होने जा रहा है।




वैश्विक महामारी कोरोना में ऑक्सीजन की मांग सबसे अधिक देखी गई थी। जनवरी 2021 में मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता 241 किलो लीटर थी, जिसे ढाई गुना बढ़ाकर 624 किलो लीटर कर दिया गया है। यही नहीं, अगले साल जनवरी तक 820 किलो लीटर तक और बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा हर मेडिकल कॉलेज में 20 किलो लीटर का टैंक अनिवार्य कर दिया गया है। अब मेडिकल कॉलेजों में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की किल्लत नहीं होगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी के निदेर्शानुसार मेडिकल कॉलेजों में ऑक्सीजन की उपलब्धता दुगुनी कर दी गई है। इसे और बढ़ाकर जनवरी तक तिगुना कर दिया जाएगा। इसके अलावा हर मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन टैंक अनिवार्य कर दिया गया है।

## भूमि अधिग्रहण की गति आंकने के बाद ही बुलेट ट्रेन की समयसीमा तय होगी : आरटीआई

पहल टुडे

ठाणे। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई-स्पीड रेल मार्ग का निर्माण पूरा करने की समयसीमा महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण में हुई देरी और कोविड-19 के असर के आकलन के बाद ही तय की जा सकेगी। रेलवे अधिकारियों ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह बात कही है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच हाई-स्पीड रेल मार्ग के निर्माण से जुड़ी परियोजना को बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के नाम से जाना जाता है। ठाणे के एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दाखिल आवेदन पर नेशनल हाई स्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को जवाब दिया।

एनएचएसआरसीएल ने कहा कि एक विशेष प्रयोजन वाहन बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट0 का संचालन कर रहा था और परियोजना को पूरा करने के लिए साल 2023 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। हालांकि, एनएचएसआरसीएल ने बताया कि रेल मार्ग को यात्रियों के लिए खोलने की समयसीमा कोविड-19 और उसकी रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के असर के अलावा महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण की गति को आंकने के बाद ही निर्धारित की जा सकेगी। एनएचएसआरसीएल के जवाब के मुताबिक, वन्यजीव, तटीय विनियमन क्षेत्र और वन जैसे मुद्दों से जुड़ी वैधानिक मंजूरी प्राप्त हो चुकी है और 1.10 लाख करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना पर अब तक कुल 26,872 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

जवाब के अनुसार, ह्लसभी 297 गांवों का संयुक्त माप सर्वेक्षण (जेएमएस) पूरा कर लिया गया है। लगभग 1,396 हेक्टेयर की कुल आवश्यक भूमि में से 1,248 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया जा चुका है। रास्ते में आने वाले कुल 1,651 प्रतिष्ठानों में से 1,506 को स्थानांतरित कर दिया गया है ह्व आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि गुजरात, दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव में 352 किलोमीटर की दूरी पर सिविल कार्य दिसंबर 2020 में शुरू हो चुका है। 508 किलोमीटर लंबे हाई-स्पीड रेल गलियारे में 12 स्टेशन होंगे, जिनमें मुंबई (बीकेसी), ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद/नाडियाड, अहमदाबाद और साबरमती शामिल है।

# उप जिला अधिकारी अरविंद द्विवेदी ने पौधे लगाएं



पहल टुडे / असजद चौधरी

हापुड़-गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में अग्रणी शिक्षा के मंदिर देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के दौरान सप्ताह के दौरान स्कूल तथा क्षेत्र के विभिन्न स्थानो पर पौधारोपण किया वही उपजिलाधिकारी अरविंद द्विवेदी ने शाहपुर चैक पोस्ट पर बने तालाब पर देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने भी पोधे लगाए जिसके द्वारा हरियाली से ही जीवन में खुशहाली है वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ सरकार के नारे को सार्थक करते हुए वृक्षारोपण अभियान के साथ स्कूली बच्चों से स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण कराते हुए कहा कि वृक्ष इंसान के जीवन में संतान का काम करते हैं इसलिए इंसान को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए और उसको अपने बच्चे की तरह सिंचित करना चाहिए। वन महोत्सव सप्ताह को सफल बनाने को लेकर सरकार के द्वारा 5 जुलाई को पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प है। जिसमें हम सबके भागीदारी जरूरी है। वृक्ष धरा का श्रृंगार है। वृक्ष ही मनुष्य के जीवन का आधार है। इस मौके पर शाहपुर प्रधान विपिन सिंधु ग्राम प्रधान ढाना नीरज राणू आदि लोग मौजूद रहे

# राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश श्रीमती रजनी तिवारी जी द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया

- जीवन का आधार वृक्ष है धरती मां का श्रंगार वृक्ष है।
- प्राण वन देते सभी को ईश्वर का अनूप उपहार वृक्ष है ।मा० राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश श्रीमती रजनी तिवारी जी।
- जनपद में 10.30 लाख पौधों का रोपण।जिलाधिकारी जसजीत कौर
- बेसिक शिक्षा की अधिक अध्यापिका द्वारा पर्यावरण की थीम पर आधारित भव्य रंगोली बनाई गई

पहल टुडे / साजिद खान



आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में जिला वृक्षारोपण समिति शामली के तत्वाधान में वृक्षारोपण जन आंदोलन- 2022 कार्यक्रम का आयोजन शक्ति वन,पुलिस लाइन पूर्वी यमुना नहर शामली निकट रामगढ़ गांव के पास किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में मा0 राज्य मंत्री उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश श्रीमती रजनी तिवारी जी व राज्य स्तर से नोडल अधिकारी श्रीमती रितु महेश्वरी सी०ई०ओ० नोएडा, सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।वहीं हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं द्वारा नृत्य कर पर्यावरण का संदेश दिया।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों का पौधा भेंट सम्मानित किया गया।जनपद में आयोजित वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा० राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश श्रीमती रजनी तिवारी जी द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि वृक्षारोपण का कार्यक्रम वाकई अद्भुत है, जिसको आज त्यौहार के रूप में प्रदेश के साथ-साथ जनपद शामली भी मना रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 के तहत निर्धारित 35 करोड़ के सापेक्ष 03 दिन के अभियान में आज पूरे प्रदेश में 25 करोड़ करोड़ पौधों का रोपण किया जा रहा है,वही जनपद शामली में 14 लाख से अधिक पौधों का रोपण जन सहभागिता को जोड़ते हुए पूरे हर्षोल्लास के साथ हो रहा है ।मा० मंत्री जी ने अपने संबोधन में जीवन में वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है,क्योंकि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है ।आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रजनी तिवारी जी ने विभिन्न प्रजाति के पौधों यथा नीम,पीपल, जामुन,एवं अन्य छायादार वृक्षों के बारे में बताया और कहा कि यह वृक्ष छाया देने के साथ-साथ ऑक्सीजन भी देते हैं,वहीं उनके द्वारा तुलसी,एलोवेरा पौधों की उपयोगिता को भी बताया।

फास्ट ट्रैक

# समाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू ने किया ग्राम सभा में वृक्षारोपण



दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई

गौसगंज - हरदोई/शासन की मंशानुसार आज प्रदेश में वृहद वृक्षारोपण अभियान चल रहा है, जिसके तहत विकास खण्ड कछौना क्षेत्र ग्राम सभा गौसगंज में समाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू के द्वारा वृक्षारोपण कर शुभारम्भ किया गया, ग्राम सभा मे निर्धारित लक्ष्य ( दस हजार ) है जिसको ( शीतला माता मंदिर ) के परिसर में और विद्यालय, नदी के के किनारे, अभिलेखों में दर्ज ( दस बिस्वा ) वन विभाग की जमीन के प्रांगण व खेल मैदान में लगवाये जायेगे यह संकल्प समस्त ग्राम वासी का होगा प्रत्येक व्यक्ति एक पेड़ लगाकर सुरक्षित रखने की शपथ ले और ग्राम सभा को सुंदर ,स्वच्छ, हरा बनायेगे।इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू, डा0 अविनाश कुमार, डा0 आनंद कुमार, रोहित कुमार, दिनेश सहित कई लोग उपस्थित रहे !!

# तिलहर में दो अफीम तस्कर गिरफ्तार :मोटरसाइकिल से करते थे दो दोस्त अफीम की सप्लाई, झारखंड से ट्रेन में बैठ कर आराम से लाते थे अफीम

**तिलहर** जैतिपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। 1 किलो 360 ग्राम अफीम के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार। आरोपी झारखंड से ट्रेन में बैठ कर अफीम लाते थे। सप्लाई करने के दौरान पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल का प्रयोग करते थे।जैतीपुर पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हासिल हुई जब उन्होंने दो अफीम तस्करों को अफीम और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।झारखंड से अफीम लाकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने वाले दो अफीम तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।अफीम तस्कर मोटरसाइकिल का माल सप्लाई करने के दौरान करते थे उपयोग जिससे कि पुलिस की पकड़ से बचे रहें ।थानाध्यक्ष ने बताया- घेर कर पकड़ा अफीम तस्करों कोथानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों का जाल थाना क्षेत्र के गांव भरई के तिराहे पर फैला दिया। जैसे ही सामने से मोटरसाइकिल आती दिखाई दी उसे रोक लिया और उस पर बैठे हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली।मोटरसाइकिल सवार युवकों के पास से 1 किलो 360 ग्राम अफीम बरामद हुई। अफीम बरामद होने के बाद दोनों युवकों को मोटरसाइकिल सहित थाने लाया गया और उनके खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया।झारखंड से ट्रेन में लाते थे अफीम, फिर बाइक पर घूमकर बेचते थेगिरफ्तार किए गए युवकों की शिनाख्त प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र राकेश कुमार गुप्ता निवासी जैतीपुर तथा उदयवीर उर्फ बबलू पुत्र छविनाथ निवासी ग्राम करदोला जलालाबाद के रूप में हुई। पूछताछ करने पर दोनों ने खुलासा करते हुए बताया कि वह झारखंड से अफीम लाने के लिए सुरक्षित परिवहन के लिए भारतीय रेल का उपयोग करते थे और रेल में बैठकर आराम से अफीम के साथ जनपद में आ जाते थे। आसपास के क्षेत्रों में अफीम सप्लाई करने के लिए दोनों चालाक युवक अपने चाचा की मोटरसाइकिल का उपयोग करते थे। मुखबिर से मिली सूचना के बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया।

# सागररायपुर विद्यालय पर बच्चों ने दो सौ पौधों का किया वृक्षारोपण

- बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह और बीइओ फराह रईस रही मौजूद।
- प्रधानाध्यापक इंदू चन्द पाण्डेय समेत सभी अध्यापकों ने किया वृक्षारोपण।

पहल टुडे



भदोही। वृक्षारोपण जनान्दोलन के तहत मंगलवार को पूरे जनपद में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों की सहभागिता देखने को मिली। जनपद के सभी विद्यालयों पर शिक्षा विभाग के तरफ से वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। जहां पर बच्चों के साथ साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी और अध्यापकों ने भी वृक्षारोपण किया। और लगाये गये पौधों के संरक्षण करने की बात कही।

इसी क्रम में डीघ ब्लॉक के सागररायपुर विद्यालय पर भी 200 पौधों का पौधरोपण किया गया। जहां पर जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी फराह रईस के अलावा प्रधानाध्यापक इंदू चंद पाण्डेय समेत सभी शिक्षक और बच्चों ने भी पौधरोपण किया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि सभी बच्चों के नाम से पेड़ लगाया गया है। और सभी बच्चे अपने अपने पेड़ की देखभाल करें जिससे उनका लगाव पेडों से बना रहे। बीएसए ने कहा कि बच्चे भले ही विद्यालय से पढकर चले जायेंगे लेकिन जब पेड़ बडा होगा तो यह एक अलग अनुभव होगा। बीएसए ने सभी बच्चों को पेड़ लगाने और संरक्षित रखने की बात कही। प्रधानाध्यापक इंदु चंद पाण्डेय ने भी बच्चों वृक्षारोपण करने और उनके संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। मालूम हो कि सागररायपुर में बालवन भी बनाया गया। जहां पर बच्चों के देखरेख में पौधे बड़े होंगे। मंगलवार को पूरे जनपद में वृक्षारोपण को लेकर गर्मजोशी देखी गई। हर गांव में ग्रामीण और किसान तथा हर विभाग के लोग भी वृक्षारोपण में बढ चढकर सहभागिता की।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

पहल टुडे / असजद चौधरी

हापुड़-बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में एक युवक का कमरे में फंदे पर शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

संदीप (32) पुत्र कंछिद का सोमवार की दोपहर को अपने परिवार के साथ मौजूद था। लेकिन थोड़ा समय बीतने के बाद करीब 2 बजे वह अपने कमरे में पहुंचा और कमरे में कपड़े से फंदा लगाकर लटका मिला। जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, तो वह कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने उसको फंदे से नीचे उतारा और निजी चिकित्सक को दिखाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक ने ग्रह क्लेश के चलते फांसी पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त की है। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के आसपास जांच की, जिसके बाद कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है, प्रथम दृष्ट्या मामला फांसी का फंदे पर लटकर मौत होने का लग रहा है।

# स्याना से बहादुरगढ़ क्षेत्र में लाकर किशोरी से दुष्कर्म

पहल टुडे / असजद चौधरी

हापुड़-बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र के दो युवकों ने किशोरी को बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव में लाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया, जिसके बाद किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जनपद बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उल्लेख किया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी सुबह सात बजे घर से स्कूल के लिए तैयार होकर गई थी। इसी बीच पड़ोस में ही रहने वाले दो युवक बाइक पर सवार होकर उसकी बेटी का पीछा करते हुए स्कूल के पास पहुंच गए। युवकों ने किशोरी से कहा कि उसके पिता का सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। उनकी बात सुनकर उसकी बेटी उनके साथ बाइक पर बैठाकर अस्पताल के लिए चल दी। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक उसको बहादुरगढ़ क्षेत्र में अपनी रिश्तेदार के घर ले आए। जहां पर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। लेकिन विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी युवकों ने उसके साथ पूर्व में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया हुआ है, जिसकी वीडियो भी बनाई हुई है।



इसके अलावा आरोपी युवक उसकी वीडियो को वायरल करने की धमकी भी देते हैं। इस बात को पीड़िता किशोरी अपने घर में बताने से डरती है। पीड़िता ने बताया कि घटनास्थल पर किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए थे, वहीं परिजन भी मौके पर पहुंच गए और किशोरी के साथ थाने में पहुंचकर संबंधित घटना के मामले में तहरीर दी है

# कासना साइट-5 भौगोलिक रूप से तो ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आता है

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि सरकार के गठन के पहले सौ दिनों में ही प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। इससे प्रदेश में व्यापार के क्षेत्र में वृदधि होगी और भारी मात्रा में रोजगार पैदा होगा। लेकिन प्रदेश के कई विभाग बड़ी कंपनियों के लिए निवेश के लिए आवश्यक संसाधन न उपलब्ध कराकर मुख्यमंत्री के दावों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ कासना साइट-5 के औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कें खराब और टूटी-फूटी पड़ी हुई हैं। आवागमन के लिए लोगों को परेशानी हो रही है। सड़कों के बीच-बीच में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होते ही इनमें पानी भर जाता है जो हरदम किसी बड़े हादसे को न्योता देता रहता है। इसके बारे में अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक इसका कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इससे क्षेत्र की औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कासना साइट-5 भौगोलिक रूप से तो ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आता है, लेकिन विशेष औद्योगिक क्षेत्र के रूप में इसका निर्माण और देखरेख यूपीएसआईडीसी (वढरकऊउ) के माध्यम से किया जाता है। कासना के औद्योगिक कंपनियों ने कई बार सम्मिलित रूप से विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराई जाए, लेकिन तमाम आश्वासन मिलने के बाद भी इस क्षेत्र की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इस औद्योगिक क्षेत्र की यह लापरवाही उस स्थिति में हो रही है जब यहां देशी-विदेशी 200 से ज्यादा बड़ी कंपनियों के ऑफिस-निर्माण फैक्ट्रियां यहां पर बनी हुई हैं। खराब सड़कों के कारण कंपनियों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के सबसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में शुमार कासना साइट-5 की उचित देखरेख न हो पाने के कारण व्यापारियों ने अनुरोध किया था कि यहां की सड़कों की देखरेख का काम ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी को सौंप दिया जाए। शुरूआती दौर में इस पर कुछ सहमति बनी भी दिखी थी, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अधिकारियों की लापरवाही से औद्योगिक कंपनियों के लोग परेशान हैं, लेकिन उन्हें इस परेशानी का कोई हल दिखाई नहीं पड़ रहा है कासना औद्योगिक क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने अमर उजाला को बताया कि यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों को बार-बार सूचना देने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि कंपनियों के कामकाज के कारण यहां प्रतिदिन हजारों ट्रकों का आना-जाना लगा रहता है। कई अन्य कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी यहां आते रहते हैं। यहां की सड़कों की खराब स्थिति देखने के बाद औद्योगिक क्षेत्र के बारे में लोगों की नकारात्मक राय बन रही है। इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस दावे को भी चोट पहुंच रही है जिसमें उन्होंने यहां निवेश के लिए बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया था

# भदोही में शिक्षा विभाग के तरफ से 18 सौ पौधों का हुआ पौधरोपण

पहल टुडे



भदोही। वृक्षारोपण के तत्वावधान में जनपद भदोही में लगभग 1800 पेड़ का रोपण जिलाधिकारी आर्यखा अखौरी भदोही के नेतृत्व में किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत बालवन की स्थापना जनपद भदोही में तीन स्थानों पर कम्पोजिट विद्यालय लगानबारी सुरियावां, कम्पोजिट विद्यालय सागररायपुर ,डीघ और कम्पोजिट विद्यालय अलुआ, औराई में की गई। गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में बालवन वाले विद्यालयों और आसपास के विद्यालयों में 300-300 पेड़ों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण को जन आंदोलन का रूप देने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह जी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग की टीम की सक्रियता ने जनपद भदोही में दो हजार के सापेक्ष अट्ठारह सौ पेड़ रोपित किये गए। सभी गणमान्य की उपस्थिति में जन संदेश भी प्रवाहित किया गया कि पेड़ है तो हम हैं ।बिना पेड़ के न ही समय से वर्षा होगी , न ही शुद्ध वायु ही मिलेगा ।अतः आप सब पेड़ लगा कर अपनी संतान की भांति उसकी सुरक्षा व संरक्षा कीजिए। आप द्वारा रोपित पेड़ आपके नाम से ही जाना जाएगा। अपने बच्चों में भी पेड़ को रोपित करने के संस्कार को बलवती करना आप सबका परम्कर्तब्य होना चाहिए, संदेश दिया गया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गण, ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सदस्य, सेक्रेटरी, गणमान्य नागरिक एस आर जी ,ए आर पी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर और आसपास सुरक्षा के हाईटेक इंतजाम होंगे

**श्रीराम जन्मभूमि स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया फैसला**

पहल टुडे / देव बक्श वर्मा अयोध्या

अयोध्या। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की धर्म नगरी अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रही है ।मंदिर का निर्माण हो रहा है। 14 कोसी, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग रिंग रोड का निर्माण हो रहा है। इतना ही नहीं नव्य अयोध्या का विकास हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है। बिकास जिस रफ्तार से चल रहा है । असामाजिक तत्वों की निगाहें भी अयोध्या पर लगी है। ऐसे में अयोध्या की सुरक्षा का खाका बड़े पैमाने पर तैयार किए जाने की जरूरत भी है। अयोध्या में रामलला की सुरक्षा को लेकर रामजन्म भूमि स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक हुई है। जिसमें एडीजी सुरक्षा, एडीजी जोन, आईजी, डीआईजी, समेत कई विभागों के अधिकारियों व राम जन्म भूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा को लेकर मंथन हुआ। बैठक में तय हुआ कि राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या में बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की संख्या और रामलला की सुरक्षा व्यवस्था तकनीक के साथ की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। बैठक में तैयार सुरक्षा खाका का प्रस्ताव शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है।

अयोध्या में हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध होंगे। इसमें नयी तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। प्रयास रहेगा कि किसी भी तरह से अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा के लिहाज से असुविधा का सामना ना करना पड़े और राम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त बनी रहे। एडीजी जोन ने कहा कि रामलला के मंदिर की भी सुरक्षा बनी रहे इसको लेकर भी खाका तैयार किया गया है।

एडीजी सुरक्षा बी के सिंह ने कहा कि तीनों धार्मिक स्थल के लिए भारत सरकार के आदेश के साथ एक स्थाई समिति बनी है। मुख्यालय उत्तर प्रदेश के संयोजन में बैठक आहूत की गई । सभी धारक और सेंट्रल एजेंसी ने बैठकर मंथन किया है और एक फाइनल स्वरूप देने की कोशिश की गई है। राम मंदिर निर्माण के बाद सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी उसका क्या स्वरूप होगा इस पर मंथन किया गया है ।अयोध्या धार्मिक ऐतिहासिक पर्यटक और दार्शनिक नगरी हैं। पहले अयोध्या के विवाद के लिए माना जाता था किंतु राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या के विकास के साथ अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या का अलग ही महत्व है। ऐसे में अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी भी ना हो, सुख सुविधा उन्हें मिले रहने खाने की व्यवस्था हो तथा सुरक्षा के नाम किसी तरह का उत्पीड़न भी ना हो।

# कांवड़ यात्रा को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने तैयारिया शुरू

## रैपिड रेल निर्माण के साथ ही चलेगी कांवड़ यात्रा, रूट मैप तैयार, एनएच-58 से नहीं गुजरेंगे भारी वाहन

पहल टुडे / मुदिस्सीर अली



मेरठ में दिल्ली रोड पर चल रहे रैपिड रेल के कार्य को कांवड़ यात्रा के दौरान नहीं रोका जाएगा। एनसीआरटीसी ने बयान जारी कर व्यवस्था बनाने के लिए योजना बताई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने 14 से 26 जुलाई तक एनएच-58 पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। गाजियाबाद पुलिस ने इसके लिए बनाया रूट मैप बना लिया है14 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने तैयारियों को शुरू कर दिया है। दिल्ली रोड पर चल रहे रैपिड रेल के कार्य को नहीं रोका जाएगा। बैरिकेडिंग लगाकर कार्य को जारी रखा जाएगा। जिससे रैपिड रेल के कार्य के साथ-साथ कांवड़ यात्रा भी सुचारु रुप से चलाई जा सके। वहीं, ट्रैफिक मार्शल की सहायता से सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

वहीं कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने 14 से 26 जुलाई तक एनएच-58 पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस का दावा है कि ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों के साथ मीटिंग के बाद ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच करीब 12 दिन तक वाहनों को गाजियाबाद से मेरठ के बीच वाया हापुड़ निकाला जाएगा। एसपी ट्रैफिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि कांवड़ यात्रा को देखते जल्द ही रूट मैप जारी किया जाएगा कांवड़ यात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा रूटमैप तकरीबन तैयार किया जा चुका है। जिसमें सबसे पहले एनएच-58 हाईवे पर भारी वाहनों को लेकर सहमति बनाई गई है। हाईवे पर 14 जुलाई से भारी वाहन बंद होंगे। पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई से हाईवे पर कांवडियों की आवाजाही शुरू हो जाएगी ।पुलिस ने हरिद्वार की पुलिस से संपर्क साधा है। हरिद्वार से कांवडियों की संख्या को देखते मुजफ्फरनगर, मेरठ और गाजियाबाद पुलिस प्रशासन तैयारी में जुट गया है। भारी वाहनों के बाद छोटे वाहनों को लेकर भी पुलिस प्रशासन के अधिकारियों में मंथन हुआ है। गाजियाबाद पुलिस ने यह बनाया रूट मैप भारी वाहन दिल्ली से यूपी गेट होते हुए विजयनगर एनएच 24 पर आएंगे। यहां से डासना तिराहा, पिलखुवा, हापुड़ होते हुए साइलो पुलिस चौकी द्वितीय से किठौर और वहां से तेजगढ़ी चौराहे से सोहराबगेट बस स्टैंड पर पहुंचेंगे। यहां से जेल चुंगी होते हुए मवाना, रामराज, मीरापुर, जानसठ, सिखेड़ा, जानसठ बाईपास, भोपा बाईपास, पंचेड़ा बाईपास, रामपुर तिराहा, देवबंद से झबरेड़ा और हरिद्वार पहुंचेंगे। वापस लौटने वाले मार्ग में थोड़ा बदलाव होगा, इसका भी मैप जल्द जारी किया जाएगा ।मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद की होगी मीटिंगएडीजी मेरठ जोन राजीव सभरवाल ने मुजफ्फरनगर, मेरठ और गाजियाबाद के पुलिस कप्तानों को बुधवार को मेरठ बुलाया है। इस मीटिंग में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के साथ-साथ रूट पर मंथन होगा। हालांकि गाजियाबाद पुलिस ने पहले ही अपना रूट मैप अधिकारियों को भेज दिया है।

फास्ट ट्रैक

## पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति के लिए लगाए पौधे एसडीएम रामपुर मनिहारान ने किया शुभारंभ

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर क बड़गांव क्षेत्र के जड़ौदा पांडा गांव में स्थित पांडव वाला तालाब पर पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण का शुभारंभ किया गया है पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण जरूरी पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है इसलिए सभी को पौधा रोपण जरूर करना चाहिए ये बाते उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारन्न संगीता राघव ने बताईजड़ौदा पांडा मे पांडव वाला तालाब पर स्थित पौधारोपण कार्यक्रम मे कहा कि आज भी देश करोना की महामारी से जूझ रहा हैं पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पौधारोपण ही एक मात्र उपाय है पेड पौधो का हमारे जीवन में भूत ही महत्त्व है क्योंकि पेड़ पौधे पर्यावरण कोसूरक्षित रखने का काम करते है और साथ ही हमे जीवन जीने के लिए स्वच्छ वातावरण प्रदान करते है पेड़ो की अंधा धुंध कटाई से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है पौधारोपण मे एसडीएम रामपुर मनिहारान व ब्लाक प्रमुख ननोता चांदनी राणा ,बाबा नारायणदास इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट, स्वम सहायता समूह की महिलाए व मनरेगा से जुड़ी महिलाओ ने भाग लिया नीम,बरगद,जामुन, शिसम आमला अमरूद सागौन आदि के २१५० पौधे लगाए गए कार्यक्रम में भाग लेने वालो में बाबा नारायण दास इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार जी , एनसीसी के मेजर सुशील कुमार जी राजकुमार धीमान जी श्याम सिंह त्यागी ,मास्टर जीवन सिंह ,मास्टर सत्य प्रकाश जी महेश त्यागी आदि ने भाग लिया

## जिलाधिकारी ने अमृत सरोवर के किनारे लगाया सागौन का पौधा मुख्य विकास अधिकारी ने किया अमरूद का पौधा रोपित

सहारनपुर जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने जनपद में चल रहे वृक्षारोपण जनांदोलन कार्यक्रम के तहत विकाखण्ड पुंवारका की ग्राम पंचायत नल्हेडा बेद बेगमपुर स्थित कैच द रेन के तहत अमृत सरोवर के किनारे सागौन का पौधा रोपित किया। मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार द्वारा अमरूद का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर की स्वच्छता बनाकर रखी जाए। इसके दूसरे किनारे पर जल भराव की स्थिति देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि अमृत सरोवर के आस-पास गंदा पानी जमा न होने दिया जाए एवं इसके लिए डायवर्जन ड्रेन तैयार किया जाए। उन्होने संबंधित खण्ड विकास अधिकारी और ग्राम सचिव से पौधारोपण के लिए तैयार किये गये गडढों एवं खाद की जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने ग्रामवासियों से कहा कि इस अभियान में बढ-चढ कर हिस्सा लें और अधिक से अधिक पौधे रोपित करें। इसके बाद पौधों को संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी निभाएं। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी नीरू मलिक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासी और मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।



## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर की हुई विदाई समारोह



दैनिक पहल टुडे / जतिन शर्मा

सहारनपुर- सहारनपुर में साढ़े आठ महीने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर रहे आकाश तोमर का अब स्थांतरण एसपी गोंडा के पद पर हुआ। जिसके बाद सहारनपुर पुलिस लाइन स्थित बेल आउट कैफे में उनके विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे आकाश तोमर ने कहा कि मुझे जिले और इसके निवासियों की बहुत याद आएगी। यहां का यादगार अनुभव रहा। सहारनपुर पुलिस के सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं। जिसमे मौजूद रहे पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार,पुलिस अधिक्षक यातायात प्रेमचंद,सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर दित्तीय प्रीति यादव आईपीएस समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे

## पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल व भाई महमूद अली की कोठियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

पहल टुडे



सहारनपुर। जिले में मंगलवार को भी पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और स्वजन पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई जारी है। विकास प्राधिकरण के नियमों को ताक पर रखकर कोठियां बनाने वाले पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उसके भाई महमूद अली की न्यू भगत सिंह कालोनी में स्थित दो कोठियों पर मंगलवार को बुलडोजर चलाया गया। इन कोठियों को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाएगा। सोमवार को भी पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उनके भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली की कोठी पर बुलडोजर चला था। बता दें कि हाजी इकबाल की कोठी को सामने और साइड से नौ फिट गिराया जाएगा, जबकि महमूद की कोठी को पूरी तरह से ध्वस्त किया जाएगा। जनकपुरी थाना क्षेत्र की न्यू भगत सिंह कॉलोनी में पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल के द्वारा कोठी बनाई हुई थी। उसके भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली ने भी उसी के बराबर में कोठी बनाई हुई है। विकास प्राधिकरण ने दोनों कोठियों की जांच की तो पता चला कि विकास प्राधिकरण के नियमों को पूरा न करते हुए यह कोठिया बनाई गई हैं।जिसके तहत पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और पूर्व एमएलसी महमूद अली को विकास प्राधिकरण की तरफ से तीन तीन नोटिस दिए गए, लेकिन एक भी नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद विकास प्राधिकरण की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और सोमवार को हाजी इकबाल की कोठी का वह हिस्सा तोड़ा गया जो अवैध था। जबकि उनके भाई महमूद अली की पूरी की पूरी कोठी अवैध है। इस कोठी का कुछ हिस्सा सोमवार को गिरा दिया गया था। बता दें कि खनन कारोबारी व पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल तथा उसके परिवार से जुड़े लोगों की करीब 107 करोड़ रुपये की 125 संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश पहले दिए गए थे। बाद में इन संपत्तियों को चिन्हित कर कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। प्रशासन ने लगभग 400 बीघा जमीन पर कब्जा ले लिया था। गौरतलब है कि थाना मिजार्पुर में गैंगस्टर सहित अन्य थानों में मुकदमे दर्ज होने के बाद एसएसपी आकाश तोमर ने एसआइटी गठित कर जांच शुरू करा दी थी, जिसमें हाजी इकबाल के स्वजन तथा करीबी लोगों के नाम से बेनामी संपत्तियां चिन्हित की गईं थी।

## सात वर्ष पूर्व निर्मित पानी की टंकी बनी शोपीस




दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर ,क बड़गांव क्षेत्र के जड़ौदा पांडा गांव में बाबा नारायण दास जुड़ मन्दिर के परिसर में बनी पानी की टंकी महज शोपीस नजर आ रही है

लगभग सात साल पहले शुद्ध जल पेय ग्रामीण योजना के अंतर्गत ७५४.६६०लाख की लागत से इसका निर्माण हुआ था इस टंकी से केवल जड़ौदा पांडा गांव जिसकी आबादी करीब १० हजार से भी अधिक है पानी के लिए बूंद बूंद को तरस रहे हैं

मगर टंकी निर्माण के बाद उसका उद्धघाटन तो किया गया मगर ग्रामीणों को आज तक पानी नसीब नहीं हुआ इस टंकी कासंचालन कागजों में तो हो गया मगर धरातल पर नहीं हुआ इस पानी की टंकी के शोपीस बनने से लगभग १०हजार की आबादी परभावित हैं बीते ७सालो में इस समस्या से परेशान ग्रामीण इसके समाधान की उच्चाधिकारियों से गुहार लगा चुके है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानो पर आजतक भी कोई जू नहीं रेंगी और मूकदर्शक बने बैठे हैइस टंकी के निर्माण में ८५४.६६० लाख रुपए की लागत आई और इसके ४साल के बाद २०लाख रुपए की राशि मरम्मत के लिए आई ग्रामीणों का कहना हैं कि ठेकेदार ने काम तो शुरू किया था मगर वह फिर गायब हो गया और उसने आज तक भी उसने अपनी शक्ल नही दिखाई और नही पीछे मुड़ कर देख इस पानी की टंकी के घोटालेमे जल निगम के अधिकारियों ने करोड़ो रुपए का सरकार की योजना कोपलिता लगाने का कामकिया गया है और करोड़ो रुपए की बंदर बांटकर चैन की नींद सो रहे हैं और उच्च अधिकारी भी इस और कोई ध्यान नही दे रहे है ग्रामीणों का कहना हैं कि कमिश्नर से लेकर अन्य अधिकारियों तक की और इस और कोई ध्यान नही दे रहे है अभी अधिकारियों को लिखित शिकायत की मगर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है और जड़ौदा पांडा की जनता पानी की बूंद बूंद को तरस रही है।

## नव आगान्तुक एसएसपी विपिन टाडा ने सम्भाली जनपद सहारनपुर की कमान

### जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारियो से मिलकर लिया जनपद की स्थिति का जायजा

दैनिक पहल टुडे

सहारनपुर ,क वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर का तबादला गेर जनपद मे होने के बाद सभी को इंतजार था नये एसएसपी का,जो इंतजार आज खत्म हो गया।नव आगान्तुक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने आज जनपद सहारनपुर की बागडौर सम्भाल ली है।इस मौके नव आगान्तुक एसएसपी विपिन टाडा द्वारा आफिस अधिकारियो एवम कर्मचारियो की सलामी ग्रहण करने के बाद,जनपद के राजपत्रित पुलिस अधिकारियो से मिलकर जनपद की स्थितियो का जायजा लिया।

## जिलाधिकारी के दिशा निदेर्शानुसार एवं क्षेत्र अधिकारी नकुड अरविंद पुंडीर

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर ,क थाना सरसावा प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह की देखरेख में कंडम वाहनों की हुई नीलाम पुलिस द्वारा लम्बित माल/लावारिस एवं सीज शुदा कुल 41 वाहनो,34 दोपहिया व 7 चार पहिया की कराई गई नीलामी

थाने एवम चौकी पर सफाई व्यवस्था रहे एवम सरकार को राजस्व का फायदा हो इसी को लेकर कल शाम जिलाधिकारी सहारनपुर के आदेशानुसार थाना सरसावा में सीजशुदा 41 वाहनों की नीलामी हुई,यह नीलामी 6,50,180 रूपए में एक कबाड़ी द्वारा बोली लगाकर छोड़ी गई।आपको बता दें,कि कल थाना सरसावा क्षेत्र अंतर्गत शाहजहांपुर चौकी पर लम्बित माल/लावारिस एवं सीज शुदा 41 वाहनों ( 34 दोपहिया व 7 चार पहिया ) की नीलामी प्रक्रिया क्षेत्राधिकारी नकुड अरविंद सिंह पुंडीर,नायब तहसीलदार नकुड,एआरटीओ एम थाना सरसावा प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह की मौजूदगी में संपन्न की गई कराई गयी।जिसमें बोली दाताओं द्वारा सर्वाधिक बोली 6,50,180/- (छह लाख पचास हजार एक सौ अस्सी रुपये ) लगायी गयी।हम आपको एक बात से और अवगत करा दे,कि चौकी शाहजहांपुर में पड़े कंडम वाहनों की नीलामी से जहां सरकार को राजस्व का एक बड़ा फायदा होता है,वहीं थाना हो या चौकी,सफाई व्यवस्था भी देखने को मिलती है।इससे पहले भी थाना सरसावा प्रभारी छह माह के अन्तराल में दो बार बेकार पड़े वाहनों की नीलामी कराकर सरकार को लाखों का राजस्व का फायदा पहुंचा चुके हैं।

## पेड़ लगाना ही नहीं उसका पोषण करना ज्यादा जरूरी है,-रितु माहेश्वरी

पहल टुडे / साजिद खान



राष्ट्रीय किसान इण्टर कॉलिज, शामली में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर श्रीमती रितु माहेश्वरी (आई.ए.एस.) सी.ई.ओ. नोयडा द्वारा माँ सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर श्री जैन कन्या इण्टर कॉलिज की छात्राओं द्वारा ह्यसरस्वती-वंदनाह्य एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, श्री सरदार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि माध्यमिक स्कूल/कॉलिजों को 11160 वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया गया है जो समय से पूरा कर लिया जायेगा। प्रधानाचार्य कै0 लोकेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि एवं सभी अधिकारियों का कार्यक्रम में स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रितु माहेश्वरी ने अपने सम्बोधन में वृक्षारोपण के महत्व के बारे में समझाते हुये उपस्थित छात्रों से कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं उसका पोषण करना ज्यादा जरूरी है,इसलिए सभी बच्चे 01-01 पेड़ खुद लगाऐ एवं अपने परिजनों से लगवाऐं तथा उनकी सुरक्षा भी करें। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित छात्रों से कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 01-01 वृक्ष लगाऐ एवं उसके पालन-पोषण की जिम्मेदारी ले। इस दौरान एडिशनल पुलिस अधीक्षक ने छात्रों से कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती अतः आप अधिक से अधिक पेड़ लगाऐ। कार्यक्रम का सफल संचालन राधेश्याम जी ने किया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एस0पी0 ओ0पी0सिंह, उपजिलाधिकारी ऊन निकिता शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधानाचार्य कै0 लोकेन्द्र सिंह, डा0 अमित मलिक, प्रमोद कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, रितेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, दिनेश कुमार, पंकज, गोपाल, रजनीश, पारूल रानी, ऋचा शर्मा, चंचल चौहान, रितु धीरानिया आदि शामिल रहे।

## राजकीय महिला महाविद्यालय कोटा में पौधरोपण

सहारनपुर ,क नागल मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय कोटा में वृक्षारोपण अभियान के तहत नीम, इमली, जामुन, अर्जुन, पाकड़, आंवला, अमरूद, यूकेलिप्टस, बहेड़ा, सहजन, महुआ आदि प्रजातियों के 500 छायादार, फलदार व औषधीय पौधे रोपित किए गए। इस दौरान प्राचार्य डॉ आलोक गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण तथा भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य हेतू उपयोगी साबित होगा।

इस दौरान डॉ प्रताप सिंह रावत, डॉ पूनम यादव, डॉ कल्पना राव, डॉ संतोष चौधरी, डॉ ज्योति त्रिपाठी, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, इस्तिखार अली, दिलशाद आदि रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टांडा एवं अधीक्षक नगर राजेश कुमार सिंह के आदेशों का सख्ती से पालन कर रहे है

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर ,क थाना थानाध्यक्ष गागा लेडी एव उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सिंह नशे का कारोबार करने वाले ऐसे समाज के दुश्मनों को उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार सिंह थाना गागालेडी गिरफ्तार कर भेज रहे हैं जे

पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 120 ग्राम नाजायज चरस बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत, पुलिस अधीक्षक नगर, सहारनपुर व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष गागलहेड़ी के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेड़ी पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त इसरार उर्फ भूरा पुत्र जरीफ नि0 ग्राम उग्राहु थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर को 120 ग्राम नाजायज चरस सहित कैलाशपुर से उग्राहु वाले रोड से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0सं0 261/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### जिला अस्पताल में अब हर सोमवार लगेगा दिव्यांग कैंप

## जिला अस्पताल में दिव्यांग कैंप का आयोजन, 61 दिव्यांगों को बांटे प्रमाण पत्र

### मेरे लिए दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा सबसे बड़ी सेवा: अतीक खान

दैनिक पहल टुडे / साजिद खान



**शामली** जिला संयुक्त चिकित्सालय में दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया। अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ही दिव्यांग कैंप लगाए जाते थे, लेकिन अब हर सोमवार को जिला अस्पताल में दिव्यांग कैंप लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक सोमवार को जिला चिकित्सालय में दिव्यांग कैंप आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांगों के प्रमाण पत्र दिए जाने हेतू रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। आज भी दिव्यांग कैंप का आयोजित किया गया, जिसमें करीब 110 दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन किए गए जिनमें से 61 को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि दिव्यांग कैंप में समाजसेवी अतीक खान का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने गढ़ीपुख़्ता के दिव्यांग व्यक्तियों को सूचना पहुंचाई एवं दिव्यांग व्यक्तियों को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां दिव्यांग व्यक्तियों का प्रमाण पत्र बनवाया गया जिससे उनको सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा अतीक खान द्वारा 2 टीबी से ग्रसित बच्चों को गोद लिया गया, जिन्हें हर माह पोषण सामग्री वितरित की जा रही है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अथहर जमील ने बताया कि ऐसे केम्पों के आयोजन से निश्चित रूप से दिव्यांगजनों का लाभ होता है। जिला चिकित्सालय में हर सोमवार को दिव्यांग कैंप लगाया जाएगा जिससे जन-जन तक लाभ पहुंचाने के लिए विभाग अग्रसर है।

उन्होंने बताया कि इन कैप के माध्यम से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ लें। कि दिव्यांग व्यक्तियों का प्रमाण पत्र बनाए जा रहे है उनका यूडीआईडी कार्ड बनने के पश्चात उनको मोटर रिक्शा एवं पेंशन दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्वयांग व्यक्तियों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अथहर जमील, डॉ. आफरीन फिजिशियन, राम निवास हड्डी रोग विशेषज्ञ आदि लोग उपस्थित रहे।

## फुड प्वाइजनिंग का शिकार हुई बालिकाओं के स्वास्थ्य में व्यापक सुधार न होने की दशा में उन्हें जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर क गंगोह कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विधालय मंहगी में शनिवार की दोपहर में खाना खाने के बाद अचानक बालिकाओं की तबीयत बिगड जाने पर अध्यापिका नीलम के द्वारा मामले में बरती गई हीलाहवाली से 30 बालिकाओं की जान पर बन आई थी। जिनमें 5 बालिकाऐं हायर सैन्टर में उपचाराधीन है जबकि 10 बालिकाओं को गगोंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गगोंह पर दाखिल कराया गया था, जहां पर चिकित्सकों की टीम उनका उपचार कर रही थी। सोमवार को देर शाम गगोंह चिकित्सालय में भर्ती 10 बालिकाओं की हालत में व्यापक सुधार न होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है जबकि 5 बालिकाऐं पीजीआई चण्डीगढ में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देख-रेख में है।

बताया जाता है कि बालिकाओं की बिगडी हालत की जानकारी तैनात अध्यापिका के द्वारा न तो विभाग को दी गई और नही स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों को दी गई जबकि विधालय परिसर में उच्चाधिकारियों के मोबाइल नम्बर अंकित है। बताया गया है कि विधालय की वार्डन दो सप्ताह के बाद एक दिन के रोटेशन अवकाश पर थी परन्तु रविवार को सूचना मिलने पर विधालय पहुंची और बालिकाओं को एम्बूलैंस से गगोंह चिकित्सालय में उपचार के लिए भिजवाया, सोमवार को मामले की जानकारी के लिए गठित टीम के सदस्य सहित जिलाधिकारी अखिलेश सिंह विधालय पहुंचे और स्टाफ सहित मौजूद बालिकाओं के ब्यान दर्ज किये। इस दौरान एडीएम प्रशासन डा0 अर्चना द्विवेदी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरीश कुमार, एबीएसए संजय भारती सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जहरीले कीड़े के कारटने से युवक की हालत बिगड़ी

बीसलपुरः- युवक को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन फानन में उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मोहल्ला हबीबुल्ला खां जुनूबी निवासी नाबेद पुत्र जमीर अहमद को किसी जहरीले कड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन फानन में उसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### किशोरी को लेकर युवक फरार:किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज, घर में रखा जेवर और नगदी भी ले गई साथ

**कलान** शाहजहांपुर के थाना मिजार्पुर क्षेत्र से किशोरी को बहला फुसलाकर एक युवक लेकर फरार हो गया है। खोजने के बाद भी किशोरी के पता नहीं चलने पर थाने में तहरीर दी गई। किशोरी के पिता ने थाना में दी तहरीर में आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच में जुट गई है l2 जुलाई से गायब है किशोरीक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी लापता है। किशोरी के पिता ने थाना मिजार्पुर में दी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा कि 2 जुलाई की शाम करीब 5 बजे उसकी लड़की घर से बाहर गई थी। जब काफी समय तक वापस नहीं आई तो उसने गांव में पता किया तो जानकारी मिली कि उसकी पुत्री को ग्राम ढाई थाना मिजार्पुर निवासी युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने की कार्रवाई की मांगकिशोरी के पिता ने आरोप है कि किशोरी घर में रखा जेवर व नगद रुपये साथ के गई है। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं मिजार्पुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार चौहान ने किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जलालाबाद में चलती वैन से निकला धुआं

**जलालाबाद** प्रशासन और पुलिस की घोर लापरवाही के चलते 4 जुलाई को जैसे ही स्कूल खुले और नौनिहाल बच्चे स्कूल जाने के लिए तैयार होकर वैन में बैठे ,की खचाडा हो चुकी मारुति वैन में अचानक से भयंकर धुआं निकलने लगा। गनीमत यह रही की आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने वैन में बैठे बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। नगर के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में चलाई जा रही मारुति वैन जिसे प्रताप नगर निवासी राहुल अवस्थी चला रहा था। तभी मंडी गेट के पास गाड़ी जैसे ही बच्चों को बैठाकर आगे बढ़ी स्पार्किंग से अचानक धुआं उठने लगा। धुआं देखकर ड्राइवर के हाथ-पैर फूल गए और वह गाड़ी को रोककर तार चेक करने लगा।

# सरकारी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए देना पड़ता है सुविधा शुल्क

**गरीब पूरे दिन लाइन में लगने के बाद कार्ड न बनने पर मायूश होकर लौट जाते हैं घर**

पहल टुडे




बीसलपुरः- केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड सरकारी अस्पताल में बनवाये जा रहे हैं। ताकि गरीब लोगों को अस्पतालों में निःशुल्क इलाज हो सके लेकिन सरकारी अस्पताल में बैठे कर्मचारी गरीबों से पैसे लेकर आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। गरीब पूरे दिन आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लाइन में लगे रहते हैं। कुछ ही लोगों का कार्ड बन पाता है। वाकी लोग मायूश होकर घर वापस चले जाते हैं।

सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते वाले लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड जारी कराये गये। जिन लोगों के कार्ड नहीं बन पाये उनके लिए कार्ड उपलब्ध कराये जाने के लिए सरकारी अस्पताल में कर्मचारी लगाये गये। कर्मचारी 2 बजे तक साइट न चलने का बहाना बनाते रहते हैं। 2 बजे के बाद सुविधा शुल्क लेकर कार्ड बनाये जाते हैं। गरीब पूरे दिन लाइन में लगकर कार्ड न बनने पर मायूश होकर घर वापस चले जाते हैं। लोगों का कहना है कि कर्मचारी पूरे दिन कार्ड बनवाने के लिए लाइन में खड़ा करते हैं। इसके बाद सुविधा शुल्क लेकर दो चार लोगों के कार्ड बनाये जाते हैं इसके बाद कार्ड बनाना बंद कर दिया जाता है। उधर कर्मचारी का कहना है कि 2 बजे तक सही तरीके से साइट नहीं चलती है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कोई सुविधा शुल्क नहीं लिया जाता है। जो लोग सुविधा शुल्क का आरोप लगा रहे हैं वह बिल्कुल निराधार है।

# महाविद्यालय में छात्र छात्राओं ने किया वक्षारोपण

पहल टुडे



बीसलपुरः- सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर में महाविद्यालय के प्राचार्य संजीव श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना, नेशनल कैडेट कोर, रोवर्स रेंजर्स, मिशन शक्ति तथा आजादी का अमृत महोत्सव के संयुक्त तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया।

वृक्षारोपण महा अभियान में सरकार द्वारा प्रदत्त कुल 1102, विविध प्रजाति के छायादार और फलदार पौधों को विद्यार्थियों, प्राध्यापक जनों और महाविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा लगाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार और महेश बाबू ने पेड़ पौधों के महत्व को बताया कि इनका हमारे जीवन में क्या महत्व है। पेड़ पौधों के न रहने से मानव जाति को कितना नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण की गुणवत्ता बनी रहती है। पेड़ हमे फल और लकड़ी तो देते ही है इसके साथ ऑक्सीजन भी प्रदान करते है जिससे व्यक्ति जीवित रहता है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, रोवर्स लीडर डॉ महेश बाबू, रेंजर्स लीडर डॉ दरख्शा अजहर, एनसीसी अधिकारी डॉ अलका मेहरा, एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ सुनीत साहनी, मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ चंद्रप्रभा गंगवार, आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ पूर्णिमा भारद्वाज और महेंद्र पाल के नेतृत्व में अलग अलग टीम बनाकर विद्यार्थियो ने श्रमदान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पवन त्रिवेदी, डॉ सुनील कुमार, डॉ रजत गंगवार, डॉ विचित्र कुमार, कार्यालय अधीक्षक दिनेश बाथम, रामप्रताप, राजकुमार, गौतम, राजेंद्र, चुन्नीलाल एवं सालिकराम इत्यादि लोगों ने प्रतिभाग एवं श्रमदान किया। जिसमें राजकुमार एवं गौतम का विशेष योगदान रहा।

# बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर चार पहिया वाहन ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत

पहल टुडे

बीसलपुरः- बीसलपुर पीलीभीत मार्ग परन अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को सील कर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। मौत की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया है।



बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव चौसर हरदोपट्टी निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र रामऔतार व बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव मुसरहा निवासी अमित कुमार बाइक द्वारा बरखेड़ा जा रहे थे। तभी बीसलपुर पीलीभीत मार्ग पर गांव जसोली दिवाली के निकट चार पहिया वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे देवेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा अमित कुमार घायल हो गया। घायल को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को सील कर अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में भी सन्नाटा पसर गया है।

# ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा द्वारा गांव कैंच में करवाया गया पौधारोपण



पहल टुडे

बीसलपुरः- सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों, स्कूलों व कालेजों में बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण में लोगों ने भाग लिया। सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया।

ब्लाक मरौरी क्षेत्र के गांव कैंच में सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत अमरुद, आम, कटहल, नीबू, जामुन, यूक्लिपटिस के वृक्षों का पौधारोपण किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि पौध लगाने से पर्यावरण सुरक्षित रहता है। पेड़ों से हमें आक्सीजन मिलती है। इसलिए हर एक व्यक्ति को एक पेंड़ लगाना चाहिए। इस मौके पर एडीओ पुचायत मेहरवान सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, ग्राम प्रधान सियाराम वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

### न्यूटन के गति के नियमों की जयंती

पीलीभीत। आज स्टेट रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि 1687 में आज ही के दिन विज्ञान जगत की सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुस्तकों में से एक पिरिंसीपिया का प्रकाशन हुआ। इसे सर आइजक न्यूटन ने लिखा था ।इसी पुस्तक में गति के तीनो के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि यह बहुत बड़ा विवाद था की पृथ्वी व अन्य ग्रह सूर्य के चारों ओर घूमते हैं या सूर्य पृथ्वी के चारों ओर करता वैज्ञानिक कैप्लर ने ग्रही गति के संबंध में तीन नियम दिए ।उनका भी मानना था सूर्य के चारों ओर पृथ्वी व अन्य ग्रह गतिमान है।

# सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण के तहत किया गया पौधारोपण



पहल टुडे

बीसलपुरः- सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों, स्कूलों व कालेजों में बढ़ चढ़कर वृक्षारोपण में लोगों ने भाग लिया। सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया।

बीसलपुर तहसील क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत अमरुद, आम, कटहल, नीबू, जामुन, यूक्लिपटिस के वृक्षों का पौधारोपण किया गया। गांव मुसेली के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान मो0 इश्तियाक अल्वी व एपीओ मनोज कुमार टीए प्रमोद, सुानपाल, विजय सिंह, अब्दुल कदीर, सन्नू खां के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया व ग्राम पंचायत चौसरा में प्रधान मुन्नी देवी, सचिव सुरेश कुमार वर्मा, मनरेगा एकाउंटेंट अविनाश तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसके अलावा कई जगह पौधारोपण कर लोगों को एक एक अपने घर पर पौधा लगाने के लिए जागरुक किया गया।

# इनरव्हील क्लब वृद्ध सेवा आश्रम में हुई संपन्न

पहल टुडे



पीलीभीत। आज इनर व्हील क्लब, पीलीभीत की पहली साधारण सभा वृद्ध सेवा आश्रम में संपन्न हुई। जिसमें नवीन सत्र के आरंभ के लिए वृद्ध आश्रम में स्थित वृद्धेश्वर महादेव के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ साथ पौधरोपण कर किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वप्रथम मंदिर में पूजा की तथा सभी वृद्धजनों को प्रसाद वितरण किया। उसके पश्चात वृद्ध सेवा आश्रम प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें आम, रुद्राक्ष, नीम, अशोक इत्यादि 21 पौधे लगाए गए। इसी अवसर पर इनर व्हील क्लब द्वारा डॉक्टर डे का सेलिब्रेशन भी किया गया जिसमें क्लब के डॉक्टर डॉक्टर अनीता सक्सेना, डॉ शोभा अरोरा, डॉ रश्मि चौधरी, डॉक्टर पुनम गंगवार, डॉ गीतांजलि, डॉक्टर रिचा वार्ष्णेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष मानिका बंसल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इनर व्हील क्लब पीलीभीत गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समाज उत्थान के कार्य वर्ष भर करेगा। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष की शुरूआत वृद्ध सेवा आश्रम, पीलीभीत में सभी वृद्धजनो के बीच उनके आशीर्वाद से करने से क्लब में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। इनर व्हील चलो पीलीभीत के सदस्यों ने आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों के साथ पूरा दिन बताया वह उनके मनोरंजन के लिए उनके साथ गेम खेलें एवं शाम का भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक पूनम अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, रेनू गोयल एवं इस अवसर पर मोनिका बंसल, कंचन अग्रवाल, लता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, सुमन गुप्ता, तलविंदर कौर, कैलाश रानी छावड़ा, रेखा अग्रवाल, मंजू बख्शी, बबीता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, प्रिया जगोता इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।

# मंदिर के दान पात्र का ताला तोड़कर हजारों की नगदी चोरी

**क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियां पुलिस की गश्ती की खोल रहीं पोल**

पहल टुडे

बीसलपुरः- क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है वहीं दियोरिया पुलिस अभी तक किसी भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब उन्होंने दुकानों के साथ साथ धार्मिक स्थलों को भी अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसाई नगर में स्थित बाला सिद्ध की मढ़ी पर बीती रात चोरों द्वारा धावा बोलकर बाबा की गैर मौजूदगी में देवस्थान पर लगे तीन नल वहां रखे वर्तन तथा क्षेत्र से चंदा वसूली के बाबा के थैले में रखे पांच हजार रूपए तथा दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी भी लेकर फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बाबा ने इसकी सूचना पीआरवी 112 पर दी। पीआरसी 112 ने घटना स्थल पर पहुंच कर सड़क के किनारे पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे से खोले गए नल और वर्तन बरामद कर लिए। जबकि चोरी



किए गए रुपए लेकर चले गए। घटना के बाद सुबह बाबा ने दियोरिया कोतवाली जाकर मामले की तहरीर दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। वहीं क्षेत्र में हो रही ताबड़ तोड़ चोरियों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

# पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर की कार्यवाही शुरू

पहल टुडे

बीसलपुरः- पेट्रोल पंप पर खड़े युवक के साथ गाली गलौज करना अवैध तमंचे से फायर किया। फायर मिस होने पर लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग फरार हो गये। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मोहल्ला शिवाजी नगर कालोनी निवासी देशराज उर्फ देवस्वरुप पुत्र नत्थूलाल साहू साहब के पेट्रोल पंप के निकट खड़ा हुआ था और किसी से मोबाइल से बात कर रहा था। इसी बीच मोहल्ला हबीबुल्ला खां जुनूबी निवासी विनोद व शेरसिंह तीन अज्ञात लोगों के साथ मौके पर पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। गालियों का विरोध करने पर नाजायज तमंचे से फायर कर दिया जो मिस हो गया। इसके बाद दबंगों ने लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। शोर सराबा सुनकर मौके पर लोग एकत्र हो गये तभी जान से मारने की धमकी देते हुए दबंग फरार हो गये। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।




**पुलिस को सूचना के 5 घंटे बाद भी घटना स्थल पर नहीं पहुंची पुलिस**

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



पहल टुडे

बीसलपुरः- दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गाँव खरदहाई में एक युवक द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के पांच घंटे बीतने के बाद पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची।

मामला सोशलमीडिया और ट्विटर पर चलने के बाद पुलिस ने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की कि अभी तक परिजनों द्वारा कोई सूचना नहीं दी गई है जबकि मृतक के चाचा बीर प्रताप ने सुबह 10 बजे कोतवाली जाकर पुलिस को सूचना दी गई थी।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गाँव जसाईनगर निवासी शिवकुमार अपने परिवार सहित कहीं मजदूरी करने गये हुए थे उनका एक बेटा राहुल 25 बर्ष अपने घर पर रहकर मजदूरी करता था जबकि दूसरा बेटा दीपक बसई पुरैना निवासी अपने चाचा बीर प्रताप के पास रहकर मजदूरी करता था। बताया गया है कि आज सुबह 8 बजे अपनी बहन सीमा देवी के यहाँ गाँव खरदहाई गया हुआ था वहीं पर राहुल ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना की सूचना बहन सीमा देवी ने फोन द्वारा अपने भाई दीपक व चाचा बीर प्रताप को दी आनन फानन में दोनों लोग मौके पर पहुंचे और 10 बजे कोतवाली जाकर घटना की सूचना पुलिस को दी इधर घटना के 5 घंटे तक जब पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची तभी मामला सोशलमीडिया और ट्विटर पर शुरू हो गया। उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद दोपहर बाद 3 बजे पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। तब तक परिजन पुलिस के आने का इंतजार करते रहे पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को सील कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

पुलिस की उक्त लापरवाही से क्षेत्र में कुछ लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष व्याप्त है जो कि चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अधीक्षक श्रीराम का स्थानांतरण होने के बाद भी नहीं छोड़ रहे हैं चार्ज

बीसलपुरः- अधीक्षक श्रीराम का एक जुलाई को रामपुर स्थानांतरण कर दिया गया। 4 दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने सरकारी अस्पताल से चार्ज अभी तक नहीं छोड़ा है। जिससे लोगों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।



बीसलपुर सरकारी अस्पताल में तैनात अधीक्षक श्रीराम का स्थानांतरण 1 जुलाई को रामपुर एसीएमओ के पद पर कर दिया गया है। कर दिया गया लेकिन अधिक कमाई करने के चक्कर में अधीक्षक बीसलपुर से चार्ज छोड़ना नहीं चाह रहे हैं। लोगों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

# एक दर्जन से अधिक प्रतिबंधित पेड़ों का हुआ अवैध कटान

**सामाजिक वानिकी को नहीं लगी मामले की भनक**

**वृक्षारोपण अभियान शुरू होते ही हरियाली के कातिलों ने दिया घटना को अंजाम**

पहल टुडे / महिपाल गंगवार



बीसलपुरः- जहां एक तरफ सरकार ने पर्यावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है और वृक्षों की सुरक्षा के तरह तरह के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हरियाली के दुश्मन प्रशासन को चुनौती देते हुए लगातार हरे भरे पेड़ों का सफाया करने में जुटे हुए हैं।

गांव मानपुर के समीप दियोरिया बीसलपुर मार्ग पर ईंट भट्टे के किनारे एक बाग से लगभग एक दर्जन से अधिक प्रतिबंधित आम, जामुन सहित अन्य प्रजाती के पेड़ों का रातोरात काटकर सफाया कर दिया। हैरानी की बात यह है कि बीसलपुर सामाजिक वानिकी रेंज कार्यालय से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर हुए इस अवैध कटान की भनक सामाजिक वानिकी विभाग को भी नहीं लगी। सुबह जब इस घटना की जानकारी सामाजिक वानिकी विभाग को हुई तो बिलसंडा में तैनात वन दरोगा राधेश्याम ने मौके पर जा कर कटे हुए पेड़ों की जांच पड़ताल की। वन दरोगा राधेश्याम ने बताया कि बाग में कटे हुए पेड़ों की पैमाइस की जा रही है। वन्य अधिनियम की धारा के अंतर्गत बाग स्वामी व अवैध कटान में लिप्त ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

फास्ट ट्रैक

## भाजपा महिला मोर्चा की अगुवाई में हुआ सांसद का घेराव



बेल्थरारोड बलिया। स्थानीय तहसील के अन्तर्गत कुर्हा कडसर गांव में सांसद सलेमपुर रबिन्द्र कुशवाहा को भाजपा महिला मोर्चा के ममता शर्मा ने नाबदान के पानी के निकास को लेकर घेर ली जिसपर सांसद ने तुरन्त उपजिलाधिकारु बेल्थरारोड को आदेशित करते हुए कहा कि यथा शीघ्र नाली निर्माण का कार्य पूरा कराया जाय जिसपर उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र कार्य पूरा कर लिया जाएगा इस दौरान ममता शर्मा रामवती राधिका मतिश्री चिंता देवंती रीना विद्यावती जय प्रकाश वर्मा अखिलेश वर्मा प्रदीप वर्मा लालन शर्मा पन्नालाल वर्मा झींगुर सहित दर्जनों महिलाए व पुरुष मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में व्यापारियों ने रोड जामकर की नारेबाजी:बोले-जिले में 3-3 मंत्री, फिर भी बिजली कटौती से नहीं मिल रही निजात

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में बिजली कटौती को लेकर व्यापरियों ने रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि, जिले में तीन-तीन मंत्री हैं। बावजूद इसके यहां के लोगों और व्यापारियों को बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। बिजली आ भी जाती है तो, वोल्टेज भी कम ज्यादा होने से घर के बिजली के उपकरण फुंक जाते हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि, अगर जल्द बिजली की समस्या से निजात नहीं मिली तो, आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। सूबे के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के ग्रह जनपद और विधानसभा क्षेत्र के व्यापारी बिजली कटौती से बेहाल हैं। रात्रि के दौरान बिजली कटौती होने और बिजली आने पर वोल्टेज कम ज्यादा होने पर घरों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फुंक जाने से नाराज व्यापारियों ने बहादुरपुर मार्केट में रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अनवार खां के नेतृत्व में बहादुरपुर मार्केट में दर्जनों व्यापारियों के साथ मिलकर रोड जाम कर जमकर नारेबाजी की। जाम लगने से कुछ देर राहगीरों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा। व्यापारियों की मांग है कि, अगर बिजली की समस्या से जल्द निजात नहीं दिलाई गई तो, आने वाले समय में व्यापारी संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। आंदोलन की दी चेतावनी युवा जिलाध्यक्ष अनवार खां ने बताया कि, जिले में तीन-तीन मंत्री हैं। बावजूद इसके रात्री में बिजली कटौती से लोगों को जूझना पड़ रहा है। अगर बिजली आ भी जाती है तो, वोल्टेज कम ज्यादा होने पर घरों में लगे उपकरण फुंक जाते हैं। बिजली की समस्या से सबसे ज्यादा परेशानी व्यापारियों को उठाना पड़ रही है। बिजली के न आने और वोल्टेज कम ज्यादा होने से व्यापारियों का व्यापार ठप हो चुका है। ऐसे में अगर जल्द बिजली की समस्या से निजात नहीं मिली तो, आने वाले समय में व्यापारी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे।

## प्रभारी थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह नें बैंकों का किया औचक निरीक्षण



**पहल टुडे**

सिकन्दरपुर, बलिया। संदिग्धों की रोकथाम के लिए प्रभारी थाना अध्यक्ष ने अपने हमराहियों संघ नगर के समस्त बैंकों के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा ग्राहकों एवं बैंक कर्मियों को सचेत किया। स्थानीय थाना क्षेत्र के बैंकों के पास सघन चेकिंग करते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने एचडीएफसी बैंक समेत बैंकों के, कर्मियों व वहां उपस्थित ग्राहकों को निर्देश देते हुए बताया कि एटीएम के अंदर सिर्फ एक व्यक्ति ही जाए जिससे किसी की गोपनीयता भंग ना हो और किसी प्रकार की कोई घटना न हो पाए। उसके बाद उन्होंने अन्य कई बैंकों व एटीएम का चेकिंग करते हुए बैंक कर्मियों व उपभोक्ताओं को सचेत करते हुए सावधानीपूर्वक बैंकिंग कार्य करने के लिए कहा।

# शिक्षक हित सर्वोपरि – मु मुनीर

**पहल टुडे**

ललितपुरः उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल संघ कि बैठक जिला उपाध्यक्ष श्रीमती विनीता निरंकारी के निवास पर बाबूलाल वर्मा प्रांतीय सदस्य एवं बाबू सिंह राठौर मंडलीय मंत्री के आतिथ्य में मोहम्मद मुनीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक मे राजेश साद्य जिला महामंत्री ने अवगत कराया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ललितपुर को पूर्व में ज्ञापन शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित दिए गए थे जिनका निराकरण कराया गया है ग्रेचुयटी विकल्प एक्छिक है जो बदला भी जा सकता है, अतिशीघ्र समस्त ब्लॉक कार्यकारिणीयो का गठन कर लिया जाय।प्रांतीय सदस्य बाबूलाल वर्मा ने डीवीटी ऐप में आने वाली समस्याओं के बारे में उपस्थित शिक्षकों को अवगत कराया। संगठन के महामंत्री बाबू सिंह राठौर एवं जिला अध्यक्ष मोहम्मद मुनीर खान ने कहा कि




संगठन से जुड़े समस्त पदाधिकारियों एवं समस्त सदस्य शिक्षक हित में कार्य करने के लिए वचनबद्ध है। श्रीमती प्रेमलता लिटोरिया जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि चयन वेतनमान के अवशेष शिक्षकों के लंबित अवशेष देयक एवं शिक्षकों के अवशेष निधि अबिलम्ब दिलाये जाए श्रीमती उर्वशी साहू जिला संयुक्त मंत्री ने कहा कि एकल विद्यालयों में समायोजन प्रक्रिया से कम से कम एक अध्यापक और भेजा जाए जिससे बच्चों कि पढ़ाई बिना किसी अवरोध के हो सके मु जाकिर खान ने अपने वक्तव्य मे कहा कि ए आर पी द्वारा शैक्षिक सहयोग किया जाए ना कि निरीक्षण वक्ताओं ने कहा कि प्रोन्नत संबंधी कार्रवाई शीघ्र की जाए बैठक में अन्य शिक्षक एवं शिक्षण सम्बन्धी समस्याओं पर भी चर्चा हुई बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश साध द्वारा किया गया एवं विनीता निरंकारी ने बैठक मे उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मोहम्मद मुनीर खान, राजेश साद्य, उर्वशी साहू, प्रेम प्रेमलता लिटोरिया, विनीता निरंकारी, संध्या वर्मा, जाकिर खान, खालिद खान, अनिल सिंह, बबीता बुंदेला, राम नरेश जाट, सुजान सिंह, गणेश नामदेव, भोगी राम, संजय गुप्ता, सुशील आर्य, विनोद साहू, हरिराम वर्मा आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

## वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी हैँ :एस पी निखिल पाठक



**पहल टुडे/अजय बरया**

ललितपुरःवृक्षारोपण जन आंदोलन 2022 के अंतर्गत आज दिनांक 5 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर पुलिस निखिल पाठक द्वारा वृक्षारोपण किया गया, इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर फूलचंद, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक अतुल कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र कुमार उपाध्याय, सीआरके बाबू फुलचन्द्र, प्रधान लिपिक अरुण कुमार मौर्या, आंकिक बाबू इफ्तिकार तथा कार्यालय में तैनात समस्त अधिकारी कर्मचारीगणों द्वारा इस अभियान में हिस्सा लिया गया वृक्षारोपण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वृक्ष मानवता की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गयी।

## जिंदगी के अनमोल पलों को बच्चों के बीच मनाना चाहिए :सुरभि सिधँई

**पहल टुडे/अजय बरया**



ललितपुरः वर्तमान में जहां लोग अपने जन्मदिन को आलीशान होटलों में जाकर मनाते है वहीं समाजसेवी ब्र हेमन्त कुमार सिंघई कुमेडी वाले महरौनी के सुपुत्र धीरेद्र सिघई की धर्मपत्नी सुरभि सिँधई ने अपना जन्म दिन नवागढ़ गुरुकुलम के छात्रों के साथ मनाया गुरुकुलम के छात्रों के साथ पूरे परिवार ने सामूहिक भक्ति करते हुये अरहनाथ भगवान के दर्शन कर पुण्य प्राप्त किया, तत्पश्चात बच्चों को मिष्ठान वितरित कर बच्चों के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार वितरित किये इस अवसर पर सुरभि सिंधई ने कहा कि जव हम अपने जिंदगी के अनमोल पलों को बच्चों के बीच मनाते हैं तो निश्चित ही एक सुखद अनुभूति होती है हमें अपने जिंदगी के अनमोल पलों को बच्चों के बीच मनाना चाहिए इस अवसर पर गुरुकुलम समिति एवं क्षेत्र समिति ने सुरभि सिंधई को जन्मदिन की शुभकामनायें देकर आभार व्यक्त किया

## प्रधान की अगुवाई में हुआ पौधा रोपण



**पहल टुडे**

बेल्थरारोड बलिया। .विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम के तहत जगह-जगह चलाये जा रहे अभियान तहत चन्दाडीह में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापक की मौजूदगी में मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय चन्दाडीह नम्बर एक व बुढ़ावर में पौधरोपण किया गया इस दौरान ग्राम प्रधान ने प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक दर्जन पौधा लगाने के लिए आह्वान किये तथा उन्होंने भविष्य को देखते हुए पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागृत किया प्राथमिक विद्यालय चन्दाडीह के प्रधानाध्यापक ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के हो रहे लगातार दोहन से पर्यावरण दूषित हो रहा है उन्होंने कहा कि मानव अस्तित्व की रक्षा के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है वृक्ष रहने से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है बिना भोजन के मनुष्य कुछ देर जीवित रह सकता है लेकिन वायु और पानी के बिना इंसान का जीना मुश्किल है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना आवश्यक है जिससे आने वाली पीढ़ी को प्राणवायु मिलती रहे इस दौरान ग्राम प्रधान छेदी कनौजिया प्रधानाध्यापक बिनोद वर्मा आनंन्द दुबे अमानुल्लाह छेदी कनौजिया जय प्रकाश वर्मा रसोइया कुशुम देवी आशा देवी मौजूद रही

## जागरूकता से प्रभावी होगा पौधरोपण अभियानःकमलेश चौधरी

**पहल टुडे**

ललितपुरःश्री दीपचंद्र चौधरी निजी औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्रबंधक कमलेश चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पौधे रोपे और सभी से पौधे रोपकर उनके संरक्षण की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही पौधरोपण अभियान को प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। लोग जागरूक होंगे, तभी वे इस अभियान में अपना हाथ बटाएंगे।

बतादें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी संस्थानों को पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके क्रम में श्री दीपचंद्र चौधरी निजी औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान ललितपुर को भी 5, 6 और 7 जुलाई में 800 पौधों को रोपकर उनके संरक्षण का लक्ष्य दिया गया था। मंगलवार 5 जुलाई को प्रबंधक कमलेश चौधरी की उपस्थिति में और प्राचार्य इंजीनियर मनीष रायकवार के नेतृत्व में संस्थान में करीब 450 पौधे रोपे गए और सभी पौधों के संरक्षण की शपथ भी ली गई। इस दौरान प्राचार्य इंजीनियर मनीष रायकवार ने कहा कि उजड़ते जंगलों और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है। अंशुल दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में जंगल सिमटते जा रहे हैं। पेड़-पौधों की संख्या भी घटती जा रही है। इसके कई दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इससे बचने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और जंगल बचाने की जरूरत है। इस मौके पर प्रबंधक कमलेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, प्रवीण चौधरी, विकास चौधरी, गौरव चौधरी सहित डॉ जे एस तोमर, ई. मनीष कुमार, अंशुल दुबे, राहुल चौबे एवं समस्त शिक्षक स्टाफ एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



## 102 एम्बूलेंस में बच्चे का हुआ जन्म



रसडा, बलिया। स्वास्थ्य विभाग की 102 एम्बूलेंस में सोंमवार को दोपहर में बच्चे का जन्म हुआ। कोतवाली क्षेत्र के डेहरी निवासी पुजा देवी पत्नी बृजेश कुमार डिलेवरी कराने के लिए परिवार संग एंबुलेंस से रसडा. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे। जबकि बीच रास्ते में ही पूजा देवी ने दूसरे बच्चे को जन्म दिया। पूजा देवी व बच्चा दोनों स्वस्थ है।

## रसड़ा कोतवाली परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुआ सम्पन्न

**पहल टुडे**

रसड़ा बलिया। कोतवाली परिसर में बकरीद त्योहार को शकुशल सम्पन्न कराने के लिये क्षेत्राधिकारी एस एन वैस की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। साफ सफाई विद्युत एवम पेयजल की व्यवस्था ठीक करने की मांग की गयी।

एस एन वैस ने कहा की बकरीद की त्योहार आपसी भाई चारा एवम मिल जुल कर मनाये। कही भी कोई शिकायत मिले तत्काल पुलिस को सूचना दे। असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। असमाजिक तत्वों को बख्शा नही जायेगा। इस मौके पर प्रशिक्षु सीओ उस्मान, इस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह, राज कपूर सिंह, वकील अहमद अंसारी, लाल बहादुर राजभर, इकबाल अहमद, नंदजी पांडे, अशद अली मास्टर, मौलाना करहानी साहब, नुरुल अहमद, फारुख अहमद, भोलू सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, जावेद आलम, सरफराज अहमद, इसहाक अहमद, नेसार अहमद, दिनेश गुप्ता, नूरुल अहमद, नंदजी पांडेय, अजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।



### इसका उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों में त्वरित और समुचित न्याय दिलाना है

## कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने को कार्यालयों में गठित हो आंतरिक शिकायत समिति

**पहल टुडे/अजय बरया**

ललितपुरः शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालयों, निजी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, खेलकूद संस्थानों सहित संगठित व असंगठित क्षेत्र के समस्त कार्यालयों आदि में जहाँ भी 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, चाहे वे सभी पुरूष ही क्यों न हों, वहां पर आंतरिक परिवाद समिति इन्टरनल कम्प्लेंट्स कमेटी का गठन करना अनिवार्य है क्योंकि ऐसे कार्यालयों में कभी भी किसी काम के लिए महिलाएं भी आ सकती हैं और उनके साथ भी कोई घटना हो सकती है। ऐसे में वह कार्यालय में गठित आंतरिक परिवाद समिति को अपनी शिकायत कर सकती हैं। ऐसा न करने वाले नियोजकों पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जा सकता है। महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज कुमार राय का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीडन निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की धारा 4 के अंतर्गत ऐसे सभी संगठन या संस्थान जिनमें 10 से अधिक कर्मचारी हैं, वह आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए बाध्य हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों में त्वरित और समुचित न्याय दिलाना है। निदेशक द्वारा बताया गया कि पीड़ित महिला कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगा, जिसमें दो सदस्य सम्बन्धित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जायेंगे। समिति के कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलाएं होंगी। ऐसे कार्यस्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम है, वहां की पीड़िता द्वारा लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित ह्यस्थानीय समितिह्न (लोकल कमेटी) में दर्ज करायी जा सकती है। यदि कोई नियोजक कार्यस्थल में नियमानुसार आन्तरिक समिति का गठन न किये जाने पर दोष सिद्ध ठहराया जाता है, तो नियोजक पर 50,000 रुपए तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। दूसरी बार दोषी पाए जाने पर पहली दोषसिद्धि पर लगाये गये दण्ड से दोगुना दण्ड नियोजक पर लगाया जा सकता है। निदेशक का कहना है कि विभिन्न विभागों और नियोक्ताओं के साथ ही महिला कर्मचारियों को अभी अधिनियम के बारे में भली-भांति जानकारी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें अधिनियम के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह किसी आपात स्थिति में समिति के सामने अपनी बात रख सकें। महिला कल्याण विभाग भी समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करता रहता है किन्तु सभी के सहयोग से ही इसे सही मायने में धरातल पर उतारा जा सकता है।

### लैंगिक उत्पीड़न क्या है :

महिला कल्याण विभाग की उप निदेशक अनु सिंह का कहना है कि कार्यस्थल पर महिलाओं को उनकी इच्छा के विरूद्ध छूना या छूने की कोशिश करना जो महिला के सामने असहज स्थिति पैदा करने वाली हो, उसे लैंगिक उत्पीड़न के दायरे में माना जा सकता है। शारीरिक या लैंगिक सम्बन्ध बनाने की मांग करना या उम्मीद करना भी लैंगिक उत्पीड़न है। इसके आलावा किसी महिला से कार्य स्थल पर अश्लील बातें करना, अश्लील तस्वीरें, फिल्में या अन्य सामग्री दिखाना भी लैंगिक उत्पीड़न के दायरे में आ सकता है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त कार्यालयों में नियमानुसार गठित समिति द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को दी जानी चाहिये तथा जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रत्येक जनपद द्वारा वार्षिक रूप में जनपद के विभिन्न कार्यालयों की संक्षिप्त रिपोर्ट का ब्योरा महिला कल्याण निदेशालय को भी भेजा जाना अनिवार्य है।

## आगामी त्यौहार को देखते हुए एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने जिले में किया भ्रमण

### जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोगों से किये अपील-दुर्गा प्रसाद तिवारी

**पहल टुडे**

बलिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने बताया है कि शासन की मंशा के अनुरूप अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने जनपद के नगर क्षेत्र में सोमवार को भ्रमण किया। साथ ही जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग हो रही हैं।जनपद के नगर क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहार को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बरकरार रहे। साथ ही बकरीद व सावन माह को देखते हुए हर जगह यह संदेश दिया जा रहा है कि आप आपस में भाईचारे एकता बनाए रखें। यह जनपद आपका है जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी लोगों का दायित्व बनता है, इस दायित्व को बरकरार रखते हुए एकता अखंडता का परिचय दें। भ्रमण के दौरान एएसपी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु मोहम्मद फहिम, शहर कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह, बिचला घाट चौकी प्रभारी अमरजीत यादव, ऑक्टेनगंज चौकी प्रभारी एके पांडेय एवं सभी सहयोगी भ्रमण में शामिल रहे।



राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पहल टुडे
जनता का अखबार



## सम्पादकीय

# विश्वसनीयता पर सवाल

देश में जारी राजनीतिक वर्चस्व के लिये सूचना तंत्र के इस्तेमाल की जंग में सोशल मीडिया व परंपरागत मीडिया के एक हिस्से को भी इस्तेमाल करने से नहीं चूका जा रहा है, जो कालांतर विश्वसनीयता के संकट का वाहक ही बनेगा। हालिया उदाहरण के रूप में, जैसा कि कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के वायनाड में दिये गये एक बयान को उदयपुर के हत्यारों से जोड़ने का प्रयास एक चर्चित चैनल के टीवी एंकर ने किया है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी की ओर से चैनल के एंकर, भाजपा के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता, एक विधायक आदि के खिलाफ जयपुर में आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उक्त चैनल के खिलाफ बयान आया था जिसके बाद ही ये प्राथमिकी दर्ज की गई। यहां तक कि क्षुब्ध कांग्रेस कार्यकताओं ने चैनल के नोएडा स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया। दरअसल, 24 जून को राहुल गांधी के केरल में वायनाड स्थित कार्यालय में वामदलों की युवा शाखा ने तोड़फोड़ की थी। राहुल ने एसएफआई कार्यकताओं को बच्चा कहकर माफ करने की बात कही थी। जबकि राहुल के उक्त बयान को उदयपुर की उस घटना से जोड़कर प्रसारित किया गया, जिसमें दो धर्मांध लोगों ने एक दर्जी की गला रेतकर हत्या कर दी थी। निश्चित रूप से हेट क्राइम की घटना से राहुल गांधी के वायनाड के बयान को जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। जिसके राजनीतिक निहितार्थ भी हैं और उससे कांग्रेस पार्टी के जनाधार पर प्रतिकूल असर होने की बात पार्टी नेता करते रहे हैं। पार्टी नेताओं का आरोप है कि भाजपा को राजनीतिक लाभ देने और लोगों की भावनाओं को भड़काने के मकसद से टीवी प्रसारण की क्लिप को ट्विटर पर भी साझा किया गया। हालांकि, मीडिया हाउस ने इस बात के लिये माफी मांग ली है लेकिन पार्टी ने केरल में दिये गये बयान को तोड़-मरोड़ कर उदयपुर की घटना से जोड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

निश्चित रूप से मीडिया और राजनीति के बीच जो हल्की लक्ष्मण रेखा है, उसका उल्लंघन करना पत्रकारिता के मूल्यों का ह्रास ही कहा जायेगा। लंबे समय से देश में मीडिया के एक वर्ग पर देश के शीर्ष नेतृत्व को बढ़त देने के आरोप लगते रहे हैं, हालिया घटनाक्रम भी ऐसे ही आरोपों की ओर इशारा करता है। निस्संदेह, जनता मीडिया से नीर-क्षीर विवेक की उम्मीद करती है जिसका दायित्व तथ्यों की पवित्रता को कायम रखते हुए जिम्मेदारी से सूचना का संप्रेषण करना है। मीडिया विशिष्ट नहीं है उन्हें केवल जनता के सूचना प्रतिनिधि के रूप में काम करने का दायित्व मिला है। विडंबना यह है कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सबसे पहले खबर देने की होड़ में ऐसी खबरों का प्रसारण हो जाता है जो तथ्यात्मक रूप से पुष्ट नहीं होतीं। टीआरपी के लिये गलाकाट स्पर्धा ने इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। दूसरी विडंबना यह भी है कि यदि इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना भी चाहें तो भी कुछ चैनल मालिकों के निजी हित उनकी स्वतंत्र कार्यशैली में बाधक बन जाते हैं, जिसमें इन चैनल मालिकों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं व आर्थिक हित भी जुड़े रहते हैं। यही वजह है चैनलों के संचालन में मुनाफे के समीकरण को देखते हुए चैनलों की बाढ़ सी आ गई है। इनके संचालन में देश के अरबपति पूंजीपतियों व उनके राजनीतिक आकाओं की पूंजी भी लगी रहती है। सही मायनों में पत्रकारिता के सरोकारों से उनका कोई लेना-देना नहीं होता।

# टीवी चैनलों की डिबेट की सार्थकता पर सवाल



राजेश माहेश्वरी

> नुपूर के बयान से भारत सहित अनेक इस्लामी देशों में बवाल मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीजेपी ने अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नूपुर को पार्टी से निलम्बित कर दिया। वहीं उनके समर्थन में आये दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता नवीन जिंदल को पार्टी से निष्कासित कर दिया। मुस्लिम देशों की नाराजगी दूर करने के लिए उठाये गए कूटनीतिक कदमों का माकूल असर हुआ और कुछही दिनों में उनका गुस्सा ठंडा पड़ गया। लेकिन हमारे देश में राजनीतिक कारणों से विरोध की चिंगारी भड़काई जाती रही।

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बारे में जो टिप्पणियां कीं उनके बाद टीवी चैनलों पर आयोजित की जाने वाली बहसों की सार्थकता पर नये सिरे से विमर्श शुरू हो गया है। वास्तव में जिस चैनल पर नूपुर ने बयान दिया उसकी भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी। कहा जाता है इस बहस में मुस्लिम पॉलिटिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष तसलीम रहमानी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में इस्लामिक स्टडीज डिपार्टमेंट के प्रोफेसर जुनैद हारिस भी हिस्सा ले रहे थे। टीवी डिबेट के दौरान रहमानी और नूपुर शर्मा के बीच बहस काफी तीखी हो गई। बहस के दौरान बीजेपी प्रवक्ता ने यह भी कहा कि लोग लगातार हिंदू धर्म का मजाक उड़ा रहे हैं और अगर यही स्थिति बनी रही तो वह भी दूसरे धर्मों का मजाक उड़ा सकती हैं। बहस में बैठे मौलाना के उकसाने पर शर्मा आपा खो बैठीं और उन्होंने भी उसी शैली में जवाब दिया।

कानपुर के साथ ही देश के अनेक शहरों में मुस्लिम समुदाय द्वारा जुमे की नमाज के बाद जिस तरह का उपद्रव मचाया उसकी वजह से उत्तेजना और बढ़ी जिसका चरमोत्कर्ष राजस्थान के उदयपुर में कन्हैया नमक दर्जी की नृशंस हत्या के रूप में सामने आया। इस वारदात से पूरे देश में गुस्सा है। उदयपुर की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी एक मामला सामने आया है। उदयपुर मामले की जांच एनआईए कर रही है। जांच एजेंसियों ने जो संकेत दिए उनके अनुसार कन्हैया की हत्या केवल धार्मिक उत्तेजना नहीं वरन आतंकवादी साजिश का नतीजा थी, जिसके तार सीमापार पाकिस्तान से जुड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस घटना के बाद देश के कई दूसरें शहरों से उसी तरह की धमकियां दिए जाने की खबरें आने लगीं जैसी कन्हैया को दी गई थी।

बकौल सर्वोच्च न्यायालय इस सबका कारण नूपुर का वह बयान था। सुप्रीम कोर्ट ने उनको टीवी पर आकर माफी मांगने की नसीहत भी दी और उनकी गिरफ्तारी न होने पर भी ऐतराज जताया। लेकिन उसकी इस आपत्ति पर लोगों का



ज्यादा ध्यान नहीं गया कि जब ज्ञानवापी मस्जिद का प्रकरण अदालत में लंबित था तब टीवी चैनल ने उस पर बहस क्यों करवाई ? नूपुर के वकील के ये कहने पर कि उन्हें बहस के दौरान उकसाया गया तो जज साहब ने कहा कि उनको टीवी एंकर के विरुद्ध शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी। न्यायालय की टिप्पणी के बाद टीवी चैनलों की कार्यप्रणाली पर विचार करने की जरूरत है। बीते काफी समय से ये देखा जा रहा है कि समाचार चैनलों की दर्शक संख्या में तेजी से कमी आती जा रही है और ये भी कि उनके द्वारा आयोजित बहस की प्रमाणिकता को लेकर संदेह बढ़ता जा रहा है।

आजकल हमारे चैनलों पर हर बहस में पार्टी-प्रवक्ताओं को बिठा दिया जाता है। वे मूल विषय पर तर्क-वितर्क करने की बजाय एक-दूसरे पर बेलगाम प्रहार करते हैं। उनके मुंह में जो भी आ जाता है, उसे वे बेझिझक उगल देते हैं। अप्रैल 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि आपराधिक मुकदमों से संबंधित मामलों पर टीवी चैनलों पर बहस होना ह्लआपराधिक न्याय में हस्तक्षेपह्व है। जस्टिस यूयू ललित और पीएस नरसिम्हा की बेंच ने कहा अपराध से संबंधित सभी मामले और कोई भी विशेष बात जो सबूत हो सकती है, ये कानून की अदालत द्वारा निपटाया जाना चाहिए, न कि टीवी चैनल के माध्यम से।ह्व दरअसल हमारे टीवी न्यूज को एक बीमारी हो गई है। और वो बीमारी ये है उसके न्यूज एंकर खुद ही खुद को खुदा समझने लगे है। कई बार हम देखते है कि मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू ही नही होती है कि हमारे न्यूज एंकर खुद ही जज बनकर फैसला तक सुना देते है। टीवी न्यूज एंकरों की एक नही ऐसी सैकड़ों ऐसी मिसाले हैं जो ये बताने के लिए काफी है कि आज हम न्यूज के बजाए नौटंकी कर रहे है।

ये भी आम चर्चा है कि मुख्य रूप से हिन्दू-मुस्लिम से जुड़े किसी भी विषय पर जिन मेहमानों को बुलाया जाता है उन्हें उसके लिए पैसे दिए जाने के साथ ही पूरी बहस की पटकथा पहले तय कर ली जाती है। जो लोग टीवी के परदे पर एक दूसरे पर हमला करने तक का दिखावा करते हैं वे बहस खत्म होने के बाद एक साथ बैठकर चाय पीते और अक्सर एक ही वाहन से जाते हुए दिखाई देते हैं। सच्चाई जो भी हो लेकिन तकनीक के कन्धों पर बैठकर आई टीवी पत्रकारिता ने बहस और विमर्श दोनों को जिस तरह बाजारू बना दिया उसके कारण यह माध्यम अपनी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता दोनों गंवाता जा रहा है।

हमारा टीवी मीडिया भी इंस्टैंट के आग्रह के चलते ह्यपॉपह्न विश्लेषण की बहस संस्कृति को प्रोत्साहित कर रहा है, जहां आपको कोई न कोई पक्ष लेने के लिए बाध्य कर दिया जाता है। आमतौर पर इन बहसों में पूछे जाने वाले सवाल अतिवादी विचारों को प्रोत्साहित करते हैं। सूक्ष्म विश्लेषण करने वाले संयत स्वरों को नीरस करार दे दिया जाता है, जबकि कर्कश लफ्फाजियों को ऊंची ह्यएंटरटेनमेंट वैल्यूह्न प्रदान करने वाली मान लिया जाता है।

नुपूर शर्मा के प्रकरण में कुल मिलाकर जो निष्कर्ष सामने आ रहा है उसके अनुसार टीवी चैनलों का विशुद्ध व्यवसायिक रवैया देश में अनेक विवादों का कारण बनता रहा है। उस दृष्टि से देखें तो दूरदर्शन और लोकसभा टीवी पर होने वाली चचाओं में कहीं ज्यादा गंभीर और तथ्यात्मक बातें सुनने मिलती हैं।

लेकिन निजी चैनल विशुद्ध व्यवसायिक दृष्टिकोण से बहस आदि का आयोजन करवाते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य दर्शकों को व्यर्थ की बातों में उलझाकर ज्यादा से ज्यादा विज्ञापन बटोरना है जिसके लिए सनसनी फैलाना आवश्यक होता है। संदर्भित प्रकरण के पीछे भी यही वजह समझ में आती है।

निश्चित ही मीडिया इस खेल के लिए एक सरल मंच मुहैया कराता है, लेकिन टीवी स्टूडियो कोई ऐसा चुंबकीय क्षेत्र नहीं होता, जो हमारे उच्चतर विवेक का हरण कर लेता हो। आखिर हमारे नेता ही सार्वजनिक विमर्शो को अधिक समृद्ध बनाने की अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं समझते ? हमें तर्कप्रिय होना चाहिए, लेकिन अभियोगप्रिय नहीं। हमें खुले विचारों का होना चाहिए, असहिष्णु नहीं। सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जितनी लताड़ नूपुर को लगाई उससे ज्यादा जरूरी उस चैनल के प्रति भी थी जिसने इस बवाल की जमीन तैयार की। अच्छा होगा कि टीवी चैनल आपसी प्रतिस्पर्धा के बावजूद इस तरह के विवादों को रोकने के बारे में आत्मानुशासन का उदाहरण पेश करें क्योंकि सरकार इस बारे में कड़ाई करेगी तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन और असहिष्णुता का रोना शुरू हो जाएगा। वहीं राजनीतिक दलों और नेताओं, विशेष तौर पर सत्ता में बैठे लोगों का ये दायित्व बनता है कि वे इलेक्ट्रानिक मीडिया को अतिरिक्त महत्व देना बंद करें। जो दिखता है वह बिकता है, वाली धारणा को त्यागकर जो दिखाया जाए वह प्रामाणिक हो, वाली मानसिकता विकसित करनी होगी।

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# महंगाई उच्चतम सीमा पर

## आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को रोकने नए प्रभावी नियंत्रक कानून की आवश्यकता



संजीव ठाकुर

भारत में पिछले दो वर्षों में महंगाई चरम पर पहुंच गई है भारत की जनसंख्या के मद्देनजर लगभग 135 करोड़ लोगों के लिए आवश्यक वस्तुओं के दाम पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। आपको यह बता दें कि आवश्यक वस्तुओं में चावल, दाल, गेहूं, केरोसिन, गैस, पेट्रोल, डीजल और अन्य रोजमर्रा की चीजें समाहित है।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगी इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें पिछले दो-तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं।

यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। रूस यूक्रेन युद्ध के 50 दिन पूरे हो चुके हैं और यूक्रेन के हौसले अभी भी बुलंद दिखाई दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसियों के अनुसार कीव ,मारियोपोल, बूचा, लोहानस्क,डोनेट्स आदि शहर नर संहार के भयानक केंद्र बन चुके हैं। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है। यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी । अब धीरे-धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। उल्लेखनीय है कि इस रूस यूक्रेन युद्ध में रूस के साथ लगभग 24 देश ही है और बाकी सारे देश रूस का लगातार विरोध कर रहे हैं केवल भारती ही ऐसा देश है जो निरपेक्ष बना हुआ है रूस का मौन समर्थन करने के कारण यूरोपीय देश की नाराजगी झेलने को मजबूर हैं। विश्व युद्ध में भारत की स्थिति बड़ी असमंजस वाली बन सकती है, यदि भारत रूस का साथ देता है तो उसे अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों के विरोध का सामना करना पड़ सकता है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।

# खुद का ख्याल भी जरूरी




रेखा शाह आरबी

किसी भी घर और परिवार की गृहणी उस घर की धुरी होती है। पूरे परिवार की छोटी से लेकर बड़ी जरूरत, सब के खाने -सोने पहनने का ख्याल रखना पड़ता है गृहणी एक तरह से घर की गूगल होती है जिसे घर में क्या कहां है ! कैसे हैं ! !सब पता होता है और परिवार का हर सदस्य अपनी रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरत के लिए गृहणी पर निर्भर होता है। और गृहिणी भी पूरे मनोयोग से सबका ख्याल रखती है तथा पूरे परिवार का कुशलतापूर्वक संचालन करती है।

पर सबका ध्यान रखने के चक्कर में अक्सर गृहणी अपना ध्यान नहीं रख पाती हैं जो उनके शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है क्योंकि यदि घर की गृहणी स्वस्थ नहीं है तो वह परिवार के स्वास्थ्य का उनकी जरूरतों का कैसे ध्यान रख पाएगी पर अधिकांश महिलाओं में यह आदत देखी जाती है जितनी सतर्कता से वह अपने परिवार का ध्यान रखती हैं उतना स्वयं का नहीं रख पाती हैं वह स्वयं की जरूरतों को सबसे आखिर में स्थान देती हैं पर उन्हें समझना चाहिए कि उन्हें भी एक ही जिंदगी मिली है, जिम्मेदार होना बहुत अच्छी बात है पर स्वयं को नजरअंदाज करना उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। और उनके परिवार के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा नहीं है और जैसे-जैसे उम्र बढ़ेगी.. उनके लिए यह नजरअंदाजी भारी पड़ती जाएगी।

यदि घर मे पुरुष और महिला दोनों कामकाजी हैं और कार्य की अधिकता है तो वह घर के बच्चों और पुरुषों से छोटे-छोटे कामों में हेल्प लेकर घर के कार्य को व्यवस्थित और सुनियोजित रूप से कर सकती है और अपने लिए समय निकाल सकती है इस तरह बच्चों में भी आत्मनिर्भरता की भावना आएगी। और बचे हुए समय में वह अपने आप को फिट रखने के लिए अपने शौक पूरे कर सकती है अपने ऊपर ध्यान दे सकती है।

# बारूद के ढेर पर अगरबत्ती सुलगाती राजनीति



-भूपेन्द्र गुप्ता 'अगम'

महाराष्ट्र के महामंथन के बाद जो अमृत और जहर निकल कर सामने आये हैं, उसने भारत की आर्थिक राजनीति पर नियंत्रण करने की भाजपा की कशमकश को उजागर कर दिया है। इतना ही नहीं सैकड़ों वर्ष पुरानी हिंदू पदपाद शाही और पेशवाई के द्वंद भी सामने ला दिए हैं। इस महाभारत में अमृत मंथन के जो परिणाम सामने आए हैं वे ना केवल चौंकाने वाले हैं बल्कि राजनैतिक विवशता की पराकाष्ठा को व्यक्त करते हैं। सभी जानते हैं कि देवेन्द्र फडनवीस 5 साल तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वे स्वयं ही शिवसेना के विद्रोही नेता एकनाथ शिंदे को उप-मुख्यमंत्री बनाने के ऑफर दे रहे थे। अचानक उन्ही फड़नवीस को विद्रोही एकनाथ शिंदे का उप-मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब वह कैडर आधारित पार्टी नहीं रही है, बल्कि पूर्णरूपेण राजनीतिक पार्टी बन गई है।सत्ता के लिए उसे किसी भी तरह के समझौते करने से कोई गुरेज नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर वह आतंकवाद की पोषक बताई जाने वाली पार्टी पीडीपी के साथ भी सत्ता में भागीदार बनने तैयार हैं। अपने ही एक सीनियर पूर्व मुख्यमंत्री को अल्पमत के विद्रोहियों के नीचे उप मुख्यमंत्री बनाने भी तैयार है। यह एक संदेश है कि कार्यकर्ता केवल कार्यकर्ता ही है और सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य मार्ग में अगर उसकी गर्दन कटती है तो पार्टी दुश्मन को भी अपना बनाने तैयार है।




सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र में अन्य पिछड़ा वर्ग बहुत शक्तिशाली है छोटी-छोटी अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियां ना केवल लड़ाकू है बल्कि सैन्य संरचना और साहस को समझती हैं और शिवसेना प्रतीक रूप में उनकी पहचान बन चुकी है।छत्रपति शिवाजी ने जिन पिछड़ी जातियों को जोड़कर अपनी राज्य व्यवस्था कायम की थी लगभग वही जाति संतुलन शिवसेना के गठन में परिलक्षित होता है ।अगड़ी जातियों द्वारा आर्थिक राजधानी पर कब्जा करने की नीयत से दिल्ली की सहायता से मुंबई पर जो हमला किया है उसे यह पिछड़ी जातियां किस सीमा तक सहन करेंगीं यह समय के गर्भ में है। किंतु यह तो साफ ही है कि भविष्य में अगड़ी और पिछड़ी का संघर्ष आर्थिक राजधानी से ही शुरू होगा । बहुत संभव है कि शिवसेना इसे मराठी मानुस और गुजराती अर्थ सत्ता के संघर्ष में बदल दे। अगर ऐसा हुआ तो भारत के सामने एक नया अर्थ संकट खड़ा होने जा रहा है।

शिवसेना सरकार के पतन और एकनाथ की ताजपोशी को अर्थ जगत ने कैसे लिया है इसका प्रमाण है कि दो दिन में ही सेंसेक्स लगभग एक हजार प्वाइंट नीचे आ गया और जून का महीना खुदरा निवेशकों के लिये लुटने का जून हो गया है।

विद्रोही एकनाथ शिंदे ने बहुत ही सफाई से इस गठबंधन को हिंदुत्व का पैरोकार बता कर दलबदल की अनैतिकता पर पर्दा डालने की कोशिश की है। यह मुंबई में सभी जानते हैं कि भाजपा के साथ पिछली पंचवर्षीय सरकार में जब शिवसेना शामिल थी तब एकनाथ शिंदे ने ही सार्वजनिक कार्यक्रम में अपना इस्तीफा देकर शिवसेना पर भाजपा गठबंधन से निकलने का दबाव बनाया था। उनका कहना था कि भा ज पा शिवसेना को खाने की चेष्टा कर रही है और उद्धव ठाकरे को भाजपा से गठबंधन तोड़ लेना चाहिए ।आखिर कब तक शिवसैनिक भाजपा की प्रताड़ना और भेदभाव पूर्ण व्यवहार को सहन करें ।आज वही एकनाथ शिंदे उसी भाजपा से कथित हिंदुत्व के नाम पर समझौता कर रहे हैं,बल्कि महाविकास अघाड़ी की नैतिकता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं। देश के लगभग सभी दल जिन्होंने समय-समय पर भाजपा के साथ गठबंधन किया था यह मानते हैं कि भाजपा हमेशा सबसे पहले अपने ही गठबंधन के सहयोगियों को खाने की कोशिश करती है। पूर्व में चाहे बसपा रही हो, चाहे अकाली दल या नीतीश कुमार की पार्टी हो सभी पार्टियां लगभग समाप्त हो रहीं हैं,उनकी लीडरशिप का बड़ा हिस्सा भाजपा में जुड़ चुका है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और बी जे डी जरूर ऐसी पार्टियां हैं जो हाथ छुड़ाकर ना भागीं होतीं तो वे भी शिवसेना की तरह विभाजन की पीड़ा से गुजर रहीं होतीं ।उन्होंने मगरमच्छ के मुंह से बाहर निकल कर जान तो बचा ली है मगर भाजपा अपना अपमान और लक्ष्य नहीं भूली होगी यह भी तय है।

तात्कालिक सत्ता के लिये अल्पमत के नीचे बहुमत होते हुए भी भाजपा काम करने तैयार है। याद कीजिए यही समझौता बिहार में हुआ था जहां अल्पमत के नीतीश कुमार तो मुख्यमंत्री हैं और बहुमत की भाजपा का उपमुख्यमंत्री।

सत्ता के लिये महाराष्ट्र का ताजा सौदा भले ही भाजपा के लिये आर्थिक राजधानी के खजाने के दरवाजे खोल दे मगर आने वाले समय में उसके कार्यकताओं का खजाना भी लुट सकता है,यह भी संभावना है।

महाराष्ट्र का यह महाभारत अभी तक राजनीति के गलियारों में था आगे चलकर इस महाभारत के समाज में उतरने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता और उसी अग्निपथ पर आर्थिक राजधानी का भविष्य निर्भर होगा।फिलहाल तो राजनीति बारूद के ढेर पर बैठकर अगरबत्ती सुलगा रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-148 मिर्डोल विल्ला, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/78772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

# ईद उल अजहा को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**आपसी सौहार्द एवं भाईचारे से मनाएं ईद उल अजहा: रामकृष्ण यादव**



पहल टुडे

सिंदुरिया,महराजगंज। आगामी त्योहारों ईद उल अजहा को लेकर थाना सिंदुरिया में थानाध्यक्ष रामकृष्ण यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की गयी ।थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व्यवस्था के साथ त्योहारों को मनाया जाय। किसी भी अराजक तत्वों के द्वारा यदि किसी तरह का धार्मिक अफवाह फैलाया जायेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। उन्होंने कहा कि धर्म विशेष पर टिका टिप्पणी, धर्म, व्यक्ति विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम जो करेगा या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने, वायरल करने वाले पर साइबर सेल कड़ी निगरानी रख रहा है। इसलिए ऐसे कृत्यों से बचें और शांति पूर्वक आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ आगामी त्यौहार मनाये। इस दौरान विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान एवं थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# सिंगल यूज पॉलीथिन पर रोक का जागरूकता अभियान का नहीं दिख रहा है असर



**शपथ व जागरूकता अभियान स्कूल के बच्चो में ,प्रयोग बाजार में हो रहा धड़ल्ले से**

पहल टुडे / मनोज रूंगटा

रुद्रपुर देवरिया शासन के निर्देश पर सिंगल यूज पालिथिन पर अंकुश लगाने हेतू नगर पंचायत द्वारा पांच दिवसीय अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई इसके लिए नगर पंचायत ने स्कूलों में अभियान चलाकर शपथ भी दिलाया लेकिन लगातार अभियान स्कूल के बच्चों में ही चल रहा है और प्लास्टिक यूज बाजारों में धड़ल्ले से हो रहा है ऐसे में अभियान की सार्थकता कैसे होगी हालांकि सरकार भी कह रही है जुमार्ना नही लगाना है केवल जागरूकता फैलाना है तो निकाय भी जागरूकता ही फैला रही है असर कितना हो रहा है यह तो वाजारो मे ही जाने से ही पता चल रहा है

नगर पंचायत लगातार जागरूकता अभियान चलाकर सिंगल यूज पॉलिथीन उपयोग न करने की अपील कर रही है बताते चलें कि राज्य सरकार के पर्यावरण विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाया है सरकार का कहना है कि प्लास्टिक यूज पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रही है

नगर पंचायत के ई ओ कमलेश शाही ने कहा शासन के निर्देश का पालन कर सिंगल यूज पॉलीथिन पर रोक लगाने के लिए बाजारों में जागरूकता फैलायी जाएगी और लोगों से इससे होने वाले नुकसान को बताया जाएगा

# दुष्कर्म मे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवपुर में बीते दिन नाबालिक लड़की के साथ हुई दुष्कर्म में नामजद आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर पास्को एक्ट में जेल भेज दिया मालूम हो कि शिवपुर के टोला भरटोला निवासी ज्ञानमती ने गांव के उक्त निवासी को अपनी पुत्री के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म का आरोप लगाया था जहां पुलिस ने ज्ञानमती के तहरीर पर आरोपी रामाशीष राजभर के ऊपर अपराध संख्या 195/ धारा 376 504 506 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया मुखवीर की सूचना रामलक्षन चौकी इंचार्ज राधेश्याम चौधरी अपने हमराही हेड कांस्टेबल धीरेंद्र राय व रविंद्र प्रताप राव के साथ सोमवार के दोपहर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर थाने ले आयी जहा दूष्कर्म के आरोप मे जेल भेज दिया



फास्ट ट्रैक

# पकरडीहा में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**आनंदनगर, महराजगंज।** पर्यावरण संरक्षण के क्रम मे मंगलवार को ग्रामसभा पकरडीहा में अमृत सरोवर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राघव पाण्डेय व कमलेश पाण्डेय( मस्तू ) जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा महराजगंज ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया ।इस अवसर पर कमलेश पांडेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता की आवश्यकता है। जब प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होगा तभी हम अपनी धरती को प्रदूषित होने से बचा सकते है ।और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य दे सकते है। इस अवसर पर धीरज पाण्डेय, रोजगार सेवक दुर्गेश चौरसिया अनिल पाण्डेय, शिवम पाण्डेय , शिवेन्द्र पाण्डेय, रामचन्द्र राजभर,व अन्य ग्रामवासियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया ।

# पर्यावरण महा अभियान का हुआ शुभारंभ

**ऑक्सीजन के स्रोत पेड़ पौधे जीवन के आधार: संजीव गौड़**

**महराजगंज** ।जनपद में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोंड द्वारा जिला मुख्यालय स्थित मुख्य पार्क में पौधरोपण कर महा अभियान का शुभारंभ किया गया। पौधरोपण के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री संजीव गौड़ ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के हित मे पौधरोपण का महा अभियान शुरू किया है। आज प्रदेश भर में 25 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे और महराजगंज जनपद में भी 25 लाख पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वस्थ्य व सुंदर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन का महत्व हमे कोरोना काल मे पता चला था। इसलिए हम लोगों को ऑक्सीजन के स्रोत पेड़ों का भी समझना होगा। इससे पूर्व सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने सरकार के इस बेहतरीन प्रयास की सराहना की और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। राज्य मंत्री का स्वागत एनसीसी और स्काउट एंड गाइड के कैडेट्स द्वारा बैंड के साथ किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, नोडल अधिकारी पी. गुरुप्रसाद, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, एडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने भी पौधरोपण किया।



# जिंदगी का पर्याय ही वृक्ष हैं

- वन महोत्सव का उद्देश्य ही अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाना और संरक्षित करना : खंड शिक्षा अधिकारी
- स्कूल परिसर में पौधरोपण करते प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी



पहल टुडे

**आनंदनगर,महराजगंज :** फरेंदा क्षेत्र के भगवत नगर परसिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में खण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण कर बाल वन की स्थापना की गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी फरेंदा पिंगल प्रसाद राणा ने कहा कि इसांन को यदि इस धरती पर जीवित रहना है तो उसे सांस लेने की जरुरत है यदि सांस लेने में ऑक्सीजन नहीं होगी तो हम जीवित भी नहीं होंगे। जिस तरह से रहना, खाना, पीना, सोना जरुरी है वैसे ही सांस लेना भी अति आवश्यक है। देखा जाए तो जिंदगी का पर्याय ही वृक्ष हैं। इन्हीं वृक्षों को बचाए रखने के लिए भारत में प्रतिवर्ष जुलाई माह के पहले सप्ताह को वन महोत्सव के रुप में मनाया जाता है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उसके संरक्षण हेतु मनुष्यों को जागरूक करना है । इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने बच्चों से वृक्षारोपण कराकर उसके संरक्षण का संकल्प दिलाया। भगवत नगर परसिया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज गुप्ता ने ग्राम सभा के उपस्थित सभी सदस्यों से निवेदन किया कि अधिक से अधिक पेड़ पौधों को संरक्षित करें। पेड़-पौधों के उगने के लिए यह नमी का मौसम अच्छा माना जाता है। इस मौसम में पेड़-पौधे जल्दी उगते हैं। विद्यालय के साथ-साथ ग्राम सभा के सभी सार्वजनिक एवं खाली भूमि पर वन महोत्सव के अंतर्गत 5 जुलाई से 7 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण कराया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज गुप्ता और ग्राम सभा के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# वन महोत्सव पर विधायक ने किया पौधारोपण



**बृजमनगंज के खुर्रमपुर चौकी पर वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

आनंदनगर, महराजगंजः फरेंदा वन क्षेत्र में बृजमनगंज के खुर्रमपुर चौकी पर मंगलवार को वन महोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने पौधारोपण कर महोत्सव का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा की पर्यावरण को संतुलित करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।इस अवसर पर वन विभाग के एसडीओ हरिकेश नारायण यादव, वन क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह, वन दरोगा अनिल सिंह, राजन सहानी, एजाज अहमद, रामलखन यादव, हनुमान प्रसाद, मोहम्मद हारुन, हृदय नारायण पाण्डेय, अविनाश प्रताप सिंह, सन्तोष जायसवाल, राहुल यादव, महेश शर्मा, चून्नू दूबे, विनय तिवारी, विजय मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, सप्पू यादव, नियाज अहमद मौजूद रहे।

# भुगतान न होने से आक्रोशित प्रधान संघ ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन



- ৳ ृजमनगंज विकास खंड में पक्के कार्यों का भुगतान न होने से आक्रोशित प्रधानो ने की नारेबाजी
- बीडीओ को ज्ञापन दे कर दिया चेतावनी

पहल टुडे

आनंदनगर, महराजगंजः बृजमनगंज विकास खंड कार्यालय पर मंगलवार को प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह के नेतृत्व में समस्त प्रधानों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। प्रधान संघ अध्यक्ष राजू सिंह ने कहा कि फंड आने के बावजूद वर्ष 2021-22 में हुए पक्के कार्यों का भुगतान बृजमनगंज के किसी भी ग्राम पंचायत का नही किया गया। जबकि जनपद के अन्य विकास खंड में सोमवार को भुगतान किया गया। बृजमनगंज के साथ सौतेला व्यवहार बर्दाश्त नही किया जाएगा।

आक्रोशित समस्त प्रधानों ने मनरेगा सहित ग्राम सभा के समस्त कार्यों का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। तथा जल्द भुगतान नही होने पर ब्लाक में ताला बंदी करने की चेतावनी भी दी।

इस अवसर पर गुंजन पासवान, मदनगोपाल यादव, दिलीप गुप्ता, असफाक अहमद, सोनू सिंह, रमेश सिंह, बृजलाल यादव, गयासुद्दीन, मुरलीधर, महेश शर्मा, रामकेश, रमेश अग्रहरी, तौफीक अहमद, रामखेलावन सहित अन्य मौजूद रहे।

# महाअभियान के तहत किया पौधरोपण

**:धरती के श्रृंगार एवं जीवन के आधार है पेड़ पौधे: ज्ञानेन्द्र सिंग**



पहल टुडे

**महराजगंज।** पौधरोपण महा अभियान अंतर्गत पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा पनियरा खास शिव मंदिर परिसर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हंसखोरी तथा महुआवा आदि में पौधरोपण कर लोगो से पर्यावरण मजबूती के लिए पौधरोपण करने की अपील की। पनियरा विधायक ने कहां कि पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन में ही मानव तथा अन्य जीव धारियों का जीवन सुरक्षित है। सभी को पौधरोपण कर धरा की खूबसूरती जैसे पुनीत कार्य का भागी होना चाहिए। स्वच्छ एवं शुद्ध वातावरण पेड़ पौधों से ही संभव ।है। ऑक्सीजन के स्रोत पेड़ पौधों का महत्व कोरोना काल के दौरान दिखाई दिया ।इस ।दौरान पनियरा ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ल सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**घुघली,महराजगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र ग्राम सभा मेदनीपुर खुशहालनगर निवासी चंदन वर्मा का बिजली करंट के चपेट में आने से मौत। बताते चले कि खुशहालनगर निवासी चंदन वर्मा पुत्र रामनयन वर्मा उम्र 25 सोमवार कि रात्रि लगभग नौ बजे विघुत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गये चिलाहट की आवाज सुन कर स्थानीय लोग मौके पे पहुंचे। परिजनों व ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु केएमसी डिजिटल अस्पताल महराजगंज लाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# प्रेमिका के साथ पति के रहने पर पत्नी ने मारा चाकू,सौतेली बेटी घायल

**कोंच।** कोंच के गिरवर नगर मोहल्ले मे महिलाओं के बीच हुई चाकूबाजी की वारदात से इलाके मे दहशत फैल गई। प्रेमिका के घर पति के रहने की सूचना पर पहुंची पत्नी ने सौतेली बेटी पर चाकू से बार कर दिया ।चाकू लगते ही युवती के हाथ से खून का फब्बारा निकल पड़ा ।इलाकाई लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चाकूबाज महिला को गिरफ्तार कर घायल युवती को सीएचसी भेजा। कानपुर देहात के मोहम्मद नगर सिकंदरा की रहने वाली महिला सीमा उर्फ सब्बो को जानकारी हुई कि उसका पति कोंच के गिरवर नगर मे रहने वाली महिला नाहिदा पत्नी स्व अनीस कुरैशी के साथ रह रहा है।

# कंपोजिट विद्यालय में किया गया पौधरोपण

पहल टुडे



सिंदुरिया,महराजगंज। शासन के मंशा के अनुरूप प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिस के क्रम में आज विकासखंड में मिठौरा अंतर्गतहरिहरपुर व बड़हरामीर कंपोजिट विद्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार तथा ग्राम प्रधान हरिहरपुर बंदना पटेल व ग्राम प्रधान बड़हरामीर चन्द्रमणि ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के मूल आधार है। इनकी सुरक्षा कर हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है ।पौधरोपित करते समय विनोद यादव( एआरपी ),विद्यालय अध्यापक विद्यासागर पटेल,देवेन्द्र कुमार,क्षेत्रपाल,ओमप्रकाश,रघुनाथ पटेल,रेखा,शालिनी ,विजय गुप्ता, स्वप्निल, अनील, जीतेन्द्र, विनिता, उर्मिला साहब, अश्वनी पटेल फणीन्द्र भारती सहित गुप्ता,समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री,अनुदेशकों एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने किया सिरवानिया गांधी वन में पौधरोपण

पहल टुडे



तरकुलवा( देवरिया ) ।पर्यावरण दिवस पर शासन के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विकासखंड तरकुलवा की ग्राम पंचायत सिरवानिया में मुख्य विकास अधिकारी रविंद्र कुमार एवं जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय द्वारा संयुक्त रुप से गांधी वन पौध रोपण किया। जिसमें मनरेगा के तहत 3500पौध लगाए गए। अभियान में ग्राम सभा के वरिष्ठ नागरिक, नव दंपति, बालिकाएं, किशोरी , ग्राम प्रधान, सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि पौधरोपण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौध लगाया जाना अति आवश्यक है ।हम सभी की जिम्मेदारी है कि जितना पौध लगाएं उससे बढ़-चढ़कर के उसके सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी का भी अहम हिस्सा बने ।इस दौरान डीसी विजय शंकर राय ,बीडीओ राधेश्याम सिंह, एडीओ पंचायत राम आसरे विश्वकर्मा ,सुजीत कुमार, एपीओ राहुल कुमार ,रवि श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश राय ,अजीत कुमार, हरेराम चौहान, ग्राम प्रधान लालमुनि देवी, जयप्रकाश कुशवाहा, हरकेश सिंह, धनवंत मिश्रा ,सुरेंद्र राव,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने कहा कि हमे पूर्व की भाति रहने दिया जाए

# सब्जी मंडी के व्यापारियों ने धरना देकर न्याय की मांग की



पहल टुडे / मनोज रूंगटा

रुद्रपुर देवरिया रूद्रपुर नगर के मेन मार्केट स्थित वर्षो पुरानी स्टेट की जमीन में वसी सब्जी मंडी के व्यापारियों ने स्टेट के मालकिन द्वारा निर्माण कराये जा रहे दुकान को लेकर आज सब्जी मंडी को बंद कर व्यापारी धरना पर बैठते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि हम लोग दशकों से अपनी दुकानदारी कर आजीवका चलाते हैं स्टेट परिवार द्वारा दुकान बनाने के नाम पर जमीन खाली कराने के बाद मनमानी किया जा है

व्यापारियों ने कहा कि हमे पूर्व की भाति रहने दिया जाए

इस सम्वंध मे स्टेट की मालकिन कादंबरी सिंह ने कहा कि मेरी पैतृक जमीन है जहां दशको से कब्जा है जिस पर लोग दुकान लगाते हैं जहा कौडी की वसुली की जाती है कुछ बीच के लोग जिनका स्वार्थ नहीं सिद्ध हो रहा है वह व्यापारियों को बरगलाने का कार्य कर रहे हैं

एस डी एम संजीव उपाध्याय ने कहां की जानकारी पत्रक के माध्यम से हुयी है दोनों को बुलाकर मामले की जानकारी कर सही रास्ता निकाला जाएगा

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का चला सघन अभियान

रुद्रपुर देवरिया अमृत महोत्सव के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाए जा रहे सघन वृक्षारोपड़ अभियान में अनेकों अधिकारी ,कर्मचारी व समाजसेवी द्वारा वृक्षारोपण किया गयातहसील परिसर में एसडीएम संजीव उपाध्याय दुर्गेश्वर नाथ मंदिर बाईपास रोड पर वाणिज्य कर अधिकारी व नगर पंचायत द्वारा कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वितीय में मनोज भाटिया द्वारा पूर्वी तिवारी टोला अंशुल तिवारी रुद्रपुर भरटोला में नगर मंडल अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पकड़ी मंडल में अध्यक्ष कमलेश सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया इसी क्रम में रामजी सहाय पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत महाविद्यालय परिसर में फलदार पीपल व बरगद का वृक्ष लगाया गया एस डी एम संजीव उपाध्याय ने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है वृक्ष लगाना परोपकारी है इससे शुद्ध वातावरण मिलता है वृक्षारोपण अभियान में रामजी सहाय पीजी कॉलेज की अध्यापक आशुतोष सिंह मनोज भाटिया शिव कुमारी मौर्या दयाशंकर प्रीति श्रीवास्तव धर्मेंद्र सिंह नौशाद दयाशंकर विजयलक्ष्मी सरफराज गणेश चौबे विद्याधर गुप्ता रमेश जायसवाल राम दरस कुशवाहा आदि लोग थे

फास्ट ट्रैक

## आगामी त्योहार को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**कुशीनगर** आज अहिरौली बाजार थाना परिसर में थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा की त्योहार हमे आपसी भाई चारे का संदेश देते है हमे आपसी भाईचारे के साथ मिल जुल कर अपना त्योहार मनाना चाहिए बकरीद का त्योहार आप लोग शांति पूर्वक मनाए किसी के बहकावे में आकर कोई गलत कदम मत उठाए अफवाहों पर ध्यान मत दे अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो हमे अवगत करावे पुलिस आप के साथ है त्योहार में खलल डालने वाले अराजक लोगो को बक्शा नही जायेगा शांति पूर्वक मिल जुल कर अपना त्योहार मनाए ।।इस अवसर उपनिरीक्षक राजेश कुमार सुनील सिंह, हजरत अली ,मैनुदिन,रियाजुदीन,इफ्तार,किस्मत अली यूसुफ अली हमीद अंसारी, राजेश्वर सिंह,भूपेंद्र सिंह,जोगिंदर सिंह,राम सखा आदि लोग उपस्थित थे

## रेलवे में रिक्त पदों पर पदोन्नति की अब हर महीने मॉनीटरिंग, रेलवे बोर्ड करेगा समीक्षा

गोरखपुर। रेलवे में रिक्त पदों पर पदोन्नति में हो रही हीलाहवाली को लेकर रेलवे बोर्ड ने सख्ती दिखाई है। अब देश स्तर पर पदोन्नति की हर महीने मॉनीटरिंग होगी। सभी रेलवे जोन के मंडल मुख्यालयों को हर महीने कितने पदों पर पदोन्नति दी गई है, इसका ब्यौरा देना होगा। रेलवे बोर्ड के डिप्टी डॉयरेक्टर इस्टेबिलमेंट संजय कुमार ने एक जुलाई 2022 को जारी अपने पत्र में कहा है कि सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के तहत रिक्त पदों पर तैनाती संतोषजनक नहीं है। सभी प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी अपने स्तर से भी मंडल कार्यालयों की समीक्षा करें। जोन स्तर पर रेलवे बोर्ड से एक लिंक भेजकर आवश्यक ब्यौरा मांगा जाएगा। जोन से आई रिपोर्ट के आधार पर हर महीने समीक्षा की जाएगी।

### एनईआर में भी नहीं दी गई तैनाती

पूर्वोत्तर रेलवे में भी पदोन्नति के कई मामले अटके पड़े हैं। ग्रुप डी से ग्रुप सी में सहायक लोको पायलट व टेक्नीशियन-3 के पदों पर 95 रेलकर्मियों की पदोन्नति हुई थी, तीन साल होने को हैं, पर अभी तक तैनाती नहीं दी गई। इसी प्रकार, गार्ड के पद पर भी पदोन्नति के बाद तैनाती नहीं हो पाई है। गुड्स गार्ड से पैसेंजर गार्ड के लिए डेढ़ साल पहले परीक्षा हुई थी, 45 गार्ड सफल हुए थे। लेकिन अब भी सभी गार्ड मालगाड़ी पर ही ड्यूटी कर रहे हैं। महामंत्री पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ विनोद राय ने कहा कि सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) और सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के तहत रिक्त पदों पर तैनाती नहीं दी जा रही है। रेलवे बोर्ड के निदेशों को पालन किया जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## बिना चिकित्सको के चल रहा गोला का पशु अस्पताल

### गोला पशु चिकित्सालय पर एक वर्ष से नही हैं पशु चिकित्सक

गोला, गोरखपुर। तहसील मुख्यालय गोला स्थित पशु चिकित्सालय अगर यह कहा जाए की खुद बिमार है तो झूठ नहीं होगा। एक वर्ष से वहां किसी भी डॉक्टर की नियुक्ती नहीं है। पशुपालक वहां अपने पशुओं के इलाज के लिए जाते है तो उन्हें निराशा ही मिलती है।

जिसके वजह से उन्हें अप्रशिक्षित चिकित्सकों के पास जाना पड़ता है ।तहसील मुख्यालय के पशु चिकित्सालय है।

## भरभराकर गिर गया एल्बेस्टर सेड घर ,एक घायल

पहल टुडे / धर्मेंद्र कन्नौजिया



**तमकुहीराज (कुशीनगर)** स्थानीय तहसील के ग्राम पंचायत बिहार खुर्द समउर में मंगलवार की दोपहर साढ़े तीन बजे के करीब तीन दशक पुराने मकान का दीवार भरभराकर गिरने से उसकी चपेट में आकर एक पड़ोसी घायल हो गया ।मौके पर जुटे लोगो ने घायल को बाहर निकालते हुए उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटहेरवा थाना क्षेत्र के बिहार खुर्द समउर निवासी राजकिशोर पुत्र भिक्खु के एल्बेस्टर शेड की दीवार मंगलवार की दोपहर में अचानक भरभराकर गिर गयी जिसकी चपेट में आकर इनके पड़ोसी नंदकिशोर दुषाद जख्मी हो गए ।दीवार गिरने के बाद वहा चीख पुकार मच गई मौके पर जुटे लोगों ने जख्मी नंदकिशोर को बाहर निकालते हुए उन्हें कस्बे के ही एक प्राइवेट चिकित्सक के पास पहुचाया जहा उनका प्राथमिक इलाज किया गया ।बताया जाता है कि दीवार के पास कुछ मात्रा में बालू रखा गया था बरसात में भीगने की बजह से बालू का दबाव पुराना दीवाल रोक नही पाया और अचानक भरभराकर गिर गया ।संयोग अच्छा रहा कि जिस कमरे की दीवार गिरी उसमें उस समय कोई मौजूद नही था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था ।बताया जाता है कि घायल को प्राइवेट चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद सरकारी अस्पताल समउर भेज दिया जहा प्राथमिक इलाज कर घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## रेनकट व रैटहोल से धंसे तटबंध बढ़ी ग्रामीणों की चिंता

- राप्ती नदी के कोटा असवनपार तटवंध के अगल बगल चुहों और अन्य जानवरों ने बनाए होल
- बाढ़ आने पर खतरे की आशंका जिम्मेदारों को फिक्र नही

पहल टुडे



गगहा, गोरखपुर ।राप्ती नदी का जलस्तर तेजी से बढने लगा है हालांकि की अभी खतरे जैसी स्थिति तो नही है फिर भी नदी पर बने कोटा असवनपार तटवंध रेनकट बनने से बाढ की चिंता क्षेत्र के ग्रामीणों को सताने लगी है चुहों और अन्य जानवरों ने बाधं के अगल बगल बडे बडे होल बना दिये है इधर बारिश से बाध जगह जगह धस गया है

स्थिति अयसी रही तो बाढ के प्रलय से क्षेत्र को बचाना मुश्किल होगा राप्ती नदी के आस पास बसे कोठा बेलकुर जिवकर नेवादा भैसहा रकहट गरयाकोल असवनपार सहुआकोल पुरे सहित पुरा कछार क्षेत्र टापू बन जाता है कोठा असवनपार तटवंध पर जगह जगह रेनकट गड्ढे की वजह से बरसात के दिनो में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है यह तटवंध बाढ सुरक्षा के साथ साथ सैकडों गाव का मुख्य मार्ग है सिंचाई विभाग की ओर से कुछ मिटटी डालकर बाधं मरम्मत की खाना पुर्ति कर लेते है जो बारिश होने पर बह कर गडडे का रूप ले लेता है बीते बर्ष विधायक विमलेश पासवान ने बाढ के दौरान दैरे पर आए थे उन्होने तटवंध की मरम्मत करने का निर्देश दिया था

### तटबंध की मरम्मत जल्द से जल्द होनी चाहिए

क्षेत्र के बालेन्दु ओझा सुरेन्द्र सिंह बिमल गुप्ता जयराम यादव राहुल सिंह अवनीश शुक्ला,राजू यादव, विवेक निषाद दिनानाथ यादव ने कहा की नदी जब रौद्र रुप धारण करेगी तो ऐसी दशा मे तटवंध को बचाना नमुमकिन हो जायेगा।

**इस संबंध में सिचाई विभाग के सहायक अभियंता संजय कुमार गौड ने बताया कि राप्ती नदी के जलस्तर मे बुध्दि हो रही। बारिश से जो रेनकट हुए है उसे जल्द से जल्द भर दिया जाएगा।**

## गोरखपुर में राप्ती समेत 17 रेलवे पुलों की हो रही ऑनलाइन मॉनटरिंग

### एनईआर में लगा सिस्टम

पहल टुडे

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के दायरे में आने वाली 17 नदियों के जलस्तर की सटीक मॉनीटरिंग शुरू कर दी गई है। इसमें गोरखपुर में राप्ती और रोहिन नदी पर बने रेल पुल भी शामिल हैं। यहां वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम (वीएलएमएस) लगाया गया है, जिससे अधिकारियों के मोबाइल पर ही जलस्तर की सटीक जानकारी मिल जाती है। पहले इन नदियों पर पारंपरिक गेज पद्धति से नदियों का जलस्तर पता किया जाता था, जिससे तत्कालिक सूचनाएं नहीं मिल पाती थीं। इससे रेलवे ट्रैक और पुल पर खतरे का भांप पाना मुश्किल होता था। लेकिन, आधुनिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम के इस्तेमाल से मॉनीटिरिंग आसान हो गई है। गोरखपुर में डोमिनगढ़-जगतबेला खंड के बीच पुल संख्या 182, सहजनवां-जगतबेला के बीच पुल संख्या 184 तथा गोरखपुर पनियहवा-बाल्मिकी नगर के बीच पुल संख्या 50 पर इस सिस्टम को लगाया गया है।

सीपीआरओ एनईआर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नदियों के जल स्तर की बेहतर एवं आधुनिक मॉनिटरिंग के लिए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा चिह्नित महत्वपूर्ण एवं वृहद पुलों पर ऑटोमेटिक वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया गया है। इस तकनीकी से 24 घंटे में दो बार पुल पर नदी के जल स्तर की सूचना एसएमएस के माध्यम से संबंधित अधिकारी के पास पहुंच जाती है। पूर्व में जलस्तर मैनुअल तरीके से नामा जाता था। नई व्यवस्था प्रभावी और सटीक है।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

सोलर सिस्टम के माध्यम से रेल पुल के पास नदी में एक सेंसर लगाया जाता है, जिसमें एक चिप भी होती है। यह सेंसर ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इस नई प्रणाली में रेल पुलों से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक एवं रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर फीड किए गए हैं। प्रतिदिन नियमित अंतराल पर नदियों के जलस्तर के घटने एवं बढ़ने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से यह प्रणाली संबंधित अधिकारियों को स्वतः दे देती है।

### कहां कितने रेल पुलों पर लगा है सिस्टम

| मंडल | संख्या |
|---|---|
| इज्जतनगर | 04 |
| लखनऊ | 07 |
| वाराणसी | 06 |

## पूर्व ईओ ने सरकारी राजस्व को पहुंचाई भारी क्षति

### बांसगांव के चेयरमैन ने कमिश्नर से की जांच कराने की मांग

गोरखपुर। बांसगांव से हाल ही में स्थानांतरित हुए अधिशसी अधिकारी कमलेश कुमार शाही ने बांसगांव नगर पंचायत में तैनाती के दौरान शासकीय नियमों को धत्ता बताते बजट को मनमाने ढंग से व्यय कर जहां निजी हित साधते रहे वहीं वर्षों पूर्व पट्टे की अवधि पूरी हो जाने वाले पोखरों तथा निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी न कराकर आर्थिक क्षति पहुंचाने का भी काम किया। चेयरमैन ने कमिश्नर को शिकायती पत्र भेजकर ईओ के इन कारनामों की जांच कराने की मांग की है। चेयरमैन वेद प्रकाश शाही ने कमिश्नर को भेजे गये पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत बांसगांव में स्थित चार पोखरों का 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टे की अवधि वर्ष 2018 में ही पूरी हो गयी है। नियमानुसार इसकी पुनः नीलामी की कार्यवाही अवधि पूरी होने के पूर्व ही करा ली जानी है। नीलामी कराने के सम्बंध 7 अगस्त 2020 को बोर्ड की हुई बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया। लेकिन ईओ द्वारा नीलामी कराने की पत्रावली अध्यक्ष के समक्ष आज तक नहीं प्रस्तुत की गयी। जब कि अध्यक्ष द्वारा मौखिक तौर पर पत्रावली प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता रहा इसी प्रकार नगर पंचायत में वर्षों से निष्प्रयोज्य पड़े सामग्रियों की नीलामी कराने के लिए भी बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। लेकिन ईओ इस कार्य में भी रूचि नहीं ली। जिससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंचाई गयी। चेयमैन ने शिकायती पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव नगर विकास तथा निदेशक स्थानीय निकाय लखनऊ को भी भेजा है ।डिस्पैच रजिस्टर में भी की गयी हेराफेरीचेयरमैन ने कमिश्नर को भेजे गये शिकायती पत्र में बताया है कि उन्होने गत 18 जून को कार्यालय के पत्र डिस्पैच रजिस्टर का जब औचक निरीक्षण किया तो उसमें की गयी हेराफेरी देख वह भौचक रह गये।

## भजन से प्रभु होते है प्रसन्न : पं. नन्दकिशोर मिश्र

पहल टुडे / धर्मेंद्र कन्नौजिया



**तमकुहीराज (कुशीनगर)** ईश्वर प्राप्ति का एक माध्यम है भजन इसमें व्यक्ति का सीधा जुडाव ईश्वर से होता है भक्ति के मार्ग पर चलने वाले भजन कीर्तन से प्रभु को प्रसन्न करने की जज्बा रखते है प्रभु भी भजन से प्रसन्न होते है ऐसा शास्त्रों में भी वर्णित है उक्त बातें पूर्व भाजपा विधायक पं नंद किशोर मिश्र ने ग्राम तरयालच्छीराम में पत्रकार व भजन लेखक संयोग श्रीवास्तव एवं विरेंद्र तिवारी द्वारा आयोजित एक शाम ईश्वर के नाम (भजन संध्या) के दौरान देश प्रदेश से आए कलाकारों के अभिनंदन में कहीं उन्होंने कहा कि लगभग दो दशकों से पत्रकारिता कर रहे संयोग श्रीवास्तव द्वारा लिखे गए ये भजन और शब्दों का चयन काबिलेतारीफ है दिल्ली से आए सिंगर प्रवीन तिवारी द्वारा गाए भजन हम दिवाने हनुमान के व आवो काशी चलते हैं कि उन्होंने प्रसंशा किया कार्यक्रम में बिहार से आए गायक कलाकार मनीष गुप्ता,संजय द्वारा गाएं गयें भजनों से समा बाध दिया साथ ही म्युजिसीयन ने ऐसा प्रस्तुति दिया कि प्राथमिक विद्यालय तरयालच्छीराम में उपस्थित हजारों लोगों ने जमकर वाहवाही की ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आदित्य खरवार ने कलाकारों के प्रस्तुति से अभिभूत हो उन्हें इनाम दिया कार्यक्रम का सफल संचालन हरिकेश कुशवाहा ने किया कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री मिश्र ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया इस दौरान मुख्य रूप से तरयाहरकेश के प्रधान प्रतिनिधि आशानंद चौहान हफुआ चतुर्भुज के प्रतिनिधि चंदन ठाकुर, कोटेदार बिजय गुप्ता, पूर्व प्रधान डा सुबोध श्रीवास्तव, सुधाकर श्रीवास्तव, अशोक तिवारी,राकेश श्रीवास्तव अरविंद शाही, संजय राय,राजा, कुंदन, रामू, प्रिंस तिवारी,रजनीश तिवारी, संचित तिवारी सहित हजारों लोग उपस्थित रहें कार्यक्रम के पूर्व भगवान हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने किया

## पुरानी रंजिश मे सेवानिवृत्त फौजी को मारी गोली, बाल-बाल बचे

पहल टुडे





**गोला बाजार, गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के भर्रोह पुलिया के पास सोमवार की देर शाम शाम मुकदमें की पैरवी कर लौट रहे सेवानिवृत्त फौजी पर एक युवक ने कट्टे से फायर कर दिया। संयोग से गोली उनके बाएं कंधे पर हल्की चोट करती हुई से निकल गई। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाल जयंत कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया पहुंच गए और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक इस मामले में तहरीर नहीं पड़ी थी। थाना क्षेत्र के बरहज गांव निवासी सेवानिवृत्त फौजी 72 वर्षीय राधेश्याम मौर्य का गांव के ही एक व्यक्ति से जमीनी विवाद चलता है। उनका कहना है कि इस मामले में बांसगांव दीवानी न्यायालय में मुकदमा चलता है। आज उसी मुकदमें की तारीख थी। वहीं से लौट रहा था। अभी भर्रोह पुलिया के पास पहुंचा था कि मेरे विरोधी ने पीछे से आकर कट्टे से फायर कर दिया। गोली से मेरे बाएं कंधे पर चोट लगी है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया का कहना है कि तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### गोली से घायल फौजी के उपचार के लिए सीओ ने घंटाभर किया इंतजार

गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त दुर्व्यवस्था का आलम यह है कि गोली लगने के बाद फौजी को अस्पताल लेकर पहुंचे क्षेत्राधिकारी जगतराम कन्नौजिया व कोतवाल जयंत कुमार सिंह को घंटाभर से अधिक इंतजार करना पड़ा। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक फरार मिले। मौके पर मिला फार्मासिस्ट डाक्टर की तरफदारी और बुलाने में लगा रहा। इंतजार करने के बाद क्षेत्राधिकारी ने एसडीएम रोहित कुमार मौर्य व तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल को फोन पर सूचना दी। वे लोग भी मौके पर पहुंचे लेकिन उसके बाद भी इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक नहीं पहुंच सके। जिस पर एसडीएम ने सीएमओ से बात की। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट से ही रेफर कराकर घायल को जिला अस्पताल भेजिए। अस्पताल की व्यवस्था से क्षुब्ध क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अब मैं मुख्यमंत्री दरबार में स्वयं उपस्थित होकर अस्पताल में व्याप्त दुर्व्यवस्था की शिकायत करूंगा ।इस संबंध में एसडीएम रोहित कुमार मौर्य का कहना है कि सीओ की रिपोर्ट पर अगली कार्यवाही के लिए सीएमओ व जिलाधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।

## अधिवक्तताओ ने सिविल जज की किया विदाई

गोरखपुर। सिविल बार के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान सिविल जज जूनियर डिवीजन आशीष सिह के कानपुर नगर स्थानंतरण के उपरांत अधिवक्तताओ ने उन्हें अंग बस्त्र प्रदान करके सम्मान सहित बिदाई किया ।बार भवन में अध्यक्ष यशवंत सिंह के नेतृत्व में सिविल जज के बिदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए बरिष्ठ अधिवक्ता राजन तिवारी ने कहा आना और जाना सतत प्रक्रिया है किंतु कुछ लोग आने के बाद अपनी अच्छाई की छाप छोड़ जाते है उसमें से एक है आशीष सिह, समारोह को कई अधिवक्तताओ ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बार के अध्यक्ष यशवंत सिंह तथा मंत्री इंद्रजीत सिंह ने सिविल जज को अंग बस्त्र भेंट कर उनकी बिदाई किया।

## फिरौती मांगने के दो आरोपी गिरफ्तार

### वृद्ध की गुमशुदगी का फायदा उठा चिट्ठी भेज मांगे थे एक करोड़ की फिरौती

पहल टुडे




गोरखपुर। बांसगांव इलाके के बेदौली गांव में 10 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए वृद्ध की गुमशुदगी का फायदा उठा गांव के ही दो युवकों ने चिट्ठी भेज एक करोड़ की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।जानकारी के मुताबिक, बेदौली गांव निवासी 72 वर्षीय झब्बू यादव बीते 24 जून की रात संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए। इनके लापता होने के बाद चिट्ठी भेज इनकी रिहाई के बदले एक करोड़ की फिरौती मांगी गयी थी। पुलिसिया जांच में गांव के ही दो युवकों द्वारा वृद्ध की गुमशुदगी का फायदा उठाते हुए

चिट्ठी भेज फिरौती मांगे जाने की बात सामने आई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लापता हुए वृद्ध के गांव के ही कमलेश यादव पुत्र रामनाथ व राजमन पुत्र दुलारे यादव के रूप में हुई। पुलिस ने दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी ।इनकी गिरफ्तारी मेंएसएचओ सत्य प्रकाश सिंह, कौड़ीराम चौकी प्रभारी इत्यानंद पाण्डेय, कांस्टेबल अनिल यादव, देवेश वर्मा तथा बाल्मिकी प्रसाद गोंड शामिल रहे।

100वें शहादत दिवस पर शहीद स्मारक चौरीचौरा पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों की कुबार्नी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी

## शहीदों की कुबार्नी से युवा लें प्रेरणा : एसडीएम



पहल टुडे

गोरखपुर। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ हुए चौरीचौरा जन विद्रोह आंदोलन में शहीद हुए अमर बलिदानियों के 100वें शहादत दिवस पर शहीद स्मारक चौरीचौरा पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों की कुबार्नी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शहीद स्मारक परिसर के ऑटोरियंम में शहीदों के परिजन व स्थानीय जनता ने दो मिनट मौन रखकर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। उपजिलाधिकारी चौरीचौरा रजत वर्मा ने कहा कि चौरीचौरा का स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई ने देश को नई दिशा दिया था। चौरीचौरा ने जो देश के लिए कुबार्नी दी है उससे युवा प्रेरणा लेकर आगे बढ़े ।इसी क्रम में नगर पंचायत मुंडेरा बाजार के चेयरमैन प्रतिनिधि जेपी गुप्ता ने कहा कि चौरीचौरा के लोगों ने देश के लिए बहुत बड़ी शहादत दी है ।आज उन लोगो पर फर्क करना चाहिए। और उनकी कुबार्नी से प्ररेणा लेकर हमें आगे बढने की जरूरत है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख ईश्वर चंद जायसवाल ने कहा कि आज हम शहीदों के शहादत का सौ वी शहादत दिवस मना रहे हैं। आज जो चौरीचौरा का सम्मान मिल रहा वह इन्हीं शहीदों के कुबार्नी की देन है। चौरीचौरा के इतिहास को हमें और आगे बढना होगा ।कार्यक्रम का संचालन सेनानी परिजन समिति के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने किया। भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ,शक्ति जायसवाल, परिजन समिति के उपाध्यक्ष सुमन सिंह ,परिजन समिति सूर्यप्रकाश पाण्डेय,बसंत कुमार श्रीवास्तव,वीरेंदर यादव,नईम खान,राजेश त्रिपाठी,कमला गुप्ता,मोहन राजभर,जंगी निषाद,पारस ,श्यामा,ओम प्रकाश निषाद ,रामप्यारे आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## जनता की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान-कुंवर सचिन सिंह

गोरखपुर। बांसगांव तहसील के नवागत उप जिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने सोमवार को तहसील कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। प्रशिक्षण के बाद बतौर एसडीएम बांसगांव तहसील में पहली तैनाती पाने वाले पीसीएस अफसर कुंवर सचिन सिंह ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि शासन की मंशा के अनुसार पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र में सरकारी जमीनों के अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही

## पशु तस्करों से पुलिस की हुई मुठभेड़, दो गिरफ्तार

### पुलिस पर फायर झोंक भाग रहे थे पशु तस्कर दरोगा ने भाग कर बचाई जान

पहल टुडे

गोरखपुर। शहर के राजघाट इलाके में भोर में पशु तस्करों और पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम पर फायर झोंक भाग रहे दो तस्करों को मुबारक खां शहीद मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस भी बरामद किया। दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि राजघाट थानेदार संजय कुमार मिश्रा फोर्स के साथ रात्रि गश्त पर थी। भोर में लगभग दो बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पांडेयहाता के पास पशु तस्करों की घेराबंदी कर दिया। पुलिस को देख पहले तो तस्करों ने भागने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने उन्हें दौड़ाया तो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इतना ही नहीं, तस्करों ने पुलिस की एक गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। किसी तरह खुद को बचाते हुए पुलिस ने मुबारक खां शहीद मोड़ के पास से दोनों तस्करों को पकड़ लिया। उनके पास से कारतूस और मोबाइल फोन भी मिला। तस्करों की पहचान हरेंद्र भारती और लालबाबू भारती के रुप में हुई। दोनों दुधई, चौरीचौरा के रहने वाले हैं ।दोनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में दोनों जेल भेजे गए।



एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि दोनों तस्कर घूमने वाले छुट्टा पशुओं को चुराकर उन्हें बिहार में बेचते हैं। काफी दिनों से इनकी तलाश थी।

# किशनगंज शहर के तेघरिया में नवनिर्मित सांई मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का शुभारभ हुआ

पहल टुडे

किशनगज(मोहम्मद अजीमुद्दीन)- किशनगंज शहर के तेघरिया में नवनिर्मित सांई मंदिर में आज से तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का विधिवत शुभारभ हुआ। इससे पूर्व स्थानीय मनोरंजन क्लब से महिलाओं द्वारा परंपरागत भेषभूषा में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश कलश शोभा यात्रा निकाली गई। महिलाओं द्वारा निकाली गई शोभायात्रा मनोरंजन क्लब स्थित कुंए से जल भर कर तेघारिया मंदिर परिसर पहुंची जहा विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हुआ है।तीन दिनों तक चलने वाले इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विद्वान पुरोहितों द्वारा विधि विधान व मंत्रोचार के साथ साई बाबा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बता दे की क्षेत्र में सांई बाबा का पहला मंदिर होने के कारण समस्त सांई भक्तों में जबरदस्त उत्साह का माहौल है।इस मौके पर भक्तो ने कहा की वर्षों से उनके मन में यहां भी साई बाबा का मंदिर हो इसकी अभिलाषा थी जो अब साई कृपा से फलीभूत हो गई है।साई बाबा सभी की मनोकामना पूर्ण करने वाले है और इस मंदिर का लाभ समस्त जिलेवासियों को मिलेगा।



# बिलग्राम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी के लिए तरसते मरीज



## बाल्टी लेकर बाहर भटकते तीमारदार

दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई

बिलग्राम॥ सीएचसी में पिछले महीनों से पानी की सुविधा नहीं है।बता दें कि जहां प्रसूता भर्ती की जातीं हैं वंहा से लेकर वाटर कूलर कहीं भी पानी की सुविधा नही हैं।

सी एच सी में आने वाले मरीजों को खुद ही पानी बाहर से लाना पड़ता है जबकि लेवर रूम में पानी की सप्लाई पूरी तरीके से बंद है।लोगों के पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है जिससे तीमारदारों को बाहर से पानी भरना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बाहर लगे वाटर कूलर भी पूरी तरीके से सूखा पड़ा हुआ है।

एक मरीज कंचन पुरवा के राजेश के मुताबिक सी एच सी मे पत्नी को इलाज के लिए लेकर आए थे पर पानी कीं व्यवस्था सी एच सी मे नही है दूसरी ओर मरीज कलावती ने. बताया कि एमर्जेन्सी विभाग मे वे दिखाने आईं थीं बाथरूम से लेकर पेयजल कहीं उपलब्ध नही है

तीसरी मरीज सुनीता का कहना कि अस्पताल मे कहीं भी नल मे पानी नही आ रहा जिसको लेकर मरीज और. तीमारदार परेशान हैं

हालांकि पानी की समस्या को लेकर अधीक्षक से संपर्क नही हुआ महिला अस्पताल के फार्मासिस्ट अनिल अवस्थी ने. बताया कि समर्सेबल खराब हों गए थे ठीक किए गए हैं लाइनों मे काम होना बाकी है। तभी पानी उपलब्ध होगा।

## चिन्हित की गई जगहों पर नही खड़ी हो डग्गामार बसें, जिम्मेदार बेखबर

बिलग्राम हरदोई ।।नगर की मुख्य सड़कें चौराहे बाजार की गलियां सिर्फ जुबानी अतिक्रमण मुक्त हो गयीं हकीकत में अभी भी नगर इन समस्याओं से निजात नहीं पा सका है सरकार के आदेशों की खानापूर्ति करते हुए पालिका ने जगह जगह वेन्डिंग तथा नान वेन्डिंग जोन बनाये ताकि नगर की गलियां अतिक्रमण मुक्त हो सकें। और जाम की झाम से निजात मिल सके। पालिका प्रशासन ने जाम की समस्या से निपटने के लिए मुख्य चौराहे से दूर प्राइवेट वाहनों के स्टेंड बसों के लिए स्टाप बना कर बोर्ड लगवाये जिससे कि मैजिक टैपों बसों में चिन्हित की गई जगहों से सवारियों को उतारा या चढ़ाया जा सके। लेकिन पालिका की इन सब कोशिशों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जहां जहां पालिका ने प्राइवेट वाहनों के रुकने की जगह चिन्हित की वहां पर एक भी वाहन नहीं रुकता है

फास्ट ट्रैक

# कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने किये पौधे रोपण



जलेसर। कोतवाली परिषर मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पौधा रोपण किये नगर पालिका के द्वारा भी कई जगह पर पौधा रोपण किये गये। शासन के आदेश पर पूरे प्रदेश मे पौधा रोपण का कार्यक्रम था जिसमे कल कोतवाली परिषर मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह ने पौधे रोपण किये इसके अलावा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक महेश चन्द्र ने कई जगह पर पौधे रोपण किये इसके अलावा ग्राम प्रधानों व अन्य संस्थानों के द्वारा नगर में जगह-जगह पौधारोपण किए गए शासन के आदेश पर कई करोड़ पौधारोपण का कार्यक्रम है इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी संस्थानों ने पौधारोपण कार्यक्रम किया जगह जगह पौधारोपण किए गए।

# एंबुलेंस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म जच्चा बच्चा दोनों सीएचसी जलेसर पर कराए भर्ती



जलेसर। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शाहगढी निवासी मुकेश कुमार की पत्नी प्रीति देवी को प्रसव पीड़ा होने पर डायल 108 एम्बुलेंस को कॉल कर सूचित किया गया सूचना पर एम्बुलेंस गांव पहुंची और महिला को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलेसर के लिए लाने लगी रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने पर एम्बुलेंस को सड़क किनारे खड़ी कर पायलट पुष्पेन्द्र एवं ई .एम .टी संजय दत्त द्वारा प्रसूता के साथ आई महिलाओ की मदद से एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया जहां महिला ने पुत्री को जन्म दिया जिसके बाद जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलेसर पर भर्ती कराया गया क्षेत्रीय लोगों द्वारा एम्बुलेंस कर्मियों की जमकर तारीफ की जा रही है।

## रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्युट, सालकी के चेयरमेन द्वारा जिला पदाधिकारी को मोमेंटो एवम शॉल भेट कर स्वागत किया गया

किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन)श्रीकांत शास्त्री जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्यूट, सालकी का भ्रमण किया गया। रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्यूट, सालकी के चेयरमेन द्वारा जिला पदाधिकारी को मोमेंटो एवम शॉल भेट कर स्वागत किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा वहाँ उपस्थित छात्राओं को सलाह दी गई कि आप मन से पढ़ाई करें और आगे बढ़ते रहे, आप अगर सही तरीके से पढ़ाई करेंगे तो आगे चलकर प्रोन्नति भी कर सकते है। रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्यूट, सालकी में कुल 400 छात्राऐं पढ़ाई करती है। विगत वर्ष में जो छात्राऐं पढ़ाई में अव्वल आयी थी उन्हें जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा पुरुस्कार भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय के साथ रेडियन्ट फॉर्मासिस्ट ऑफ इन्सटीट्यूट, सालकी के चेयरमेन एवं प्रिंसीपल, डी.पी.एम. स्वास्थ्य समिति किशनगंज एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

# एक माह पूर्व बनी पुलिया चटकने लगी कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## भ्रष्टाचार के चलते हादसे को दिया गया नोता कभी भी टूट सकती है पुलिया

पहल टुडे / रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय



जलेसर। तहसील चौराहे पर चुंगी गेट से बाईपास जाने वाली सड़क पर 1 माह पूर्व पुलिया का निर्माण कराया गया था नगर पालिका के कर्मचारी की ठेकेदारी में पुलिया का निर्माण कराया गया जिसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया पुलिया बनने के बाद जब खोली गई और उस पर वाहन निकले उसी दिन पुलिया चटक गई दूसरे दिन पुलिया को मरम्मत किया गया फिर 4 दिन बाद पुलिया खोली गई लेकिन घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने पर पुलिया काफी कमजोर है इस बाईपास पर काफी भारी वाहन निकलते हैं उसके अलावा बाईपास होने के कारण छोटे-बड़े वाहन उस पर निकलते रहते हैं बाईपास रोड काफी व्यस्त रोड है लेकिन नगर पालिका कर्मचारी की ठेकेदारी में बनाई गई पुलिया मे काफी घटिया सामग्री का स्तेमाल कर पुलिया का निर्माण किया गया है ऐसा महसूस होता है कि पुलिया का निर्माण करके फॉर्मेलिटी पूरी की गई है अगर पुलिया को मजबूत बनाया गया होता तो शायद कुछ समय चल जाती लेकिन नगर पालिका बिना नगर पालिका अध्यक्ष के चल रही है जिससे पालिका के कर्मचारी ही ठेकेदारी कर रहे हैं और पूरी लापरवाही से कार्य हो रहे हैं जिससे हादसों को न्योता दिया जा रहा है अगर पुलिया की जांच कराई जाए तो सारी स्थिति सामने आ जाएगी अगर पुलिया को छुड़वा कर जल्द नव निर्माण नहीं कराया गया तो किसी दिन भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## किशनगंज कल्याण आश्रम को गौरवान्वित किया गया



किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन)-आज दिनांक 3/7/2022 को वनवासी कल्याण आश्रम बाबा तिलका मांझी छात्रावास में छात्रावास के छात्रों के द्वारा क्षेत्रीय (बिहार झारखंड)33वा? खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर किशनगंज कल्याण आश्रम को गौरवान्वित किया गया। इसी के उपलक्ष में प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर भर्तियां, रमेश केजरीवाल उपाध्यक्ष, सरवन कुमार सराफ,, जिला सचिव गौतम पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष सुबीर मजूमदार, प्रांतीय शिक्षा प्रमुख रेवती कांत,, प्रानतीय खेलकूद प्रमुख दुर्गा उराव, जिला कार्यवाह देवदास, सुरेंद्र गिरी शारीरिक प्रमुख , अमित जयसवाल, राजीव केसरी जीवनलाल इत्यादि की उपस्थिति रही।

# उप जिलाधिकारी के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न




पहल टुडे / रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय

जलेसर। तहसील परिसर मे उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक ली गई। तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी अलंकार अग्निहोत्री व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान ने आने वाले त्योहार कावड़ यात्रा, गुरु पूर्णिमा एवं बकरा ईद के आने पर नगर के सभी समुदाय के संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक ली गई बैठक में उप जिलाधिकारी अलंकार अग्निहोत्री एवं क्षेत्राधिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों को सभी लोग भाईचारे से मनाएं गलत अफवाह पर ध्यान ना दें अगर कोई गलत अफवाह आपको पता लगे तो तुरंत सूचना दें जिस तरीके से आज तक नगर में शांति व भाईचारे से त्यौहार मनाते आए हैं उसी शांति व भाईचारे से सभी त्योहार मनाए जाएं अगर कोई गलत घटना घटित होती है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह मौजूद थे।

# प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों की लापरवाही से गई बच्ची की जान, मौके पर नहीं पहुंचे जिम्मेदार

दैनिक पहल टुडे नफीस अहमद हरदोई



हरदोई /बेहदर मॉडर में स्थित प्राइमरी पाठशाला इंग्लिश मीडियम में समर सेबल पर पानी पीने गई कक्षा 1 की छात्रा की मौत हो गई। परिजनों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को घटना की जानकारी दी गई। लेकिन सीएचसी पर छात्रा को देखने ना ही खंड शिक्षा अधिकारी आये और ना ही प्राइमरी पाठशाला इंग्लिश मीडियम से कोई भी अध्यापक पहुंचा। तथा समर के जर्जर तारों में करंट आ रहा था। जिसके चलते एक छात्रा के पैर में करंट लगने से मौत हो गई।

कासिमपुर थाना क्षेत्र के मांडर गांव के निवासी विकास गुप्ता की छह वर्षीय गौरी गुप्ता मांडर में स्थित प्राइमरी पाठशाला इंग्लिश मीडियम में कक्षा एक में पढ़ती थी। प्रतिदिन की तरह सुबह घर पढ़ने स्कुल गई थी। स्कूल में दोपहर को मीड डे मील खाने के के बाद समरसेबल पर पानी पीने गई थी। समरसेबल के तार कटने करंट की चपेट में आने से छात्रा गौरी गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन नाजुक अवस्था में गौरी को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंहदर लेकर आये जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई। लेकिन छात्रा को देखने खंड शिक्षा अधिकारी स्वयं ना आकर अनुचरों को भेज दिया। तथा घटना के लगभग दो घंटे बाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर पहुंचे। प्राइमरी पाठशाला इंग्लिश मीडियम के अध्यापक व मैनेजमेंट की बड़ी लापरवाही ने हंसती खेलती प्यारी सी गौरी की जान ले ली। घटना की जानकारी मिलने पर सीएचसी पर पहुंचे मांडर चौकी प्रभारी संतोष प्रजापति ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरी की मां रजनी ने बताया कि दो बेटियों में गौरी बड़ी थी। अब गौरी के जाने के बाद छोटी बेटी अंतरा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गौरी के गम में माता पिता सहित रिश्तेदार बिलखते रहे।

## कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पहल टुडे / रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व मे वाछित व वारटियो की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है इसी कढी मे उपनिरीक्षक रामजीलाल का0 गजेन्द्र सिंह ने न्यायालय से चल रहे वारंट मे शेरपाल पुत्र चोबसिंह व किशनपाल पुत्र शेरपाल निवासीगण ग्राम लोधीपुर थाना जलेसर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# नगर पालिका के द्वारा दुकानदारों को कपड़े की थैली वितरित किए गए

पहल टुडे / रिपोर्टर पवन वार्ष्णेय



जलेसर। नगर पालिका के द्वारा दुकानदारों व ग्राहकों में जागरूकता फैलाने के लिए शासन के आदेश पर कपड़े के थैले वितरित किए गए शासन के आदेश पर सिंगल यूज प्लास्टिक की थैली पर पूर्व प्रतिबंधित किया जा चुका है सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किए जाने व पकड़े जाने पर शमन शुल्क की रसीद काटी जाएगी एवं कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

शासन के आदेश पर सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णता प्रतिबंधित किया जा चुका है सिंगल यूज प्लास्टिक से काफी बीमारियां फैलती हैं जिस कारण शासन ने 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतया प्रतिबंधित कर दिया है पकड़े जाने पर शमन शुल्क एवं कानूनी कार्रवाई का आदेश है नगर पालिका के सफाई निरीक्षक महेश चंद व पालिका कर्मचारियों ने आज नगर में कपड़े के थैले वितरित किए और ग्राहक व दुकानदारों को जागरूक किया की सभी लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें इसके इस्तेमाल करने के बाद जब इसको फेंक दिया जाता है इससे काफी बीमारियां फैलती हैं इसी कारण प्रशासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण प्रतिबंधित कर दिया है इसलिए आप सभी लोग सामान बेचने में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और चलता रहेगा पकड़े जाने पर शमन शुल्क की रसीद काटी जाएगी तथा कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

# वृक्षारोपण मिशन 2022 के तहत जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों पर किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम

## एसएसपी एटा सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने लगाए पौधे।

दैनिक पहल टुडे / रिपोर्टर मिथुन गुप्ता एटा




एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा वृक्षारोपण मिशन 2022 के तहत एसएसपी आवास में पौधरोपण किया गया, साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती स्नेहलता व समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना परिसर में पौधे लगाये गये। तथा एटा पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी रिक्रूट आरक्षियों से भी पौधरोपण कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा वृक्षारोपण की महतत्वता बताते हुए कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। प्रकृति हमें कई भेंट देती है, जो हमें जीवन में हमेशा सहायता करते है. उन्ही में से पेड़ पौधे प्रमुख है, जो व्यक्ति के जीवन को बनाए रखते है तथा शुद्ध वातावरण प्रदान करते है जो एक स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण होता है।

## कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता- गजल भारद्वाज

# समस्याओं को समझने के लिए वार्डो का भ्रमण करेंगी नगरायुक्त

दैनिक पहल टुडे



सहारनपुर। नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने कहा कि बिना किसी विघ्न कांवड़ यात्रा और ईद का पर्व सम्पन्न कराना तथा बरसात के मौसम में महानगर को जलभराव से मुक्त रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि वे शहर की समस्याओं को समझने और जनता से विकास के लिए फीडबैक लेने के लिए वार्डो का दौरा करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में नालों, सड़कों आदि की जियो टैगिंग करायी जायेगी ताकि उन्हें नक्शे के हिसाब से समझा जा सके। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आदेश दे दिए है।

नगरायुक्त गजल भारद्वाज नगरायुक्त का पदभार संभालने के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने बताया कि कांवड यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए मार्ग में शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था का वह स्वयं कांवड़ रुट का निरीक्षण कर जायजा लेंगी। उन्होंने बताया कि बरसात में महानगर को जलभराव से मुक्त रखने के लिए वे नालों की सफाई आदि का भी निरीक्षण करेंगी और जिन क्षेत्रों में जलभराव की शिकायतें रही है वहां से जलनिकासी की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि ऐसी व्यवस्था की जायेगी कि कंट्रोल रुम में जल निकासी की शिकायत आने पर 24 घंटे के भीतर उसका समाधान किया जा सके।

नगरायुक्त ने कहा कि जो छोटी समस्याएं है उनका समाधान शीघ्रातिशीघ्र किया जायेगा और निर्माण सम्बंधी समस्याओं का समाधान समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर को विकास की दृष्टि और स्मार्ट सिटी की योजनाओं को आगे ले जाने के लिए जनता के सहयोग से काम करेंगे। क्योंकि जनसहयोग के बिना योजनाओं को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता के लिए वह मॉनीटरिंग करायेंगी। उन्होंने बताया कि शहर में सड़कों, नालों-नालियों, तालाबों, पार्को आदि का सर्वे कराकर उन्हें सूचीबद्ध किया जायेगा और उनका सत्यापन भी कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निगम की सम्पत्ति के ब्यौरे के लिए सम्पत्ति रजिस्टर बनाने के निर्देश दे दिए हैं, उनका भी सत्यापन कराया जायेगा। पत्रकारों द्वारा अनेक मुद्दों की ओर उनका ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त ने कहा कि सभी मामलों को दिखवाया जायेगा।कांवड रुट का किया निरीक्षण नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने सोमवार की शाम अधिकारियों के साथ कांवड़ रुट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उन स्थानों का भी निरीक्षण किया जहां कांवड़ शिविर लगाये जाते रहे हैं। नगरायुक्त को अंबाला रोड पर दिनेश सेठी ने कांवड शिविरों की व्यवस्था और आवश्यकता के सम्बंध में जानकारी देते हुए निगम से सहयोग देने का अनुरोध किया। नगरायुक्त ने कुम्हार हेड़ा व नगर निगम की सीमा में देहरादून रोड से अंबाला रोड़ तक कांवड़ रुट का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण कैलाश सिंह, अधिशासी अभियंता यातायात अमरेन्द्र गौतम, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.कुनाल जैन, जितेंद्र सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह, सफाई निरीक्षक अमित तोमर आदि मौजूद रहे।

# पूरे क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान बना जनांदोलन

### उपजिलाधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी,दक्षिण रेंज के रेंजर ने भी वृक्षारोपण अभियान में लिया हिस्सा

पहल टुडे श्रवण सिंह/विकास गुप्ता



**निघासन-खीरी।** अगर आदमी के अंदर कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं।यहां हम बात कर रहे हैं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लुधौरी मनोज जायसवाल की, जिन्होंने जिले की सबसे बड़ी ग्रामपंचायत लुधौरी को हरियाली से आच्छादित करने के लिए वृक्षारोपण अभियान को जनांदोलन में तब्दील कर दिया हैं।इसी क्रम में प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने ग्राम पंचायत अधिकारी स्वाती लोधी के साथ मिलकर पंचायत भवन के अंदर वृक्षारोपण अभियान को आगे बढ़ाया।इस वृहद वृक्षारोपण अभियान में न्यायपंचायत लुधौरी के दर्जनों स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं ने पूरे जोशोखरोश के साथ भागीदारी की।उधर रकेहटी में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, लालपुर में खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह,चखरा में लेखपाल ज्योति प्रकाश वर्मा, प्रधान गजराज, सैय्यद आमीर ब्लाक मिशन मैनेजर,मूडाबुजुर्ग में उपदेश वर्मा ग्राम प्रधान गुडडी देवी, ग्राम रोजगार सेवक आशीष कनौजिया,संजय गुप्ता,व समूह की महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई।तथा दक्षिण वन रेंजर अनिल कुमार ने भी अपने मय स्टाप सहित वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बने।इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल,स्वाती लोधी , पंचायत मित्र राजू गिरि,विनीत श्रीवास्तव,पूरन कश्यप,संजीव श्रीवास्तव आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुई उमाकांती शुक्ला, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

पहल टुडे श्रवण सिंह/ ब्यूरो चीफ रमेश बाजपेई



महराजगंज/रायबरेलीः सकतपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी शिव नारायण शुक्ला की 49 वर्षीया पत्नी उमाकांती शुक्ला का शनिवार की शाम 4:30 बजे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया।पंडित मन्नालाल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुरेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि, उनकी अनुज बधू उमाकांती पिछले कुछ दिनों से कैंसर से पीड़ित थी, इनका इलाज लखनऊ के मेडिकल कॉलेज स्थित शताब्दी फेस वन में चल रहा था, शनिवार को उनका निधन हो गया।

आपको बता दें कि, चेहरे पे चमकता नूर कहता है कि, जवानी में जनाजा उठ जाएगा। ये बोल हैं पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के 'ळलुए छअरळ फकऊए' गाने के है, यह उस समय चरितार्थ हुए जब सकतपुर गांव के रहने वाले समाजसेवी शिव नारायन शुक्ला की 49 वर्षीया पत्नी उमाकांती शुक्ला का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।रायबरेली के थाना शिवगढ़ में शिव नारायन शुक्ला के पैतृक गांव सकतपुर में इनकी पत्नी उमाकांती का रविवार की दोपहर अंतिम संस्कार किया गया।

सकतपुर गांव की साम शनिवार को कुछ अलग थी।किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला था, और हर परिवार शोक मग्न था।इस गांव को आने वाले हर रास्ते में उमाकान्ती के अंतिम दर्शन के लिए आने वाले लोग ही लोग नजर आ रहे थे।रविवार को अंतिम संस्कार स्थल पर जैसी ही उमाकान्ती को उनके पति शिवनरायन शुक्ल द्वारा मुखाग्नि दी गई, वैसे ही हर आंखे नम हो गईं।

गौरतलब हो कि, उमाकांती ने सन 1974 में महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मऊ के रहने वाले भगौती प्रसाद अवस्थी नंबरदार के घर जन्म लिया था। उमाकांती दो भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी थी।सबसे बड़े भाई रमाकांत अवस्थी नंबरदार प्रगतिशील किसान है, तथा छोटे भाई श्रीकांत अवस्थी प्रतिष्ठित व्यवसाई है।उमाकांती का विवाह सन 1993 में सकतपुर के रहने वाले कालिका प्रसाद शुक्ला के छोटे बेटे शिव नारायन शुक्ला के साथ हुआ।इनके दो बच्चे हुए, बड़े बेटे का नाम शुभम शुक्ला, तथा बेटी का नाम प्रीती है।

शनिवार को जैसे ही उमाकांती शुक्ला की पार्थिव देह सकतपुर गांव पहुंचा उमाकांती शुक्ला की चाची, ताई, ताया व चाचा, भाई, भाभी, की बेटियों सहित रिश्तेदार पार्थिव देह से लिपटकर बिलखने लगे। उमाकांती के पति शिव नारायन शुक्ला, बेटा शुभम तथा बेटी प्रीती नम आंखों से देखते रहे।

इस दौरान हर आंख में आंसू और हर दिल मायूस नजर आया।बेटा शुभम मां को आखिरी विदाई देते वक्त फफक पड़ा। पति शिव नारायन शुक्ल, देवर अविनाश शुक्ल दहाड़ें मार कर रोने लगे।बेटा-बेटी बेसुध हो गए। अर्थी पर लेटी मां के माथे को चूमकर विदा किया।

इस दुख की घड़ी में उनके पैतृक गांव सकतपुर पहुंचकर बृजेश बाजपेई, गौरव पांडेय, अमरीश पांडेय, संतोष बाजपेई लखनऊ, अशोक त्रिपाठी, बृजकिशोर तिवारी ढेकवा, श्रीनारायन मिश्रा शाहपुर, कृष्ण कुमार तिवारी सीवन, बाबूलाल बाजपेई, दहिगावां, घनश्याम शुक्ला बाराबंकी, सौरभ शुक्ला बाराबंकी, हरिप्रसाद बाजपेई, रवींद्र शुक्ला रायबरेली, धर्मेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, संतू सिंह प्रधान प्रतिनिधि, डॉक्टर गोपाल सिन्हा, मनोज यादव चौकी इंचार्ज गुमावा समेत सैकड़ों लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

फास्ट ट्रैक

## सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का किया शुभारंभ

**निघासन-खीरी।** निघासन रकेहटी नगर के ढखेरवा स्टेट हाईवे स्थित धवई पुरवा के ग्राउंड मे सात दिवसीय टूनामेंट के तीसरे दिन मुख्य अतिथि भाजपा नेता सीए अंशुल दीक्षित ने फीता काटकर टूनामेंट की शुभारंभ किया। नगर रकेहटी के ढखैरवा स्टेट हाईवे स्थित धवईपुरवा के ग्राउंड मे सात दिवसीय चल रहे टूनामेंट के तीसरे दिन मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सीए अंशुल दीक्षित के द्वारा फीता काटकर व पहली गेद खेल कर मैच का शुभारंभ किया।इस दौरान योगेंद्र चतुवेर्दी,सुनील कनौजिया,राकेश पाल,जितेंद्र चतुवेर्दी,सचिन गुप्ता, आकाश शुक्ला शेखर मिश्रा सहित सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## पूरे में वृक्षारोपण अभियान बना जनांदोलन

### उपजिलाधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी,दक्षिण रेंज के रेंजर ने भी वृक्षारोपण अभियान में लिया हिस्सा

पहल टुडे श्रवण कुमार सिंह



**निघासन-खीरी।** अगर आदमी के अंदर कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं।यहां हम बात कर रहे हैं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लुधौरी मनोज जायसवाल की, जिन्होंने जिले की सबसे बड़ी ग्रामपंचायत लुधौरी को हरियाली से आच्छादित करने के लिए वृक्षारोपण अभियान को जनांदोलन में तब्दील कर दिया हैं।इसी क्रम में प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने ग्राम पंचायत अधिकारी स्वाती लोधी के साथ मिलकर पंचायत भवन के अंदर वृक्षारोपण अभियान को आगे बढ़ाया।इस वृहद वृक्षारोपण अभियान में न्यायपंचायत लुधौरी के दर्जनों स्वयं सहायता समूह की सैकड़ों महिलाओं ने पूरे जोशोखरोश के साथ भागीदारी की।उधर रकेहटी में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, लालपुर में खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह,चखरा में लेखपाल ज्योति प्रकाश वर्मा, प्रधान गजराज, सैय्यद आमीर ब्लाक मिशन मैनेजर,मूडाबुजुर्ग में उपदेश वर्मा ग्राम प्रधान गुडडी देवी, ग्राम रोजगार सेवक आशीष कनौजिया,संजय गुप्ता,व समूह की महिलाओं ने भी सहभागिता निभाई।तथा दक्षिण वन रेंजर अनिल कुमार ने भी अपने मय स्टाप सहित वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बने।इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल,स्वाती लोधी , पंचायत मित्र राजू गिरि,विनीत श्रीवास्तव,पूरन कश्यप,संजीव श्रीवास्तव आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बोर्ड की हुई बैठक में अधिभार छूट के निर्णय का अनुपालन ना होने पर नगर अध्यक्ष को लिखा पत्र

लालगंज रायबरेली।बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये कर अधिभार पर छूट के निर्णय का अनुपालन ना होने पर जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने नगर अध्यक्ष को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित किया है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुये जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने बताया कि दिनांक 30 अप्रैल 2022 को नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गयी थी। जिसमें गृहकर पर लगे अधिभार पर 100 प्रतिशत छूट दिये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ था।दो माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद अब तक छूट देने का कार्य ना शुरू होते देख उन्होने अध्यक्ष महोदय को पत्र लिखा है।

जिसमें नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अभी तक छूट देने का कार्य ना शुरू करना घोर लापरवाही व बोर्ड के निर्णय की अवहेलना बताया है।श्री सूर्यवंशी ने बोर्ड के प्रस्ताव को अनुपालनार्थ अविलम्ब कार्यवाही करवाने तथा गृहकर दाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने की मांग की है।

# रोटरी क्लब पलिया शिविर आयोजन में 67 यूनिट ब्लड रक्तबीरों ने दान दिया






रोटरी क्लब पलिया द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पहल टुडे

पलिया कला - जहाँ पर वन बीट हॉस्पिटल भीरा व जिला चिकित्सालय लखीमपुर के ब्लड बैंक से आई चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तविरों से 67 यूनिट ब्लड संयुक्त रूप से एकत्र किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के प्रख्यात चिकित्सक डा. ए.के कपूर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।रोटरी क्लब पलिया के नवनियुक्त अध्यक्ष रो.प्रशांत बरनवाल द्वारा बताया गया कि 1 जुलाई से रोटरी का नया सत्र प्रारम्भ हुआ है,हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब द्वारा क्षेत्र के रक्तदानियों के सहयोग से यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

जिसमे रोटरी परिवार के सदस्यों के साथ साथ पलिया नगर व आसपास क्षेत्र के रक्तदानियों द्वारा बढ़-चढ़कर रक्तदान किया गया।

जिसमे प्रमुख रूप से नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता,समाजसेवी व भाजपा नेता रवि गुप्ता,डा. शिवम गुप्ता,ट्रांसपोर्टर कमलजीत सिंह,दिग्विजय सिंह चावला आदि प्रमुख रहे।

रोटरी क्लब से रोटेरियन दिनेश गर्ग ने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ 8 यूनिट ब्लड दान किया गया,इसके लिए रोटरी क्लब के प्रमुख पदाधिकारी एवं यथार्थ सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वीना गुप्ता द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

रोटरी क्लब से अन्य रोटेरियन्स द्वारा भी ब्लड डोनेट किया गया तथा सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## भाजपा युवा नेता सीए अंशुल दीक्षित ने नगर मे घर घर जा कर किया वृक्षारोपण

पहल टुडे श्रवण सिंह

**निघासन-खीरी।** वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के तहत जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह के निदेर्शानुसार निघासन नगर मे भाजपा युवा नेता सी ए अंशुल दीक्षित ने नगर वासियो के घर घर जाकर वृक्षारोपण किया।निघासन नगर व रकेहटी नगर मे सीए अंशुल दीक्षित ने घर घर जा कर वृक्षारोपण किया और लोगो से वृक्षारोपण से पर्यावरण को बेहतर करने के लाभ के बारे मे चर्चा की सी ए अंशुल दिक्षित ने की वातावरण को शुद्ध करने के लिए अपने अपने घरों खेतो खलिहानो में वृक्षारोपण जरूर करे जिससे हमारा वातावरण शुद्ध बना रहे हमे अपना जीवन जीने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन की जरूरत पडती है वह हमे वृक्षो से ही मिलती है वृक्ष हमे बिना भेदभाव के फल और छाया भी देते हैं इस दौरान सुशांत पांडे आयुष शुक्ला रामू विश्वकर्मा अजय निषाद शिखर मिश्रा सहित एक दर्जन से अधिक नगर वाशी मौजूद रहे।

# हरियाली प्रकृति का श्रृंगार- डॉ अर्जुन पाण्डेय

पहल टुडे

अमेठी- वन महोत्सव के अवसर पर रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र अमेठी एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।वृक्षारोपण के पश्चात व्यापक स्तर पर 'जलवायु परिवर्तन में वृक्षों की महत्ता ' विषय पर विचार विमर्श किया गया।अमेठी जल बिरादरी के संयोजक पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हरियाली प्रकृति का श्रृंगार है। अधाधुंध वनों की कटाई के दुष्परिणाम के कारण जलवायु में व्यापक परिवर्तन देखा जा सकता है।बृक्षों के अभाव में धरती का बंजर बनना चिंता का विषय है।बादलों को अपनी ओर खींचने का कार्य वृक्षों का है। यद्यपि शासन की ओर से लाखों की संख्या में अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्य हो रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि वृक्षारोपण के साथ उनकी रखवाली ज्यादा जरूरी है।उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने ने कहा कि हमारे पूर्वज वृक्षों की महत्ता को बखूबी समझते रहे खेती किसानी के साथ घर के आस पास के खलिहान में पौधे लगाने का कार्य उनके स्वभाव में था।आज नयी पीढ़ी को पौधरोपण के लिए जागरूक करने की जरूरत है।राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ पूजा सिंह ने कहा कि जल की कमी का मूल कारण वनों का तेजी के साथ घटना है।इस समस्या से निजात पाने के लिए पौधरोपण अपरिहार्य है।पौधारोपण कार्यक्रम में कंचना पाण्डेय, डॉ कामना सिंह,किरन सिंह, हौसिला प्रसाद, आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही ।

## उद्योग बन्धु की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 07 जुलाई को

अमेठी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक माह आयोजित होने वाली जिला उद्योग बन्धु समिति एवं औद्योगिक सुरक्षा फोरम सम्बन्धी मासिक बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 07 जुलाई 2022 को अपरान्ह 04:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में आहूत की जायेगी।

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा वृक्षारोपण

पहल टुडे /अनुप तिवारी

अमेठी- वन महोत्सव के अवसर पर रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र अमेठी एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य किया गया।वृक्षारोपण के पश्चात व्यापक स्तर पर 'जलवायु परिवर्तन में वृक्षों की महत्ता ' विषय पर विचार विमर्श किया गया।अमेठी जल बिरादरी के संयोजक पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा ?कि हरियाली प्रकृति का श्रृंगार है। अधाधुंध वनों की कटाई के दुष्परिणाम के कारण जलवायु में व्यापक परिवर्तन देखा जा सकता है।बृक्षों के अभाव में धरती का बंजर बनना चिंता का विषय है। बादलों को अपनी ओर खींचने का कार्य वृक्षों का है।यद्यपि शासन की ओर से लाखों की संख्या में अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्य हो रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि वृक्षारोपण के साथ उनकी रखवाली ज्यादा जरूरी है।उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने ने कहा कि हमारे पूर्वज वृक्षों की महत्ता को बखूबी समझते रहे खेती किसानी के साथ घर के आस पास के खलिहान में पौधे लगाने का कार्य उनके स्वभाव में था।आज नयी पीढ़ी को पौधरोपण के लिए जागरूक करने की जरूरत है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रमाधिकारी डॉ पूजा सिंह ने कहा कि जल की कमी का मूल कारण वनों का तेजी के साथ घटना है।इस समस्या से निजात पाने के लिए पौधरोपण अपरिहार्य है। पौधारोपण कार्यक्रम में कंचना पाण्डेय, डॉ कामना सिंह,किरन सिंह, हौसिला प्रसाद, आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही ।

## वन महोत्सव के अवसर पर जनपद के थानो द्वारा किया गया वृक्षारोपण

अमेठी।वन महोत्सव के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद के थानो द्वारा अपने-अपने थाना परिसर में तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अर्पित कपूर द्वारा थाना जगदीशपुर परिसर व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मयंक द्विवेदी द्वारा थाना मुंशीगंज परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बनाने का संदेश दिया गया तथा वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गयी ।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थाना मुसाफिरखाना का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

मुसाफिरखाना अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी इलामारन जी द्वारा थाना मुसाफिरखाना के थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, अभिलेख, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर प्रभारी निरीक्षक थाना मुसाफिरखाना अमर सिंह व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अर्पित कपूर व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में परेड का किया

पहल टुडे



अमेठी।अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में मंगलवार की परेड का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस लाइन में क्वार्टरगार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, कैश, मेस, बैरक आदि के साफ-सफाई व रख-रखाव का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मैनेजर दूबे को साफ-सफाई हेतु व अन्य आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए। तत्पश्चात वन महोत्सव के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मयंक द्विवेदी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी द्वारा पुलिस लाइन अमेठी परिसर में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन मयंक द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मैनेजर दूबे पर व अन अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

# एक सप्ताह पूर्व हुए गोली कांड के अभियुक्त पुलिस की पकड़ से दूर

पहल टुडे

जगदीशपुर -- एक सप्ताह पूर्व हुए गोली कांड के नामजद अभियुक्तो को पकड़ने के लिए पुलिस हवा में तीर चला रही है जिसके चलते क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर तरह के सवालिया निशान लग रहे है कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ियावा ग्राम सभा में अट्ठाइस जून को लगभग बारह बजे दिन में दो चार पहिया वाहन सवार लोगो ने पीछा करते असलहा से उस समय ताबड़तोड़ गोली चला दी जब लोढ़ियावा गांव निवासी प्रदीप कुमार अपने साथी शुभम, सुमित,व सूरज के साथ बैक आफ बड़ौदा हारी मऊ से पैसे का लेनदेन कर वापस आ रहे थे गोली कांड में फिर हाल किसी के हताहत होने की खबर नही थी प्रदीप कुमार ने बताया कि गोली चलने पर हम लोगो भाग कर अपनी जान बचाई थी जिसमे नामजद तहरीर देकर हरबक्स यादब,बिहारी यादव,सुंदर लाल यादव व एक अज्ञात के खिलाफ धारा 307 ,506 का अभियोग पंजिकृत कराया था परन्तु लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नामजदों पुलिस की पकड़ से दूर होने के चलते क्षेत्रीय लोगो मे पुलिस की कार्यशैली पर तरह तरह के प्रश्न चिन्ह लग रहे है कोतवाल बोले-- इस सम्बन्ध में कोतवाल अरुण द्विवेदी ने बताया कि नामजद अभियुक्तों की धर पकड़ के लिए कई टीम बनाई गई है जो जगह जगह छापेमारी कर रहे जो जल्द ही अभियुक्त पुलिस पकड़ में होंगे ग्रामीण बोले --ग्रामीण राम प्रताप, नन्हे, जमालुद्दीन,कल्लू आदि ने बताया ने कई राउंड फायर होने से उस मंजर को देखने वाले लोग अभी तक नही भुला पा रहे है लोग सकते में आ गए है दिन दहाड़े हुई घटना में यदि नामजद पुलिस पकड़ में नही आ रहे है तो इससे जिम्मेदार लोगों की कार्यशैली पर सवाल तो लगेगा ही

## बिस्तर पर सो रही महिला की सर्प दंश से मौत

तिलोई/अमेठी । ग्रामसभा भागीरथपुर के ग्राम जोरावरपुर में बिस्तर पर सो रही महिला को रात में सांप ने काट लिया मृतिका राखी पत्नी राहुल की उम्र तीस साल थी।मृतका के परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए ले गए लेकिन उसको चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया।

पीला ईंटा के साथ साथ मानकों की अनदेखी के साथ खड़ी की जा रही बिल्डिंग

# निघासन क्षेत्र के रकेहटी गांव में करोड़ो की लागत में बन रहा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

### ठेकेदार अपने आपको बताते हैं,यूपी एक कैबिनेट मंत्री का रिश्तेदार

पहल टुडे श्रवण कुमार सिंह

**निघासन-खीरी।** निघासन क्षेत्र की नगर पंचायत रकेहटी में करीब 6 महीने से बन रहा करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।जिसकी जानकारी तत्कालीन एसडीएम श्रद्धा सिंह से की गई थी,जिन्होंने मौके पर जाकर कार्य की गुणवत्ता को लेकर मौके पर मौजूद ठेकेदार को निर्देशित किया था।बावजूद इसके कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों ने मनमानी कर निर्माण कार्य जारी रखे हुए है।वहीं भवन में प्रयोग की जा रही पीला ईंट सहित मसाले में मानकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसको बनवाने में किस कदर भ्रष्टाचार व्याप्त है।

निघासन क्षेत्र की नगर पंचायत निघासन के कस्बा रकेहटी में सविलियन विद्यालय व कस्तूरबा विद्यालय के मैदान में करोड़ों रुपयों से बन रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है,जो भ्रष्टाचार के दलदल में ही कमजोर बना दी गई। जिसमें घटिया किस्म का मसाला व पीला ईंटों को लगाकर बिल्डिंग खड़ी करने का काम अनवरत जारी है।कस्बे में बनाए जा रहे भवन का काम एक कार्यदायी संस्था के माध्यम से स्थानीय लोगों की देख रेख में किया जा रहा है,जिसमें भवन को बनाने में इतनी घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है,जिससे सरकार के मंसूबों पर कुछ ही दिनों या महीनों बाद पानी फिर जाएगा।भवन को बनाने का काम कर रहे मिस्त्री व मजदूरों से बात कर कुछ ग्रामीणों ने भवन में व्याप्त भ्रष्टाचार का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिसको देखने के बाद भी जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंगी।वहीं क्षेत्र में इसको लेकर तरह तरह की चचाएं व्याप्त है।



वहीं मौके पर जाकर प्रयोग की जा रही ईंटो और कार्य की गुणवत्ता को जांचा जा सकता है कि किस कदर शासन की योजनाओं में खुला बंदरबांट किया जा रहा है, और शासन से प्राप्त योजनाओं को जीरो ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए पलीता लगाया जा रहा है।वही जिम्मेदार भी ठेकेदार की मनमाने के करने के आगे हुए नतमस्तक दिखाई दे रहे हैं।

## पौधों की देखभाल भी करना हमारी जिम्मेदारी है - अजय लोधी



पहल टुडे

बुलंदशहर। पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी इंटर कॉलिज घुसराना गैल ब्लॉक डिबाई में 5 जुलाई मंगलवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसके तहत कॉलिज प्रबंधक अजय कुमार लोधी एवं प्रधानाचार्य अमर सिंह तथा समस्त अध्यापक स्टाफ बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के 51 पौधे रोपे गए। अजय कुमार लोधी ने सभी बच्चों को अवगत कराया कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधे लगाने जरूरी है और प्रत्येक को एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पौधों की देखभाल भी करना हमारी जिम्मेदारी है। अमर सिंह ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को बहुत हानि हो रही है यहां तक कि पशुओं के जीवन को बचाने के लिए कपड़े या जूट के थैले का ही प्रयोग करें। इस मौके पर नरेंद्र कुमार, कप्तान सिंह, राजवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, रमेश सिंह, चमन लाल, प्रतिभा रानी, बबली राज, कुमारी सपना, कुमारी सावित्री, वीरेंद्र पाल सिंह, सत्य प्रकाश, राकेश कुमार, कमल सिंह, विजय सिंह सहित कॉलिज के बच्चे उपस्थित रहे।

# सरकारी सम्पत्ति पर हो रहा अवैध निर्माण कार्य, शिकयती पत्र सौंप की कार्रवाई की मांग

पहल टुडे

बुलंदशहर। पहासू थाना क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी की जमीन पर लोगों ने कब्जा कर लिया। जिस जमीन पर कब्जा किया गया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी और नगर पंचायत पहासू से कोई नक्शा पास भी नहीं कराया है। यह संपत्ति विवादित होने के कारण इसका नक्शा भी पास नहीं हो सकता। अपने रसूख के चलते लोगों ने इस जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया और पीडब्ल्यूडी विभाग आंख बंद किए हुए हैं। गौरतलब है कि पहासू थाना क्षेत्र में गाटा संख्या 828 हाल में 1164 जो प्राइमरी स्कूल के दक्षिण दिशा में कस्बा पहासू में स्थित है। इसके स्वामी नवाब मोहम्मद, अब्दुल कादिर थे। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र फैज, कादिर, फजल व दो पुत्रियां इस संपत्ति के स्वामी हो गए। विपक्षी शाहजहां खान ने फर्जी मुख्तारनामा के आधार पर वाजिद अली जो शाहजहां खानम के



पिता थे। उपरोक्त संपत्ति की लीज, डीड दिनांक 17 जून को अपने हक में स्थापित कर ली। जिसके संबंध में मूल वाद संख्या 392 /2002 दीवानी न्यायालय बुलंदशहर में लंबित चल रहा था। जिसका निर्णय 31 मई को हो चुका है। जिसके विरुद्ध संपत्ति के मूल स्वामी फैज और कादिर आदि द्वारा सिविल अपील भेज कादिर बनाम शाहजहां खानम आदि बुलंदशहर के न्यायालय में योजित हो गई। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए इरफान कुरैशी ने बताया कि विपक्षी शाहजहां खानम पत्नी कुंवर मुमताज अली पुत्र अब्दुल अली ने विवादित संपत्ति पर गैर कानूनी रूप से निर्माण शुरू कर दिया। जबकि मामला न्यायालय में लंबित है। ऐसी स्थिति में विपक्षी गण द्वारा किए जा रहे गैरकानूनी निर्माण को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता बताई है। विपक्षी के द्वारा पीडब्ल्यूडी व नगर पंचायत पहासू से कोई भी नक्शा पास नहीं कराया गया है। इरफान कुरैशी ने जिला अधिकारी को बताया कि संपत्ति विवादित होने के कारण नक्शा भी पास नहीं हो सकता। विपक्षी गण और उसके पति अलीगढ़ के रहने वाले हैं। उपरोक्त संपत्ति पर निर्माण तत्काल रोकने की मांग जिलाधिकारी से की है। इरफान कुरैशी ने बताया कि उन्होंने निर्माण रोकने के लिए उत्तर प्रदेश के डीजीपी, मेरठ मंडल के कमिश्नर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, बुलंदशहर के जिलाधिकारी और एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। हालांकि इस पूरे प्रकरण में जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी को जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

फास्ट ट्रैक

## एसडीएम योगेश्वर सिंह ने किया अंत्येष्टि स्थल पर वृक्षारोपण लोगों को दिए संदेश

बेलहर/संतकबीरनगर। बेलहर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कैथवलिया में अंत्येष्टि स्थल पर पहुंच कर उप जिला अधिकारी मेहदावल योगेश्वर सिंह ने पहुंच कर बरगाद का पौधा लगाएं उप जिला अधिकारी योगेश्वर सिंह द्वारा बताया गया कि ध्ध्7 वन महोत्सव के अन्तर्गत वृक्षारोपण किये वहां मौजूद ग्राम प्रधान हरिप्रताप सिंह एवं वहां मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार सिंह चन्दन कुमार सिंह एपीओ सूर्य प्रकाश चैधरी ने भी पीपल, बरगद, पाकड़ सगौवन शीरसा का पौधा लगाकर कर लोगों को सन्देश देने का कार्य किए उप जिला अधिकारी योगेश्वर सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के साथी है जिनसे हमें आक्सीजन मिलती है इसलिए हर व्यक्ति को पीपल, पाकड़, बरगद, जामुन, नीम, अर्जुन समेत कुल अनेकों पौधे लगाए गए इसी क्रम में वहीं सीएचसी बेलहर प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी प्रभारी चिकित्सा अधिक्षक डॉ मनीष कुमार पाण्डेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुज कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव द्वारा भी बृक्षा रोपण कार्य किया गया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मेहदावल योगेश्वर सिंह खण्ड विकास अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव एपीओ सूर्य प्रकाश चैधरी एकाउंटेंट प्रवीन कुमार यादव ग्राम पंचायत अधिकारी पंकज कुमार सिंह चंन्दन कुमार सिंह ग्राम प्रधान हरिप्रताप सिंह रोजगार सेवक विनय कुमार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भुगतान न होने से परेशान ग्राम प्रधान ने किया आत्महत्या का प्रयास

धनघटा/संतकबीरनगर। ह्वविकासखंड हाय सर बाजार में 1 साल से मनरेगा कब भुगतान न होने से नाराज 1 ग्राम प्रधान ने मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय के सामने ही आत्महत्या करने का प्रयास किया जिस पर ब्लॉक कार्यालय पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया आनन-फानन में मौजूद लोगों ने किसी तरह से पेड़ से नीचे उतारा बताते चलें कि विकासखंड हैसर बाजार के ग्राम पंचायत बसवारी गांव ग्राम प्रधान रामपाल निषाद पहुंचे और विकास अधिकारी के कार्यालय के सामने बरगद के पेड़ पर फांसी लगाने के प्रयास में जुट गए फांसी लगा रहे थे कि मौजूद लोगों ने उन्हें किसी तरह से बचाया बातचीत के दौरान रामफल निषाद ने बताया कि 1 साल से भुगतान नहीं हो रहा है और जो काम कराया गया है

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पौली/सन्तकबीरनगर। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों शिक्षण संस्थाओं व सरकारी गैर सरकारी भवन के परिसरों में बृक्षारोपण कर मौजूद लोगों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु बृक्षारोपण का संकल्प लिया। इसी कड़ी में पौली ग्राम पंचायत स्थित इस्लामियां स्कूल व ईदगाह परिसर में एसडीएम डा0 रविन्द्र कुमार, गौवापार व शिवबखरी में एडीओ पंचायत गजाननपाल, गोआश्रय केंद्र खरचा में डॉ0 शिवेन्द्र मणि जहाँ प्रा0 वि0 दीपपुर मठिया में ग्रा0 प्र0 बृजेश कुमारी, ग्राम पंचायत महेश्वरपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जोखू यादव, रामनरेश बुद्धि सागर प0 का0 आ0 इंटर कालेज उदहा में प्रवन्धक राम उजागिर दूबे ने बृक्षारोपण किया।इस मौके पर मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए एसडीएम डा0 रविन्द्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने के लिए हम सभी को अपने घरों के आसपास व खेतों में तथा खाली पड़ी भूमि पर अधिक से अधिक पौधे रोपित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी बरसात का सीजन चल रहा है और इस सीजन में सभी लोग पौधे रोपित कर पर्यावरण बनाए रखने की जिम्मेवारी को निभाएं ताकि धरती पर आज जो पर्यावरण के संकट से बचा जा सके। इस मौके पर तहसीलदार रत्नेश तिवारी, हल्का लेखपाल इम्तियाज अहमद, ग्रा0प्र0 अताउल हक, सुनील सिंह, गुलाब चंद, जोखू प्रसाद, रमेश यादव, रोहित कुमार, अशोक कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आदर्श सैन्य एकेडमी के बच्चो ने मनाया सपा नेता का जन्मदिन

**पीपल का पेड़ लगाकर सपा नेता ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश**

**देश सेवा से बढ़कर कोई नहीं है पुनीत कार्य–केडी यादव**

पहल टुडे





धनघटा/संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता केडी यादव के जन्मदिन के मौके पर धनघटा तहसील क्षेत्र स्थित आदर्श सैन्य एकेडमी हैसर बाजार में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे नौजवानों तथा एकेडमी के प्रबंधक ने सपा नेता केडी यादव का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया इस मौके पर केक काटा गया और बच्चों ने अपने महबूब नेता के उज्जवल भविष्य की कामना किया वही सपा नेता ने पीपल का पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया और युवाओं से एक संकल्प लिया कि वह अपनी शक्ति का प्रयोग देश की रक्षा और समाज के विकास में लगाएंगे मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सपा नेता ने कहा कि क्षेत्र के युवा जो जरायम की दुनिया की चकाचैंध से प्रभावित होकर अपराध का दूसरा नाम बन रहे थे उन हाथों से हथियार छुड़ाकर देश सेना में भेजने का परिवर्तन एकेडमी द्वारा किया जा रहा है वह अपने आप में काबिले तारीफ है इस एकेडमी के द्वारा बच्चे आगे चलकर देश सेवा में अपना नाम रोशन करें इसी शुभकामना के साथ मैं सभी बच्चों को बधाई देता हूं इस दौरान प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव भंडारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बबलू भंडारी भोला कनौजिया सहदेव यादव जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव पहलवान नकुल यादव नन्हे यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## वीडियो के ऊपर मनमानी का आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधानों ने जड़ा ताला

**एक हफ्ते के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो होगा वृहद आंदोलन जिलाध्यक्ष**

धनघटा/संतकबीरनगर। विकासखंड हैसर बाजार के 4 दर्जन ग्राम प्रधान मंगलवार को विकासखंड मुख्यालय पर जमकर हंगामा काटा और मुख्य गेट को बंद कर खंड विकास अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की आक्रोशित ग्राम प्रधानों का कहना था कि खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह सत्ता के जनप्रतिनिधि के इशारे पर मनमानी कर रहे हैं और ग्राम पंचायतों के भुगतान में ठेकेदारी को बढ़ावा दे रहे हैं प्रधानों ने कहा कि अगर 1 सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं हुआ तो वृहद आंदोलन किया जाएगा मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड हैं सर बाजार के ग्राम पंचायत में मनरेगा के भुगतान के लिए ग्राम प्रधानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था 2 दिन पूर्व शासन द्वारा बनाया था जिस पर आरोप है कि खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने कुछ ठेकेदारों को बुलाकर पेमेंट करा दिया और ग्राम प्रधान काम कराने के बाद भी भुगतान नहीं करा पाए

## क्षारोपण अभियान के तहत वृहद रूप में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

पहल टुडे

दुधारा/संतकबीरनगर। मंगलवार को क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान के तहत वृहद रूप में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा स्थित ए.एच.एग्री. इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां ने कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है। वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है।वास्तव में जीवित रहना चाहते हैं और अच्छे जीवनयापन करना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जितने हरे-भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा और अधिक विषैली गैसों को यह अवशोषित करेंगे। प्रदूषण का स्तर इन दिनों बहुत अधिक बढ़ रहा है। इससे लड़ने का एकमात्र तरीका अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। उदाहरण के लिए पेड़ों से घिरे क्षेत्र, गांव और जंगल शुद्ध पर्यावरण को बढ़ावा देते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कम प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्र हैं। दूसरी ओर शहरी आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में खराब प्रदूषण और कम पेड़ों की संख्या के कारण खराब गुणवत्ता की वायु है। इस दौरान संजय कुमार द्विवेदी, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, मुहम्मद शाहिद, कमरे आलम सिद्दीकी, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, सबीह अहमद, रफी अहमद अंसारी, एजाज अहमद, नसीम अहमद, जुनैद अहमद, असादुल्लाह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसी क्रम में दुधारा थाना परिसर में थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्ष लगाए।इस दौरान उपनिरीक्षक देवेन्द्र यादव, अनुज राय, वीरेंद्र कुमार, पुनीत कुमार सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## वृक्षों का स्थान प्रकृति के उपहारों में से सर्वोपरि, वृक्ष हमें देते है प्राणवायु - राधेश्याम दीक्षित

पहल टुडे (अनिल तोमर)



बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी डेयरी आनंदा ने इस बार वन महोत्सव को गॉव से शहर तक संकल्पित होकर एक साथ इस वन महोत्सव के पर्व को त्योहार के रूप में मनाया। इस अवसर पर कम्पनी ने अपने कार्यरत क्षेत्र में वृक्ष रोपण करके उसमें रक्षा सूत्र बाँधा। आनंदा डेयरी के चेयरमैन राधेश्याम दीक्षित ने अपने समस्त कर्मचारियों को दो-दो पौधे अपने घर में लगाने को कहा। साथ में यह भी कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ पालना भी चाहिए। वृक्षों की रक्षा वास्तव में जीवन रक्षा के समान है। वृक्ष हमें प्राण वायु देते हैं तथा हमारे जीवन के आधार हैं। पर्यावरण को हराभरा बनाने में सबकी सहभागिता आवश्यक है। आज की सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण की समस्या है। यदि हमें प्रदूषण से होने वाले नुकसान से हमें अपने आपको बचाना है, तो अधिक से अधिक संख्या में पौधो का रोपण, उनका संवर्धन एवं सुरक्षा के कार्य करने होंगे। यह अत्यंत खुशी का विषय है कि वृक्षों को रक्षासूत्र बांधा जा रहा है। वास्तव में वृक्ष रक्षाबंधन का उद्देश्य है कि हम वृक्षों की रक्षा पूरी निष्ठा के साथ करेंगे तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संवर्धन करेंगे। हम सब संकल्प लें कि इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे का रोपण अवश्य करें। नीम, सागोन, कदम शीशम, नींबू, अमरूद आदि का वृक्षा रोपण किया। निसंदेह प्रकृति के अनमोल उपहारों में से ये हरे भरे तथा सुखद छाया और शीतलता प्रदान करने वाले वृक्ष किसके मन में आस्था के अंकुर उत्पन्न नहीं कर देते। अतः प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, जिनमे वृक्षों का स्थान प्रकृति के उपहारों में से सर्वोपरि है। वृक्ष मानव के चिरंतर साथी हैं, कभी वो वृक्षों की छाया में बैठकर अपनी थकान मिटाता है, तो कभी इनके मधुर फल खाकर अपनी भूख शांत करता है। तभी तो वृक्षों को मनुष्य का आश्रयदाता माना जाता है। इस धरती पर प्राकृतिक शोभा को बढ़ने वाले ये वृक्ष ही हैं, धरती की गोद में यदि ये हरे भरे वृक्ष न होते तो यह सारी पृथ्वी मरघट के सामान डरावनी और भयानक सी प्रतीत होती। कम्पनी के डायरेक्टर राहुल दीक्षित ने इस मिशन को गॉव गॉव तक अपनी टीम के माध्यम से किसानों को पौधे वितरण कर हजारों की संख्या में वृक्षरोपण कर वृक्षाबन्धन उत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन दाता, वृक्ष प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं।

## क्षेत्रीय किसान सभा सीपीआईएम के कार्यकताओं ने अधिशासी अभियन्ता को सौपा ज्ञापन

बुलन्दशहर। शिकारपुर नगर के बिजली घर पर क्षेत्रीय किसान सभा सीपीआईएम के कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियन्ता कार्यालय पहुंच कर किसानों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अभियन्ता को सौंपा ज्ञापन में मांग की गई कि किसानों के ट्यूबैले पर मीटर लगाने बन्द किये जायें तथा जो लग चुके हैं उन्हें तुरन्त उत्तर वाया जाये चुनावी घोषणापत्र वायदा के अनुसार माननीय योगी जी सरकार किसानों को कृषि के लिए निशुल्क मुफ्त बिजली उपलब्ध कराये घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली उपलब्ध कराये दो पशुओं से अधिक पशुपालने वालों को कामर्शियल कनैक्शन देने का षड्यन्त्र बन्द किया जाये उपभोक्ताओं की सभी स्थानीय निजी समस्याओं को निस्तारित करते हुए समाधान किया

## परिवार नियोजन में पुरुष भी निभाएं जिम्मेदारी - सीएमओ

**न करें संकोच, निशुल्क उपलब्ध हैं स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम**

पहल टुडे (अनिल तोमर)



बुलंदशहर। मेडिकल स्टोर से लोगों के सामने कंडोम खरीदने में जिन लोगों को संकोच या हिचकिचाहट होती थी उनके लिए राहत की बात है। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है। यहां से 24 घंटे कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। इस व्यवस्था से जहां एक ओर लोगों को शर्म और संकोच का सामना नहीं करना पड़ेगा वहीं उनकी जेब भी ढीली नहीं होगी और महिलाओं को अनचाहे गर्भ से छुटकारा भी मिलेगा। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लकड़ी से बने बॉक्स में कंडोम के पैकेट भरकर ऐसी जगह लगाये गए हैं, जहां सभी की पहुँच भी हो और उनकी गोपनीयता भी बनी रहे। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और यहां से कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। कंडोम बॉक्स खाली होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुनः इसे भर देते हैं और यह चक्र चलता रहता है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अनिल कुमार ने बताया- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहासू में कंडोम बॉक्स को अस्पताल के मुख्य गेट के बगल में लगाया गया है, जिससे यह आसानी से लोगों की पहुँच में हो। उन्होंने बताया शुरूआत में लोगों को कम जानकारी थी लेकिन अब इसमें हर तीसरे दिन कंडोम के पैकेट भरने पड़ते हैं। उन्होंने बताया-ब्लॉक के सभी प्रसव केन्द्रों पर कंडोम बॉक्स उपलब्ध हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह का कहना है गर्भावस्था को रोकने के साथ ही संक्रमण को रोकना और यौन व प्रजनन स्वच्छता में सुधार करना पुरुष की भी जिम्मेदारी है। इसके लिए परिवार नियोजन का एक मात्र अस्थायी साधन ह्लकंडोमह्व अधिकतर लोगों के लिए उपयुक्त है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। इसकी उपलब्धता आमजन तक आसान हो, इसके लिए जनपद के 407 स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है। शेष स्वास्थ्य केन्द्रों पर इसकी स्थापना के निर्देश दे दिये गए हैं।

## पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पहल टुडे / मोहम्मद कलीम खान



सुल्तानपुर ब्यूरो। पत्रकार एकता संघ ने फायर ब्रिगेड स्टेशन पर वृहद वृक्षारोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया। सुल्तानपुर के पत्रकार एकता संघ के मंडल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई के नेतृत्व में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम फायर ब्रिगेड स्टेशन खुर्शीद क्लब के सामने रखा गया जिसमें जिला उद्योग केंद्र के जीएम अनूप कुमार श्रीवास्तव मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा व एडिशनल कमिश्नर नाजिर साहब की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अलीमुद्दीन बचन्नू भाई ने अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि पत्रकार समाज का एक सजग व्यक्ति होता है जो समाज को सजोने के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों को संजोने के लिए आगे आता है। जिस के क्रम में जनपद सुल्तानपुर के पत्रकारों ने वृक्षारोपण कर मिसाल पैदा की है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा ने पत्रकार एकता संघ के इस कार्यक्रम को प्राकृतिक संरक्षण की ओर संरक्षित करने पर सराहना की, वहीं जिला उद्योग केंद्र के जीएम अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समाज का चौथा स्तंभ अगर पर्यावरण संरक्षण की तरफ आया है तो निश्चित ही इस समाज को एक बेहतर दिशा मिलेगी। एडिशनल कमिश्नर नाजिर साहब ने वृक्षारोपण पर बताया कि जनपद सुल्तानपुर वास्तव में एक अनोखी मिसाल पैदा करने में अग्रणी रहता है। इस मौके पर प्रविंद भालोठिया जी, चरणजीत सिंह पत्रकार एकता संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शफीक अहमद मण्डल महामंत्री, राशिद अली मण्डल उपाध्यक्ष, सफात अहमद जिला सचिव, मो. जमील जिला सचिव, एमएच गौरी खान विधिक सलाहकार मो. इस्माइल जिला सचिव, आलोक सागर, जे पी अग्रहरि, सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सभी पदाधिकारियों ने पुष्प-गुच्छ देकर अभिवादन किया

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने नवागत बीएसए का किया स्वागत अभिनन्दन

**जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि संघ ने बीएसए दीपिका चतुर्वेदी का औपचारिक स्वागत करते हुए जनपद में शिक्षा की बेहतरी के लिए जनपद के शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों को भली–भांति निर्वहन करने के लिए आश्वस्त किया।**

पहल टुडे / निकहत दीबा



सुल्तानपुर ब्यूरो। प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग में तमाम अधिकारियों का तबादला हुआ था जिसमे सुल्तानपुर जिले के निवर्तमान बीएसए दीवान सिंह का मथुरा स्थानान्तरण हो गया। सुल्तानपुर में दीपिका चतुर्वेदी ने 4 जुलाई को कार्यभार ग्रहण किया था। नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी का सुल्तानपुर आगमन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत अभिनन्दन किया।

जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि संगठन ने औपचारिक स्वागत करते हुए जनपद में शिक्षा की बेहतरी के लिए अपने हर संभव सहयोग को प्रस्तुत करते हुए जनपद के शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों को भली-भांति निर्वहन करने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही हर विभागीय कार्यों में अपने सहयोग और योगदान के लिए हर समय प्रस्तुत रहने का आश्वासन देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद में छात्र और शिक्षक हितों में सहयोग किए जाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल में जनपदीय मंत्री डॉ एच बी सिंह संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय, कुड़वार अध्यक्ष/जिला प्रवक्ता निजाम खान, कोषाध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा उपाध्यक्ष विनोद यादव, राम बहादुर मिश्रा, प्रतिमा सिंह, डॉ रीतेश सिंह, संगठन मंत्री प्रियंका त्रिपाठी, नरेंद्र पांडेय, बल्दीराय के अध्यक्ष राज बख्श मौर्य, भदैयाँ अध्यक्ष अंजनी शर्मा, दुबेपुर मंत्री हेमंत यादव, भदैया मंत्री राजकुमार यादव, बल्दीराय मंत्री शिवनारायण वर्मा, जयसिंहपुर कोषाध्यक्ष, राम मगन वर्मा भदैयाँ कोषाध्यक्ष संतोष चौरसिया, धीरेन्द्र राव, शैलजा पांडे, शिल्पी गिरी, अनीता चौरसिया, निधि गुप्ता, मैथलीशरण मिश्रा, नरेंद्र वर्मा, राज कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

बल्दीराय-सुल्तानपुर। ब्लाक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने कंपोजित विद्यालय जरई कला, जूनियर हाईस्कूल मेघमऊ व प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर में पौधारोपण किया।प्रमुख ने कहा कि पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

खास समाचार

## ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन आज

कासगंज। जिला सेवायोजन कार्यालय कासगंज द्वारा निजी क्षेत्र में बेरोजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक सेवायोजित कराने हेतु आज 06 जुलाई 2022 को ऑनलाइन रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कम्पनियां 238 रिक्त पदों पर 18 से 40 वर्ष आयु के हाईस्कूल/स्नातक/इण्टर/आई0टी0आई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का फोन/वीडियो काल के माध्यम से ऑनलाइन साक्षात्कार कर चयन करेंगी। उक्त जानकारी देते हुये सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी एस0 मित्तल ने बताया है कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन सेवायोजन डॉट यूपी डॉट एनआईसी डॉट इन [illegible] पोर्टल पर कराकर तथा अपनी शैक्षिक योग्यता/आयु के अनुसार पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनी में ऑनलाइन आवेदन अवश्य कर दें। जिससे अभ्यर्थी का विवरण सम्बन्धित कम्पनी को प्रेषित कर दिया जायेगा। पंजीयन/आवेदन में समस्या होने पर 155330 पर फोन द्वारा अथवा जिला सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

## कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण की बैठक 07 जुलाई को

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में 07 जुलाई 2022 को कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 01 बजे से कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण-आत्मा गवर्निंग बोर्ड एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की बैठक होगी। उक्त जानकारी उपकृषि निदेशक कासगंज द्वारा दी गई है।

## पात्र परिवारों के नि:शुल्क बनवाये जायेंगे आयुष्मान कार्ड

**20 जुलाई तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा**

कासगंज। अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से अच्छादित आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने हेतु 05 जुलाई से 20 जुलाई 2022 तक विषेष अभियान आयुष्मान पखवाड़ा चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त जानकारी देते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवध किशोर प्रसाद ने बताया कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के दिशा निर्देशन में 05 जुलाई से 20 जुलाई 2022 तक जनपद कासगंज में विशेष अभियान आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जायेगा। जिसमें पात्र परिवारों को आशाओं व ए0एन0एम0 के द्वारा जागरूक करते हुए जनसुविधा केन्द्रों तक लाकर अधिकतम पात्र लाभार्थियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाये जायेंगे। आशा द्वारा गांव/वार्ड के चिन्हित लाभार्थी परिवारों को कैम्प स्थल की जानकारी दी जायेगी। लाभार्थी आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु अपना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड व मा0 प्रधानमंत्री जी का पत्र तथा मा0 मुख्यमंत्री जी का पत्र यदि लाभार्थी को प्राप्त हुआ है तो अवश्य साथ लेकर जायें। बिना आधार कार्ड एवं राशन कार्ड के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पायेगा। वंचित लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित आशा को दे दी गयी है। लाभार्थी अपने गांव/वार्ड की आशा से सम्पर्क कर सूची में अपने नाम की जानकारी ले लें। इसके साथ ही 05 लाख रू0 तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिये सभी अन्त्योदय कार्डधारक अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में इआयुष्मान पखवाड़ेह के सम्बन्ध में बैठक आयोजित कर जानकारी दी गई। बैठक में आयुष्मान योजना के डी0पी0सी0 डा0 सरताज अली व डी0जी0एम0 संजय दीक्षित व डी0आई0एस0एम0 रूम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत की चपेट में आकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**पुलिस ने शव को कब्जे लेकर भेजा पोस्टमार्टम**

कासगंज/सिढ़पुरा। कस्बा के मोहल्ला इंद्रपुरी में विद्युत करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। चिकित्सकों द्वारा युवक को मृत घोषित करनेके बाद परिजन विलाप करते हुए मृतक का शव लेकर घर चले गए। घटना का शिकार मोहल्ला इन्द्रपुरी निवासी 30 वर्षीय सत्येन्द्र उर्फ सीटू पुत्र नाथूराम हुआ। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र मानसिक रोग से पीड़ित था। बीती रात लगभग दस बजे मोहल्ला में ही काली मंदिर के निकट ट्रांसफार्मर के पास लगे विद्युत तार करंट उतर आया। तार की चपेट में आते ही करंट ने युवक को अपने आगोश में ले लिया। युवक को देख आसपास के लोगों ने मशक्कत कर उसे करंट से दूर किया और परिजनों को खबर दी। परिजन उसे उपचार को निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## रिश्तेदारी से वापिस आ रहा वृद्ध नही पहुचा अपने घर

**परिजनों ने थाने जाकर पुलिस को दी तहरीर, तलाश शुरू**

कासगंज/पटियाली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताजपुर तिगरा में रिश्तेदार के घर से लौटने की कहकर गया वृद्ध अपने घर नहीं पहुंचा है। फोन पर जानकारी लेने के बाद वृद्ध के पुत्र ने पटियाली थाना पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वृद्ध की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक थाना नवाबगंज जनपद फरुखाबाद के ग्राम नगला बेग निवासी 60 वर्षीय जंग बहादुर पुत्र राम सिंह गत 2 जुलाई को छोटी बेटी पूनम की सास के शोक में शामिल होने ताजपुर तिगरा आए हुए थे। 4 जुलाई की प्रातः करीब साढ़े पांच बजे बेटी के घर से वापस जाने की कहकर चला गया। दोपहर बाद उसके घर नहीं पहुंचने पर वृद्ध के पुत्र ने फोन पर जानकारी ली तो सुबह ही उसके जाने की जानकारी दी गई। वृद्ध जंग बहादुर के पुत्र अमित कुमार ने पटियाली थाना पहुंचकर तहरीर देते हुए पुलिस को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। कोतवाली में दी। एसएसआई मंजूर अली ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत लाभार्थी चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

कासगंज। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत परियोजना निजी भूमि पर तालाब निर्माण एवं प्रथम वर्ष निवेष (मीठा जल) हेतु 4.50 हेक्टेयर, रियरिंग यूनिट निर्माण हेतु 4.40 हेक्टेयर, वायोफ्लॉक पाण्ड निर्माण हेतु 04 यूनिट, 6 टैंक क्षमता मध्याकार री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 01 यूनिट, 100 क्यूबिक मीटर क्षमता लघु री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम/बायोफ्लॉक निर्माण हेतु 20 यूनिट, बैकयार्ड री-सकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम निर्माण हेतु 52 यूनिट, मोटर साइकिल विद आइस वॉक्स क्रय हेतु 26 यूनिट, साइकिल विद आइस वॉक्स क्रय हेतु 24 यूनिट, लाइव फिष बेन्डिगं सेन्टर हेतु 05 यूनिट, कियोस्क निर्माण हेतु 08 यूनिट का लक्ष्य शासन द्वारा आवंटित किया गया है। जिस हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य गिरीश चन्द्र ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जो लाभार्थी अंष लगाने में सक्षम एवं सहमत हों, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल ीजजचरूध्धिफ्मीमतपमेण्नचेकबण्हवअण्पद पर ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2022 तक कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि सम्बन्धित अभिलेख, 100/- के स्टाम्प पर नोटरी षपथ पत्र, समृध्दि फार्म, जाति प्रमाण पत्र, हस्ताक्षर, ड्राइविंग लाइसेन्स आदि नियमानुसार अपलोड करना होगा। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित लक्ष्य की सीमा तक किया जायेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिषत तथा सामान्य एवं अन्य पिछडी जातियों को 40 प्रतिषत अनुदान देय है। अनुदान के अतिरिक्त षेष धनराषि लाभार्थी अंष है जिसे लाभार्थी द्वारा स्वयं के संसाधन अथवा बैंक ऋण के माध्यम से व्यय किया जायेगा। सभी परियोजनाओं में अनुदान अैंक इन्डेड है। परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी विकास भवन, कासगंज स्थित मत्स्य विभाग के कार्यालय क0नं0-52 एवं विभागीय बेवसाइड से प्राप्त की जा सकती है।

# धरा को हरा-भरा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी: जेपीएस राठौर

- राज्यमंत्री ने किया पौधारोपण अभियान का शुभारंभ
- जिले में लगाये जायेंगे 5288580 पौधे

पहल टुडे



बांदा। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वाकांक्षी पर्यावरण एवं हरीतिमा संरक्षण में वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत प्राण वायु उत्पन्न करने वाले पौधों का रोपण आज वन प्रभाग बांदा द्वारा 01 जुलाई 2022 से दिनांक 07 जुलाई 2022 तक वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका जनपद स्तर पर ग्राम पंचायत मटौंध ग्रामीण परमपुरवा के पास विकास खण्ड बडोखर खुर्द की 22 हे0 की मरौली झील पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता जेपीएस राठौर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग उ0प्र0 शासन रहे।

इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य है, जिसमें जनपद बांदा में 5288580 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें वन विभाग द्वारा 1339140 तथा अन्य विभागों द्वारा 3949440 है, जिसमें शासन के निर्देशानुसार आज 05 जुलाई को जनपद में 3851966 पौधों का रोपण बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। 06 जुलाई 2022 को 378000 तथा 15 अगस्त 2022 को 756000 पौधों का रोपण कर धरती को हरे श्रृंगार के रूप में सजाया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा द्वारा जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में एक-एक बाल वन युवा वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा की विधान सभा तिन्दवारी के ग्राम सिंहपुर में श्री रमेश पटेल की निजी भूमि पर 200 पौधों का रोपण कर शक्ति वन की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही वहीं पर 300 पौधों का रोपण कर फलोद्यान वन की स्थापना की जायेगी तथा जनपद बांदा में पर्यावरण विभाग द्वारा 04 स्थलों पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोण कराया जायेगा।

मतदान-2022 सम्बन्धित एक संकल्प नामक पुस्तिका का विमोचन मंत्री सहित मंचासीन अधिकारियों के द्वारा किया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता उ0प्र0 सरकार जे0पी0एस0 राठौर के द्वारा मरौली झील अमृत सरोवर के भीठों पर पारिजात का पौधा लगाकर हरियाली का सन्देश दिया। अपर मुख्य सचिव (राजस्व) उ0प्र0 शासन सुधीर गर्ग (आई0ए0एस0) के द्वारा भी पारिजात के वृक्ष का रोपण किया गया। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी के द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया तथा जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा फलदार आम के पौधे का रोपण किया गया एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्या द्वारा पीपल के पौधे का रोपण तथा जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह द्वारा चकेसिया के पौधे तथा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता द्वारा कचनार के पौधे का रोपण किया गया

# भारत के संविधान एवं संविधान रचयिता पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

पहल टुडे



एटा। भारत के संविधान एवं संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में भीम आर्मी के एटा जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह आजाद ने एटा एसएसपी को एक प्रार्थना पत्र देकर अभद्र टिप्पणी करने वाले जनपद एटा के थाना जैथरा व कस्बा निवासी मनोज ब्लास्टर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है इस संबंध में जिला अध्यक्ष मनोहर सिंह आजाद ने पहल टुडे समाचार पत्र को बताया कि भारत के संविधान और संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब पर अभद्र टिप्पणी करके उपरोक्त नामजद व्यक्ति ने न सिर्फ भारत के संविधान का अपमान किया है बल्कि संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर के बारे में अभद्र टिप्पणी की है उन्होंने कहा बुध हीनता की सीमा पार करने वाले मनोज ब्लास्टर ने संविधान और संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रति आस्था रखने वाले लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करके सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया है ऐसे उत्पाती समाज विरोधी लोगों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए इस दौरान उनके साथ तमाम भीम आर्मी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाल्मीकि संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी घोषित

पहल टुडे

हाथरस। नगला बेलनशाह स्थित बाल्मीकि बगीची पर सामाजिक संगठन बाल्मीकि संयुक्त मोर्चा के संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया लाल व लाला बाबू फौजी व संचालन बॉबी चैहान द्वारा किया गया। सर्वसमिति से बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा चैधरी रनवीर सिंह को अध्यक्ष चुना गया और फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

संगठन के विस्तार में अध्यक्ष रनवीर सिंह ने सभासद अजय राज व सभासद पति प्रेमबिहारी चटर्जी को सलाहकार, बबलू हसमुख, राजू पाथरे व दिलीप डब्बू को महामंत्री, अर्जुन बाल्मीकि, बद्रीलाल चैहान, सुनील शास्त्री व बॉबी चैहान को उपाध्यक्ष, अरुण निर्मल को कोषाध्यक्ष, राजकुमार राजू व रत्नेश चटर्जी को संगठन मंत्री के अलावा राहुल कुमार को नगर अध्यक्ष घोषित किया गया है। वहीं संरक्षक के रूप में बृजलाल, राजन उर्फ मस्ता पहलवान, राजू, निर्भय, हृदेश चैटाला, प्रदीप चैहान, हीरालाल हितैषी, सुरेश बौहरे, सुभाष बौहरे, सरदार ज्ञान सिंह, विनोद बेनवाल आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अध्यक्ष द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनीत पत्र सौंपे व शपथ दिलाई गईं। इस मौके पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ नगर अध्यक्ष अनिकेत बाल्मीकि द्वारा सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। समाज को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष रनवीर सिंह ने कहा कि सामाजिक संगठन व्यक्ति के विकास के साथ साथ समाज एवं देश की उन्नति की धुरी के सूत्रधार हैं। यहीं से व्यक्ति संगठन एवं भाईचारे के सूत्र सीखता है, जो आगे चलकर व्यक्ति एवं समाज के विकास में सहायक होते हैं। समाज के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक विकास से ही सही मायने में देश का विकास संभव है। इस कारण से भारतीय परिवेश में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष के प्रथम बार आगमन पर जोशीला स्वागत

हाथरस। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी के एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर प्रथम बार हाथरस आगमन पर अखिल भारतीय अब्बासी विकास एवं कल्याणकारी संघ यूथ विंग प्रदेश उपाध्यक्ष सोहेब अब्बासी ने कहा कि मुस्लिम समाज भाजपा के साथ है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला सह संयोजक अजय रावत की अध्यक्षता में प्रथम बार हाथरस आगमन पर ढोल नगाड़े बजाकर फूल माला, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य जोशीला स्वागत किया। रावत ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के 1 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा सरकार की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया और और कहा कि सिर्फ भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसमें सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ पार्टी योगी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शुरू हुआ अभियान

- 20 जुलाई तक चलेगा विशेष आयुष्मान पखवाड़ा
- नि: शुल्क बनेंगे लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड
- प्रेसवार्ता के दौरान सीएमओ ने दी जानकारी

पहल टुडे

बांदा। छूटे हुए लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान भारत पखवाड़े मंगलवार यानी 5 जुलाई से शुरू हो गया है। यह पखवाड़ा 20 जुलाई तक चलेगा। पखवाड़े के दौरान जिले के सभी विकासखंड में आयुष्मान भारत पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शेष बचे हुए कुल 123877 लाभार्थी परिवारों के आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही शेष बचे हुए 8911 अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है।

मीडिया से बातचीत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के शासनादेश के क्रम में यह पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए सभी विकास खंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने अपने विकासखंड में अधिक संख्या में लाभार्थियों को प्रचार प्रसार कर आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। जनपद में सभी आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए जाएंगे। चिन्हित सभी लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड सभी कॉमन सर्विस सेंटर एवं पंजीकृत अस्पतालों में बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर 2018 के दिन योजना की शुरूआत में कुल 131879 परिवारों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। बाद में 1 मार्च 2019 से 6702 परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में भी जोड़ा गया। 23 सितंबर 2021 को जनपद के समस्त 47664 अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में जोड़ दिया गया। लाभार्थी नजदीक के पंजीकृत चिकित्सालय में के अलावा किसी भी जनसेवा केंद्र पर अपना और अपने परिवार के किसी भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनवा सकते हैं। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि 1.94 लाख लाभार्थी परिवारों तक आयुष्मान कार्ड पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 1.77 लाख कार्ड बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि योजना से अब तक 7351 लाभार्थियों को इलाज मुहैया कराया गया है।

## जगह-जगह वृक्षारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प

अतर्रा/बांदा। मंगलवार को वृक्षारोपण के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा उप जिलाधिकारी विकास यादव, तहसीलदार विजय प्रताप सिंह ने तहसील में सैकड़ों वृक्षों को रोपित कर उनके सुरक्षा का संकल्प कर्मचारियों को दिलाया उप जिलाधिकारी श्री यादव ने वृक्षों को धारा का आभूषण बताते हुए उनके महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया इसी प्रकार थाना परिसर कोतवाल अनूप कुमार दुबे ने आधा सैकड़ा पेड़ों को रोपित कर उनके सेवा का सिपाहियों को संकल्प दिलाया इस दौरान सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार मिश्रा कस्बा इंचार्ज संतोष सरोज, सुधीर चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने के लक्ष्य के साथ पौधरोपण कर कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

पहल टुडे



उरई/जालौन। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री लोक लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश श्री बृजेश सिंह व माननीय राज्य मंत्री सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्री भानु प्रताप वर्मा ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए तथा माननीय मुख्यमंत्री के दिशा निदेशों में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने 2017 में संकल्प लिया था कि उत्तर प्रदेश में जितना वन क्षेत्र है वह पर्याप्त नहीं है इसलिए अभियान को एक आंदोलन के रूप में चलाया गया और इसके परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। उन्होंने पेड़ों की महत्ता मनुष्य के जीवन चक्र में बताते हुए कहा कि भोजन और पानी के बाद ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए यही एक साधन है। उन्होंने कहा कि ओजोन परत को सुरक्षित रखने में भी इसकी महत्ता है। उन्होंने कहा कि सभी यह संकल्प लेकर वह पौधा रोपित करेंगे और उस को जीवित रखने के लिए अपने बच्चों की तरह ही उसकी देखभाल करेंगे।

## सौतन पर हमले के बीच में आई बेटी को लगा चाकू, दर्ज हुई एफआईआर

पहल टुडे

कोंच/जालौन। कस्बे के गिरवर इलाके में घर की महिलाओं की लड़ाई के दौरान बीच बचाव में एक युवती की पीठ में चाकू घुस गया जिससे वह घायल हो गई। यह झगड़ा एक व्यक्ति की तथाकथित दो पत्नियों के बीच हुआ जिसमें एक पत्नी ने जब सौतन पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला किया तो उसे बचाने के चक्कर में चाकू बेटी की पीठ में जा धंसा। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना को लेकर प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिकंदरा जनपद कानपुर देहात निवासी भूरा उर्फ लहीद की शादी शरीना से हुई थी जिससे सोनम सहित दो बेटियां और हुई थी। शादी के कुछ वर्ष बाद शरीना पति को छोड़कर चली गई थी। जिसके बाद भूरा ने सीमा से दूसरी शादी कर ली थी लेकिन सीमा ने भूरा के साथ मिलकर बच्चे पैदा नहीं किए, बल्कि उसने भूरा की पहली पत्नी शरीना से पैदा हुई सोनम सहित तीनों बेटियों की परवरिश की। बताया जा रहा है कि करीब 6 माह पूर्व से भूरा गिरवर नगर कोंच निवासी नाहिदा को पत्नी बनाकर उसके साथ रह रहा था और कुछ दिन पहले किसी तरह सोनम को कोंच लेकर आ गया। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे सीमा अचानक नाहिदा के घर जा पहुंची और फिर दोनों के बीच गाली गलौज के साथ ही मारपीट होने लगी। बताया गया है कि इसी दरम्यान सीमा ने वहां पड़े सब्जी काटने वाले चाकू से नाहिदा पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद बेटी सोनम बीच बचाव में आई तो चाकू उसकी पीठ में जा धंसा जिससे वह घायल हो गई।

## खाताधारकों ने आर्यावर्त बैंक के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप

जालौन। आर्यावर्त बैंक में कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों सौंपते अभद्र व्यवहार कर बैंक से धनराशि निकाले जाने से मना कर परेशान किये जाने से ग्राहकों में बैंक कर्मियों के खिलाफ गहरा रोष पनप रहा है। तो वही कुछ ग्राहको ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से भी की।

आर्यावर्त बैंक में तैनात कर्मचारियों का ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार न किये जाने की शिकायतें लगातार मिल रही है। नगर के समाजसेवी अशफाक राइन तथा बैंक के ग्राहक मिथलेश, करन सिंह, सुरेश, मिथला आदि ने उपजिलाधिकारी राजेश सिंह से शिकायत करते हुए बताया कि बैंक में लिपिक पद पर तैनात अंशू का ग्राहकों के साथ बोलचाल अच्छा नहीं रहता। वह अपने पद का गलत उपयोग कर ग्राहकों को बेवजह परेशान करती हे।

**सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाओ वृक्षारोपण लगाओ -कारागार मंत्री, सुरेश राही**

# कारागार मंत्री द्वारा कलैक्ट्रेट परिसर से जनपद में वृक्षारोपण जन आन्दोलन कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

पहल टुडे



फिरोजाबाद --पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम का आज पूरे उत्तर प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेशो पर प्रदेश के समस्त जनपदों में शुभारम्भ किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य 5 जुलाई से 15 अगस्त 2022 तक पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधारोपण का रिकार्ड बनाना है। इसी क्रम में आज मंगलवार को जनपद में पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश सरकार के मा0 राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही जी की अध्यक्षता में कलैक्टेज्ट परिसर में आयोजित किया गया। पौधारोपण महा अभियान में मा0 जनप्रतिनिधियों व अधिकारीगणों द्वारा कलैक्ट्रेट परिसर की भूमि पर मियावाकी पद्धति से एक वृहद वाटिका की स्थापना करते हुये लगभग 1600 पौधों का रोपण किया। वाटिका में पश्चिम दिशा में बरगद, पूरब दिशा में पीपल, दक्षिण दिशा में आंवला, उत्तर की दिशा में बेल और अग्निकोण पर अशोक का पौधा क्षेत्रीय सांसद डा0 चंद्रसैन जादौन, विधायक सदर मनीष असीजा, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, जिलाध्यक्ष वृन्दावन लाल गुप्ता, जिलाधिकारी रवि रंजन व मुख्य विकास अधिकारी चर्चित गौड द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन भगवानदास शंखवार ने किया गया।

पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही जी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज प्रदेश भर में यह पौधारोपण जन आंदोलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो आगामी 40 दिन यथा-15 अगस्त 2022 तक चलेगा, जिसमें पूरे प्रदेश में एक मिशन के तहत 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य को हासिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में केवल आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर ही जोर नही दिया जा रहा है, बल्कि चहुमुखी विकास कराया जा रहा है, जिसमें पर्यावरण का विकास भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान सभी लोगों को आक्सीजन का महत्व पूर्ण रूप से ज्ञात हो गया है। कैसे कोरोना पीड़ित व्यक्तियों को आक्सीजन के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा था और मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आक्सीजन प्लांट की स्थापना कराकर आक्सीजन की समस्या को दूर करने का काम किया गया था। भविष्य में ऐसी प्राण वायु की कोई समस्या न आये इसके लिए हम सभी को संकल्प करना होगा कि अपने जीवन काल में पौधो को केवल लगाये ही नही बल्कि उनका संचयन कर एक वृक्ष में भी परिवर्तित करें।

# अब की बार किसानों का रुझान सोयाबीन की तरफ, लाइन लगाकर खरीद रहे हैं बीज

**सहकारी बीज भंडार पर बीज का टोटा, खरीदने को लाइन लगी है किसानों की**

पहल टुडे

कोंच/जालौन। इस बार किसानों का रुझान सोयाबीन की तरफ ज्यादा है और सहकारी बीज भंडार पर किसान लाइन लगाकर सोयाबीन का बीज खरीद रहे हैं। ऐसे में इस साल की खरीफ में सोयाबीन की ज्यादा हिस्सेदारी का अनुमान लगाया जाना लाजमी है।

वैसे तो इस तहसील क्षेत्र में एक ही रवी की फसल लेने और साल भर बैठ कर खाने का पुराना चलन है, लेकिन जब से खेती किसानी में पढ़ी लिखी नई पीढ़ी ने रुचि लेनी शुरू की है तब से कई फसलें उगाने का चलन यहां भी बढा है। खरीफ में उर्द, मूंग, ज्वार, बाजरा और तिल जैसी परंपरागत जिंसों की खेती तो होती रही है लेकिन कोंच तहसील लंबे समय तक करीब अस्सी-नब्बे के दशकों में सोयाबीन का बड़ा हब रही है। उस दौरान कोंच मंडी में रोजाना कई हजार कुंतल की आवक होती रही है, लेकिन बाद में जबसे यहां मैंथा की खेती ने दस्तक दी है तब से किसान सोयाबीन को एक तरह से भूल सा गया है। हालांकि अबकी दफा करीब बीस साल बाद किसानों का रुझान एक बार फिर सोयाबीन की तरफ दिखाई दे रहा है जिसके चलते सोयाबीन के बीज की मांग में जबर्दस्त इजाफा हुआ है, किंतु मांग के सापेक्ष उपलब्धता कम होने की वजह से उसे बीज की तलाश में यहां वहां भटकते देखा जा रहा है। वहीं सहकारी बीज भंडार के प्रभारी गोविंद नारायण निरंजन मानते हैं कि इस साल बीज की मांग बढ़ी है लेकिन उपलब्धता कम है लिहाजा उन्होंने और डिमांड भेजी है। उन्होंने बताया कि बीस साल बाद सोयाबीन के बीज की इतनी ज्यादा मांग बढ़ीं है कि बीज कम पड़ गया। केवल 12 कुंतल बीज आया था जिसे मात्र सात किसान ही खरीद ले गए।